देशबन्धु

जबलपुर, शनिवार 14 जून 2025 । वर्ष –69 । अंक –209 पृष्ठ –12 । मूल्य – 3.00 रु.

■ अब अजीविका और नौकरियां...
■ पोषण और स्वास्थ्य से जूझ... 04
■ इजरायल के हमले में हाथ नहीं, पर उसको..
■ कहानी हम खत्म करेंगे इजरायल... 09
■ मध्य पूर्व में बढ़ते तनाव से कच्चे तेल की कीमतों...
■ आम आदमी की पहुंच से दूर हुआ सोना 11
■ मार्करम ने रनचेज...
■ बावुमा का कैच लेने... 10

### ईरान पर इजरायल का बड़ा हमला

# परमाणु ठिकाने तबाह, 20 से ज्यादा कमांडर ढेर



**तेलअवीब, ईरना/नई दिल्ली, एजेंसियां।** दुनिया पर एक बार फिर परमाणु विस्फोट का खतरा मंडरा रहा है। इजरायल ने तगड़े हमले में ईरान के कई परमाणु ठिकाने, शोध संस्थान और एयरबेस तबाह कर दिए हैं। रिहायशी इलाकों में भी भारी तबाही देखी गई। जवाबी हमलों में ईरान ने 100 ड्रोन से इजरायल पर हमला किया है। इस बीच परमाणु हमले की भी धमकी दी जा रही है।



- ईरान के परमाणु कार्यक्रम को लगा झटका
- इजराइल की एयर स्ट्राइक में ईरान के चार एटमी ठिकाने तबाह
- सेना प्रमुख, स्पेशल फोर्स चीफ और दो परमाणु वैज्ञानिकों की मौत
- हमले में दो सैन्य अड्डे भी हुए बर्बाद

इजराइल ने शुक्रवार सुबह ईरान के 4 एटमी और 2 सैन्य ठिकानों पर 200 फाइटर जेट से मिसाइलें दागीं। हमले में ईरान के सेना प्रमुख, स्पेशल फोर्स के चीफ, 2 बड़े परमाणु वैज्ञानिक समेत 5 बड़े अफसर मारे गए। हमले में 20 बड़े सैन्य अफसरों कमांडरों के मारे जाने की खबर भी है। हमले के बाद इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतान्याहू ने कहा कि- ईरान परमाणु बम तैयार करने वाला था, इसलिए उस पर हमला किया गया। इजराइली सेना का दावा है कि ईरान के पास 15 परमाणु बम बनाने लायक यूरेनियम है।

इजराइल ने इसीलिए टारगेट भी 4 बड़े न्यूक्लियर प्लांट्स को किया। वहीं हथियार बनाने की क्षमता रखने वाली एक फैक्ट्री और बड़े मिलिट्री अफसरों के रेसिडेंशियल कॉम्प्लेक्स को भी तबाह कर दिया। इस्राइली वायुसेना के लड़ाकू विमानों >>शेष पृष्ठ 2 पर

### भारतीय नागरिकों को सतर्कता बरतने की सलाह

ईरान पर इजराइल के हवाई हमले के बाद भारत ने दोनों देशों में रह रहे भारतीय नागरिकों को सतर्कता बरतने और स्थानीय सुरक्षा प्रोटोकॉल का पालन करने की सलाह दी है। तेहरान स्थित भारतीय दूतावास ने जारी परामर्श में कहा कि ईरान की वर्तमान स्थिति को देखते हुए ईरान में सभी भारतीय नागरिकों और भारतीय मूल के व्यक्तियों से अनुरोध किया जाता है कि वे सतर्क रहें, सभी अनावश्यक गतिविधियों से बचें, दूतावास के सोशल मीडिया एकाउंट में दी जाने वाली सलाह का पालन करें और स्थानीय अधिकारियों की सलाह के अनुसार सुरक्षा प्रोटोकॉल का पालन करें।

### ईरान ने परमाणु डील नहीं की, इसलिए हमला : ट्रंप

इजराइल-ईरान तनाव के बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रप ने ईरान को चेतावनी दी है। ट्रंप ने कहा कि ईरान परमाणु समझौता कर ले वरना और बड़ा हमला झेलना होगा। ट्रंप ने कहा कि ईरान ने परमाणु डील नहीं की इसलिए उस पर हमला हुआ। उन्होंने कहा कि सबकुछ खत्म होने से पहले ईरान को यह डील कर लेनी चाहिए। इजराइल ने सुबह 200 फाइटर जेट्स से 6 ठिकानों पर हमला किया था। इसमें कई परमाणु ठिकाने और मिलिट्री साइट्स को निशाना बनाया गया। इसके बाद ईरान ने दोपहर में इजराइल पर जवाबी हमला किया और 100 से ज्यादा ड्रोन दागे। इजराइली सेना ने दावा किया है कि उन्होंने सभी ड्रोन मार गिराए। अभी तक एक भी ड्रोन इजराइल की सीमा में नहीं पहुंचा। ट्रंप ने कहा कि ईरान को बहुत जोरदार झटका मिला है लेकिन अभी और भी बहुत कुछ होना बाकी है।





### अहमदाबाद विमान हादसा : मृतकों के परिजनों से लिए जा रहे डीएनए सेम्पल

# अब आंसुओं का सैलाब

**अहमदाबाद, नई दिल्ली, एजेंसियां।** अहमदाबाद बोईंग विमान हादसे में जान गंवाने वालों की संख्या 270 पर पहुंच गई है। यह आंकड़ा बढ़ने की आशंका है क्योंकि कई घायलों की हालत नाजुक बताई जा रही है। आग का गोला बनकर गिरे विमान की लपटें तो थम गईं हैं लेकिन अब जिनने अपने प्रियजन परिजन खो दिए हैं उनकी आंखों में आंसुओं का सैलाब है। रोते-कलपते लोग मृत परिजनों के शव लेने की जद्दोजेहद में लगे हैं। परिजनों के डीएनए सेम्पल लिए जा रहे हैं ताकि शवों की पहचान संभव हो सके। इस बीच प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी घटनास्थल पहुंचे और तबाही का जायजा लिया। वे अस्पताल पहुंचकर घायलों से भी मिल और प्रत्यक्षदर्शियों से भी बातचीत की। प्रधानमंत्री ने अहमदाबाद में एक उच्चस्तरीय बैठक भी की।

दूसरी ओर विमान हादसा किन कारणों से हुआ? इसके लिए जांच दल जुट गए हैं। इस अहम कड़ी में विमान का ब्लैक बॉक्स एक इमारत की छत पर जांच दल को मिल गया है। जिससे अब यह पता लगने की उम्मीद जताई जा रही है कि- दुर्घटना से पहले विमान के अन्दर और तकनीकी के कैसे हालात थे।

## इमारत की छत पर मिला विमान का ब्लैक बॉक्स

**अहमदाबाद/नई दिल्ली,(एजेंसियां)।** अहमदाबाद में एअर इंडिया फ्लाइट एआई-171 हादसे के 27 घंटे बाद शुक्रवार को एयरक्राफ्ट एक्सीडेंट इन्वेस्टिगेशन ब्यूरो ने ब्लैक बॉक्स को खोज लिया है। यह हॉस्टल की छत पर मिला। इसके जरिए पता चल सकेगा कि क्रैशा होने के पहले आखिरी पलों में क्या हुआ था।

एअर इंडिया की फ्लाइट में 12 क्रू मेंबर समेत 242 लोग मौजूद थे। इसमें से एक यात्री की जान बच गई। मरने वालों में राजस्थान से 13, एमपी, हरियाणा और बिहार के एक-एक लोग शामिल हैं। उधर, पूर्व सीएम रूपाणी के शव की पहचान भी अब तक नहीं हो पाई है। मृतकों की पहचान के लिए उनके परिजन के डीएनए टेस्ट लिए जा रहे हैं। रेक्स्यू टीम ने 270 लोगों के शव बरामद कर लिए हैं। इनमें से 7 की बॉडी को डीएनए जांच के बाद परिजन को सौंप दी गई है। 241 मृतक विमान में सवार पैसेंजर्स और क्रू मेंबर्स थे। 5 मृतक उस बीजे मेडिकल कॉलेज हॉस्टल के हैं, जहां प्लेन क्रैश हुआ था। हादसे के वक्त हॉस्टल में 50 से ज्यादा लोग मौजूद थे। मंत्रालय ने बताया कि डीएफडीआर को छत से बरामद किया गया है। हादसे की जांच में एनआईए समते 7 एजेंसियां शामिल हैं। गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री रूपाणी के शव की पहचान होते ही राजकोट में अंतिम संस्कार होगा। उनका बेटा शनिवार को अमेरिका से लौटेगा।

### 270 शव बरामद

- हादसे में अब तक 270 लोगों के शव बरामद
- विमान हादसे की जांच में जुटीं एनआईए समते सात एजेंसियां
- पूर्व मुख्यमंत्री रूपाणी के शव की पहचान नहीं, डीएनए जांच जारी

### रिटायर्ड जज से कराई जाए हादसे की जांच : खड़गे

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने हादसे की न्यायिक जांच कराने की मांग की है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार को या तो सुप्रीम कोर्ट के किसी मौजूदा जज या रिटायर्ड जज से जांच करानी चाहिए ताकि पता चल सके कि यह दुर्घटना क्यों हुई और इसका कौन जिम्मेदार है। साथ ही मृतकों के परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की। ( संबंधित खबरें पृष्ठ 2 पर भी )

### मोदी अहमदाबाद पहुंचे, घटनास्थल देखा, अस्पताल पहुंचे



**अहमदाबाद।** शुक्रवार सुबह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अहमदाबाद पहुंचे। उन्होंने विमान हादसे वाली जगह का दौरा करने के बाद सिविल अस्पताल पहुंचे और घायलों से मुलाकात की। प्रधानमंत्री ने हादसे में बचे यात्री विश्वास कुमार से भी बातचीत की है। इस दौरान उनके साथ केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री राम मोहन नायडू, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, और गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल भी मौजूद रहे।

मोदी अहमदाबाद में एक समीक्षा बैठक भी की। घटनास्थल पर मौजूद एक एनडीआरएफ मुताबिक अभी स्थिति सामान्य है। जो लोग बाहर मलबा गिरने के बाद जल गए थे, उन्हें निकाल लिया गया है। अब बाकी की तलाशी इमारत के अंदर की जाएगी। बाहर कोई नहीं बचा है। बाहर तलाशी अभियान कल से ही चल रहा था और सभी को वहां से निकाल लिया गया है।प्रत्यक्षदर्शी सूरज ने बताया कि गुरुवार को दोपहर 1.40 के आसपास धमाका हुआ, तो हम अपने घर से भागे।

### बिरादरी की बात

**चूहा-सुनती हो**-विशेषज्ञ कह रहे हैं -वायुसेवा के क्षेत्र में बहुत खामियां के साथ लापरवाहियां भी बरती जा रही हैं।

**चुहिया- हां प्रिये**- कोई भी व्यवस्था निजी हाथों में जाए तो 'जन' से ज्यादा 'धन' की चिंता हो जाती है।

## मध्यप्रदेश बनेगा भारत-फ्रांस सांस्कृतिक और पर्यटन सहयोग का नया केंद्र : मुख्यमंत्री

**भोपाल, देशबन्धु।** फ्रांस और मध्यप्रदेश के बीच संस्कृति और पर्यटन क्षेत्र में दीर्घकालिक सहयोग को मजबूत करने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के समक्ष मुख्यमंत्री निवास, समत्व में एक महत्वपूर्ण त्रिपक्षीय समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए।

यह मध्यप्रदेश को भारत और फ्रांस के बीच सांस्कृतिक एवं पर्यटन सहयोग का नया केंद्र बनाएगा। इस ऐतिहासिक एमओयू पर भारत में फ्रांस के राजदूत डॉ. थिएरी मथौ, प्रमुख सचिव पर्यटन और संस्कृति शिव शेखर शुक्ला और अलायंस फ्रांसेज़ डी भोपाल के अध्यक्ष श्री अखिलेश वर्मा ने हस्ताक्षर किए। यह



समझौता अगले तीन वर्षों के लिए वैध होगा और आपसी सहमति से आगे बढ़ाया जा सकेगा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि भारत और फ्रांस के साथ सम्बन्ध हमेशा से अच्छे रहे है। प्रधानमंत्री श्री मोदी के फ्रांस दौरे के बाद यह और प्रगाढ़ हुए है। मध्यप्रदेश फ्रांस के साथ सांस्कृतिक संबंधों के साथ व्यापारिक सम्बन्धों के लिए भी तत्पर है। उनकी आगामी माह फ्रांस यात्रा प्रस्तावित है। भारत और फ्रांस के बीच औद्योगिक विकास की दृष्टि से, उद्यमियों को प्रोत्साहित करने और शिल्प कलाओं को प्रोत्साहन देने की दृष्टि से परस्पर सहयोग की संभावनाओं >>शेष पृष्ठ 2 पर

### फ्रांस के साथ एमओयू पर हस्ताक्षर, प्रदेश की संस्कृति को मिलेगा वैश्विक मंच

### सबक : अब हर उड़ान से पहले बोइंग 787 की होगी जांच : डीजीसीए

**नई दिल्ली,( एजेंसियां )।** डीजीसीए ने शुक्रवार को एअर इंडिया के बोइंग 787 ड्रीमलाइनर बेड़े के सुरक्षा जांच के आदेश दिए हैं। यह आदेश 12 जून को अहमदाबाद प्लेन हादसे में 241 लोगों की मौत के एक दिन बाद जारी किया गया है। इसमें कहा गया है कि बोइंग के 787-8 और 787-9 हवाई जहाजों की हर उड़ान से पहले जांच होगी। सभी रिपोर्ट्स डीजीसीए को सौंपी जाएंगी।

डीजीसीए ने एअर इंडिया को जेनएक्स इंजन वाले बोइंग 787-8 और 787-9 विमानों के अतिरिक्त रख रखाव का निर्देश दिया है। यह आदेश 15 जून से लागू हो जाएगा। टाटा ग्रुप की एयर इंडिया के बेड़े में 26 बोइंग 787-8 और 7 बोइंग 787-9 हैं। हर उड़ान से पहले यह सब चेक होगा।




Excellence in Education, Excellence in Life
A.P.N. C.B.S.E.
SENIOR SECONDARY SCHOOL
(C.B.S.E. Affiliated Reg. No. 1031302 )
ADMISSION OPEN FOR SESSION 2025-26
Class Nursery to XII Science I Commerce I Humanities
Special Discount in Admission fee & School fee for the State and National Players for all the Games
राष्ट्र स्तरीय एवं प्रदेश स्तरीय सभी खेलों के खिलाड़ियों के लिये प्रवेश शुल्क एवं मासिक शुल्क में विशेष छूट
Ph.: 0761-2676360, 8349593500, 9826587200

### खामियां | विशेषज्ञ ने गिनाईं हवाई सेवा में व्यवस्था की लापरवाहियां

# डीजीसीए बहुत सी खामियों को नजरअंदाज कर रहा

**अहमदाबाद।** अहमदाबाद में बड़ा प्लेन हादसा हुआ है, ऐसे में एविशन एक्सपर्ट यशवंत शिनॉय ने एक न्यूज चैनल के साथ बात की और कहा कि-ये हादसा होना ही था क्योंकि डीजीसीए बहुत सी खामियों को नजरअंदाज कर रहा है। इसके पीछे उन्होंने कुछ कारण भी बताए।



**1. इन्फ्रास्ट्रक्चर**-एविएशन एक्सपर्ट यशवंत शिनॉय के मुताबिक एयरपोर्ट के पास एक तय दूरी तक एरिया खाली रखा जाता है, लेकिन भारत के ज्यादातर एयरपोर्ट्स पर इस बात का पालन नहीं होता। दिल्ली और मुंबई जैसे एयरपोर्ट तो घनी बसाहट के बीच हैं। सूरत एयरपोर्ट के पास कई बिल्डिंग्स पर कोर्ट में मामला लंबित है फिर भी उनमें लोग रहते हैं। दिल्ली के वसंत कुंज इलाके की कुछ बिल्डिंग्स पर भी इसी तरह के सवाल भी उठे हैं जिनको लेकर कोर्ट तक में मामला गया। नतीजा आप सबके सामने है। कितनी बिल्डिंग को हटाया गया और कितनी को नहीं आप खुद देख सकते हैं।

**2. पायलट्स पर दबाव**-विमानन एक्सपर्ट यशंवत शिनॉय ने बताया पैसेंजर विमानों के पायलट्स पर विमान कंपनियों की तरफ से फ्यूल बचाने का भीषण दबाव होता है। उन्हें टॉबल टॉप रनवे पर भी फ्लैप-4 लैंडिंग (जिस लैंडिंग में ज्यादा फ्यूल लगता है ताकि लैंडिंग सैफ हो सके) उसे ना करने का दवाब रहता है। इसको लेकर मणिपुर और दूसरे टेबल टॉप एयरपोर्ट्स पर फ्लाइट ले जाने वाले पायलट्स पर ये दबाव अब सामान्य बन चुका है।

**3. रन-वे**- देश में एयरपोर्ट पर रनवे की गुणवत्ता पर कोई सवाल नहीं है लेकिन उनके पास इतना कुछ बना है कि उनका इस्तेमाल करने में पायलट्स को मुश्किल होती है। जैसे मुंबई एयरपोर्ट के रनवे नंबर 16 और रनवे नंबर 34 को ब्रिटिश एयरवेज और सिंगापुर एयरलाइन्स के पायलट्स ने ब्लैक लिस्ट कर रखा है। इनके मुताबिक इन रनवे पर टैक ऑफ और लैंडिंग के समय बिल्डिंग्स आने का खतरा रहता है। जबकि इंडियन पायलट्स पर इन रनवे का प्रेशर रहता ही होगा। हाल यह है कि दिल्ली के आईजीआई एयरपोर्ट पर एशिया का सबसे बड़ा रनवे है लेकिन इसका एक बड़ा हिस्सा इस्तेमाल नहीं हो सकता क्योंकि सामने एक स्टैच्यू है।

**4. फ्लाइट का इंजन**- यशवंत बताते हैं कि भारत में पूर्व में कई फ्लाइट्स में ऐसे इंजन का इस्तेमाल किया जाता रहा है, जिन्हें दुनिया की बड़ी एयरलाइन कंपनियों ने बैन किया है। बावजूद इसेक भारत में इन इंजन्स का इस्तेमाल धड़ल्ले से जारी है। भारत में कुछ पैसेंजर विमानों में इन इंजन्स का इस्तेमाल हो रहा है। **5. पार्ट्स एक्सचेंज**- एविशन में पार्ट्स एक्सचेंज करने की मनाही है। जैसे- अगर एक प्लेन का कोई टेक्नीकल >>शेष पृष्ठ 2 पर



डाक पंजीयन क्रमांक एसएसपी जबलपुर/04/2022-2025

# देश-विदेश

## योग पर वैश्विक सम्मेलन आज

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस से पहले राष्ट्रीय राजधानी में शनिवार को 'योग कनेक्ट 2025 एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग' पर एक वैश्विक शिखर सम्मेलन आयोजित किया जाएगा जिसमें दुनिया भर के अग्रणी अंतरराष्ट्रीय योग संस्थानों के एक हजार से अधिक प्रतिनिधि भाग लेंगे। केंद्रीय आयुष मंत्रालय ने शुक्रवार को बताया कि 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की तैयारी के रूप में 14 जून यहां ' योग कनेक्ट 2025 एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग' पर एक वैश्विक शिखर सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। इस शिखर सम्मेलन में भारत और विदेश के योग गुरुओं, नीति निर्माताओं, स्वास्थ्य विशेषज्ञों, उद्योग नेताओं, शोधकर्ताओं और वैश्विक प्रभावशाली व्यक्ति शामिल होंगे।

## एअर इंडिया के विमान की थाईलैंड में इमरजेंसी लैंडिंग

**बैंकॉक।** थाईलैंड के फुकेट इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर एअर इंडिया की फ्लाइट एआई-379 की इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई। यहां प्लेन में बम होने की सूचना मिली थी। विमान में 156 लोग सवार थे। फ्लाइट फुकेट से दिल्ली आ रही थी।

# कोई परिवार के साथ अवकाश पर, तो कोई पहली बार था विमान के सफर में

**अहमदाबाद।** अहमदाबाद से लंदन जारी फ्लाइट हादसे में सिर्फ विमान ही नहीं कई परिवारों के सपने, भविष्य और अरमान भी तबाह हो गए। इस हादसे में जहां 265 लोगों की जान चली गई, वहीं इनसे जुड़ी दूसरी जिंदगियों में एक भूचाल आ गया। किसी ने अपना बेटा खोया, तो किसी ने मां और पिता, तो किसी की बेटी। इस हादसे की वजह से कुछ लोगों का इंतजार कभी खत्म नहीं होगा। क्योंकि जो लौट कर आने वाले थे, वो अब कभी नहीं आएंगे। कई लोग भी इस हादसे का शिकार हुए जो पहली बार अपने सपने को पूरा करने के लिए उस विमान में सवार हुए थे। आइए जानते हैं प्लेन क्रैश में मारे गए उन परिवारों की कहानी, जिनके लिए ये हादसा जिंदगी भर के लिए टीस बन गई।

## शादी के 5 महीने बाद पति के पास पहली बार लंदन जा रही थी खुशबू

अहमदाबाद में क्रेश हुए प्लेन में राजस्थान के बालोतरा नवविवाहित खुशबू भविष्य के सपने संजोए सवार थी। उसकी शादी इसी साल 18 जनवरी को हुई थी। कई अरमान लिए वह अपने पति के पास लंदन जा रही थी। खुशबू के पति विपुल लंदन में डॉक्टर हैं। शादी के दो महीने बाद विपुल लंदन लौट गए थे और अब उनकी पत्नी एक नई जिंदगी शुरू करने वहां जा रही थी। खुशबू को उसके पिता मदन सिंह एयरपोर्ट छोड़ने आए थे। एयरपोर्ट पर उन्होंने बेटी के साथ आखिरी तस्वीर खिंचवाई और व्हाट्स एप पर स्टेटस लगाया - आशीर्वाद खुशबू बेटा गोइंग टू लंदन। वहीं लंदन में खूशबू के आने का पति को बेसब्री से इंतजार था। पिता से विदा लेकर खूशबू न तो विपुल के पास पहुंच पाई और न अब कभी अपने घर लौटेगी।

## खत्म हो गया डॉक्टर का पूरा परिवार

अहमदाबाद में प्लेन क्रेश में राजस्थान के बांसवाड़ा के एक डॉक्टर का पूरा परिवार खत्म हो गया। डॉक्टर प्रतीक जोशी लंदन में सेटल थे। एअर इंडिया की फ्लाइट से अपनी पत्नी दो जुड़वां बेटी और एक बेटे के साथ वो हमेशा के लिए लंदन जा रहे थे। प्रतीक जोशी ने पूरे परिवार के साथ अब लंदन में ही रहने का फैसला किया था। यही वजह है कि सभी काफी खुश थे कि अब पूरा परिवार एक जगह एक साथ रहेगा। प्लेन टेक ऑफ से पहले



इस परिवार ने आखिरी सेल्फी ली थी। सभी के चेहरे पर लंदन जाने की खुशी और नई जिंदगी शुरू करने की चमक साफ दिखाई दे रही थी। अब घटना की जानकारी मिलने के बाद बांसवाड़ा स्थित पैतृक घर पर सन्नाटा पसरा हुआ है।

## केबिन क्रू दीपक पाठक ने आखिरी बार मां को कहा - गुड मॉर्निंग

महाराष्ट्र के बदलापुर के रहने वाले दीपक पाठक एअर इंडिया के स्टाफ थे। गुरुवार दोपहर अहमदाबाद में क्रैश हुए हुए लंदन जाने वाले एअर इंडिया के विमान में वो केबिन क्रू मेंबर के रूप में सवार थे। प्लेन क्रैश में मौत की खबर मिलने के बाद उनके दोस्त और परिजन की भीड़ उनके बदलापुर स्थित घर पर उमड़ पड़ी। दीपक पाठक ने आखिरी बार अपनी मां से बात की थी। उसके आखिरी शब्द थे - गुड मॉर्निंग। उनकी बहन ने बताया कि दुर्घटना की खबर आने के बाद से उन्हें उनकी स्थिति के बारे में कुछ नहीं पता चला है। परिवार के एक सदस्य ने बताया कि दुर्घटना की खबर सार्वजनिक होने के बाद जब उन्होंने संपर्क करने की कोशिश की तो उनका फोन बज उठा, हालांकि किसी ने फोन नहीं उठाया। जब तक यह फोन बजता रहेगा, हम उम्मीद नहीं छोड़ेंगे। दीपक 11 साल से एअर इंडिया में बतौर केबिन क्रू काम कर रहे थे।

## हमेशा के लिए भारत लौटने के सपने संजोए लंदन जा रही थी रंजीता

केरल की 39 साल की नर्स रंजीता गोपाकुमार गुरुवार को अहमदाबाद में हुए दुखद विमान हादसे का शिकार बन गईं। दो बच्चों की मां रंजीता विदेश में कुछ साल रहने के बाद फिर से सरकारी सेवा में शामिल होने की उम्मीद में अपनी नौकरी से जुड़ी औपचारिकताएं पूरी करने के लिए चार दिन पहले ही यूके से भारत लौटी थीं। रंजीता केरल सरकार की स्वास्थ्य सेवा में नर्स के रूप में काम करती थीं, लेकिन अपने दो बच्चों - 15 साल के इंदुचूडन और 12 साल की इथेका के लिए बेहतर जीवन की उम्मीद में सरकारी नौकरी से छुट्टी लेकर विदेश चली गई थीं। पिता के निधन के बाद मां और अपने बच्चों की परवरिश के लिए अब उसने हमेशा के लिए भारत लौट आने की योजना बनाई थी। दुर्घटना के दिन, रंजीता यूके के अस्पताल से अपना रिलीज सर्टिफिकेट लेने वापस लंदन जा रही थी। ताकि केरल में फिर से अपनी सरकारी नौकरी शुरू कर सके।

## यूपी के दंपति की मौत

आगरा के अकोला इलाके के रहने वाले नीरज लवानियां और उनकी पत्नी भी अहमदाबाद से लंदन के लिए जा रहे विमान में सवार थे। नीरज वड़ोदरा की फेदर स्काई विलास कॉलोनी में परिवार संग रहते थे।

## 12 जून को ही निकल गए

सूरत के डॉक्टर हितेश शाह भी अपनी पत्नी अमिता शाह के साथ सवार थे। दोनों लंदन में रहने वाली बहन की बेटी का जन्मदिन मनाने के लिए जा रहे थे। वह 20 जून को लंदन जाने वाले थे। लेकिन फिर इरादा बदल गया और मौत ने घेर लिया।


**आम सूचना**

यह कि मेरी पक्षकार के निर्देशानुसार सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा पक्षकार कुबजारानी पति श्री मुन्नीलाल उर्फ मुरारी लाल पटैल जो हिनौता कला में निवास करते हैं, यह कि मेरी पक्षकार कुबजारानी पति श्री मुन्नीलाल उर्फ मुरारी लाल पटैल ने मौजा हिनौता कला जिसका खसरा क्रमांक 673/6 रकवा 0.08 हेक्टेयर विक्रेता श्रीमति भगवती बाई पिता श्री शेवनाथ कुर्मी पटैल से दिनांक 08/12/2005 को उप-पंजीयक कार्यालय हटा के समक्ष रजिस्टर्ड विक्रय पत्र द्वारा क्रय किया था जिसका पुस्तक कमांक A-1, ग्रंथ कमांक 1807. दस्तावेज कमांक 1385, है। उक्त मूल विक्रय पत्र दिनांक 15/05/2025 रजिस्ट्री कहीं गुम हो गई है। जिसकी सूचना भी दिनांक 06/06/2025 को लिखित रूप में थाना चौकी गैसाबाद तहसील हटा, जिला दमोह में कर दी गयी है। ऐसी स्थिति में सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त वर्णित कुबजारानी पति श्री मुन्नीलाल उर्फ मुरारी लाल पटैल के नाम की संपत्ति के संबंध में विक्रेता या किसी भी वारसान वारिसानों एवं किसी भी व्यक्ति विशेष तथा बैंक शासकीय अशासकीय एवं अर्धशासकीय एवं वित्तीय संस्थान, सोसायटी फर्म किसी भी कार्यालय को कोई भी आपत्ति या कहीं दान, बंधक, गिरवी, विक्रय अनुबंध इत्यादि हो तो वह व्यक्ति, संस्था व अन्य इस सूचना प्रकाशन के 7 दिवस की अवधि के अंदर मेरे कार्यालय में पूर्ण दस्तावेज के साथ लिखित में आपत्ति प्रस्तुत करें समयावधि निकल जाने के पश्चात किसी भी प्रकार का दावा, आपत्ति, स्वत्व मेरी पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगी।

"कृपया सूचित हों"

आशीर्वाद चतुर्वेदी (एडवोकेट)
पता बस स्टेण्ड रोड, भारती गैस एजेंसी के बाजू में, दमोह मो. नं. 9977065535

**निविदा/ नियुक्ति/ जाहिरात**

**नाम सुधार सूचना**

मनकि मै सुरेश कुमार केवट पिता जनपत प्रसाद केवट उम्र 45 वर्ष निवासी ग्राम हरदी थाना इंदवार तहसील मानपुर जिला उमरिया म.प्र. का हू शपथ पूर्वक निम्नांकित कथन करता हू कि:-

1. यह कि मैं शपथकर्ता उपरोक्त पते का स्थाई निवासी हू।
2. यह कि मुझ शपथकर्ता का वास्तविक नाम सुरेश कुमार केवट है जो मेरे सभी लोक दस्तावेज आधार कार्ड, पैनकार्ड, मार्कसीट में अंकित है लेकिन रेल्वे विभाग के सर्विस आवेदन में सुरेश कुमार अंकित है जबकि उक्त आवेदन में जाति का उल्लेख नही है जाति सहित मेरा नाम सुरेश कुमार केवट है।
3. यह कि सुरेश कुमार केवट व सुरेश कुमार एक ही व्यक्ति के नाम है जो मुझे शपथकर्ता का नाम है।
4. यह कि सर्विस बुक में मुझ शपथकर्ता का नाम सुरेश कुमार केवट अंकित किये जाने के संबंध में उक्त शपथ पत्र प्रस्तुत किया जा रहा है।
5. यह कि उक्त शपथ पत्र में किसी भी सारवान तथ्य को नही छुपाया गया है।

दिनांक 12.06.2025

हस्ता./ शपथकर्ता
सुरेश कुमार केवट

**कार्यालय नगरपालिक निगम, कटनी, (म.प्र.)**

क्रमांक/752/लो.नि.वि./निर्माण/2025 — कटनी, दिनांक 09/06/2025

**अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत रू में | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2025_UAD_430072_1 | साधूराम उच्चतर माध्यमिक शाला में बाउण्ड्रीवाल निर्माण एवं अन्य मरम्मत कार्य। | 04 Month/ 1968333/- | 2000/- 14,762/- | 17/06/2025 |

नोट - निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https:/mptenders.gov.in की वेबसाईड पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा ।

कार्यपालन यंत्री,
वास्ते- आयुक्त, नगरपालिक निगम, कटनी

**कार्यालय शासकीय मॉडल स्कूल बैहर जिला बालाघाट (म.प्र.)**

संस्था कोड 781212 मेल-hssmodelbaihar@gmall.com
डाईस कोड 23450917408

क्र/भवन/अधोसरंचना / 2025-26/990 बैहर — दिनांक 10.06.2025

**- संक्षिप्त निविदा सूचना -**

लोशिसं. म.प्र. भोपाल आदेश क्र./ उत्कृष्ट वि./56/यो.9545/2025-26/130 भोपाल दिनांक 09/06/2025 योजना क्रमांक-9545 के अन्तर्गत शासन द्वारा पंजीकृत ठेकेदारों द्वारा निविदा आमंत्रित की जाती है।

विवरण निम्नानुसार है-

| क्र. | निविदा का दिनांक | कार्य का विवरण | कार्य की समयावधि | निविदा की धरोहर राशि | कार्य की स्वीकृत अधिकतम राशि (अनुमानित) | निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तारीख |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 10.06.2025 | शासकीय मॉडल बालिका छात्रावास में मरम्मत कार्य | 10 दिन | 5000/- रूपये | 5,00,000/- रुपये | 14/06/2025 |

प्राचार्य
शा.मॉडल स्कूल बैहर

**कार्यालय कार्यपालन यंत्री, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग कटनी**

E.Mall-eereskatni@gmail.com, eereskatni@mp.gov.in Ph. 07622-220252

पत्र क्रमांक / 1125 / तक./ग्रायासे./2025 — कटनी, दिनांक 09-06-2025

**संक्षिप्त निविदा आंमत्रण क्रमांक 13/2025**

मध्यप्रदेश के राज्यपाल की ओर से ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग कटनी के निम्नांकित निर्माण कार्यों हेतु केन्द्रीयकृत ई-पंजीयन व्यवस्था अंतर्गत सिविल श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से प्रतिशत दर पर दो लिफाफा पद्धति से ग्रामीण यांत्रिकी सेवा द्वारा संसोधित प्रपत्र एपेन्डिक्स 2.10 अनुसार अद्यतन संसोधन निर्धारित तिथि ( Key Date ) अनुसार तथा ग्रामीण यांत्रिकी सेवा द्वारा जारी एस. ओ. आर. दिनांक 11.04.2022 से प्रभावशील दर अनुसूची ( निविदा विज्ञाप्ति जारी होने की दिनांक तक संसोधित ) आंतरिक वाटर सप्लाई एवं सेनेटरी फिटिंग ! ऑन लाईन निविदा आंमत्रित की जाती है। आंमत्रित निविदा शासन के पोर्टल http://mptenders.gov.in पर देखा जा सकती है निविदा में संसोधन की स्थिति में वेबसाईट पर ही संसोधन देखा जा सकेगा। विवरण निम्नानुसार हैं-

| क्र. | सिस्टम टेंडर नं. | कार्य का नाम | विकासखण्ड का नाम | निविदा लागत (पी.ए.सी.) | अमानत राशि | निविदा प्रपत्र का राशि | समयावधि | ठेकेदार की श्रेणी (केन्द्रीय नवीन पंजीकरण व्यवस्था के अंतर्गत) | आमंत्रण का क्रम |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 1 | 2025_RES_429178 | शासकीय प्रा. शाला सिरोजा गडरिया में अतिरिक्त कक्ष का निर्माण कार्य। | वि.गढ़ | 403482.00 | 8070.00 | 2000/ | 120 दिवस | केन्द्रीय नवीन पंजीकरण व्यवस्था के अंतर्गत | द्वितीय काल |
| 2 | 2025_RES_429181 | शासकीय मा. शाला लुरमी में 2 अतिरिक्त कक्ष का निर्माण कार्य। | बड़वारा | 792981.00 | 15860.00 | 2000/ | 180 दिवस | केन्द्रीय नवीन पंजीकरण व्यवस्था के अंतर्गत | द्वितीय काल |
| 3 | 2025_RES_429182 | शासकीय प्रा. शाला कुसमा में अतिरिक्त कक्ष का निर्माण कार्य। | वि.गढ़ | 403482.00 | 8070.00 | 2000/ | 120 दिवस | केन्द्रीय नवीन पंजीकरण व्यवस्था के अंतर्गत | द्वितीय काल |
| 4 | 2025_RES_429184 | शासकीय प्रा. शाला घुनौर में 2 अतिरिक्त कक्ष का निर्माण कार्य। | वि.गढ़ | 792981.00 | 15860.00 | 2000/ | 180 दिवस | केन्द्रीय नवीन पंजीकरण व्यवस्था के अंतर्गत | द्वितीय काल |
| 5 | 2025_RES_429187 | शासकीय मा. शाला ददराटोला में अतिरिक्त कक्ष का निर्माण कार्य। | बड़वारा | 403482.00 | 8070.00 | 2000/ | 120 दिवस | केन्द्रीय नवीन पंजीकरण व्यवस्था के अंतर्गत | द्वितीय काल |
| 6 | 2025_RES_429191 | शासकीय मा. शाला परसवाराखुर्द में अतिरिक्त कक्ष का निर्माण कार्य। | बड़वारा | 403482.00 | 8070.00 | 2000/ | 120 दिवस | केन्द्रीय नवीन पंजीकरण व्यवस्था के अंतर्गत | द्वितीय काल |
| 7 | 2025_RES_429188 | शासकीय मा. शाला सिमरिया सानी में अतिरिक्त कक्ष का निर्माण कार्य। | बड़वारा | 403482.00 | 8070.00 | 2000/ | 120 दिवस | केन्द्रीय नवीन पंजीकरण व्यवस्था के अंतर्गत | द्वितीय काल |
| 8 | 2025_RES_429189 | शासकीय मा. शाला करौंदीखुर्द में अतिरिक्त कक्ष का निर्माण कार्य। | बड़वारा | 403482.00 | 8070.00 | 2000/ | 120 दिवस | केन्द्रीय नवीन पंजीकरण व्यवस्था के अंतर्गत | द्वितीय काल |
| 9 | 2025_RES_429194 | 1. ग्राम छिंदहाई में स्कूल के पास रंगमंच निर्माण कार्य। 2. ग्राम सलैया केवट ग्राम पंचायत लुहरवारा में रंगमंच निर्माण कार्य। | बड़वारा | 251207.00 251207.00 | 10045.00 | 2000/ | 120 दिवस | केन्द्रीय नवीन पंजीकरण व्यवस्था के अंतर्गत | प्रथम काल |
| 10 | 2025_RES_429196 | लोक सेवा केन्द्र का मरम्मत एवं सुधार कार्य कटनी कलेक्ट्रेट शहरी | कटनी | 217115.00 | 4342.00 | 2000/ | 60 दिवस | केन्द्रीय नवीन पंजीकरण व्यवस्था के अंतर्गत | प्रथम काल |
| 11 | 2025_RES_429200 | लोक सेवा केन्द्र का मरम्मत एवं सुधार कार्य ढीमरखेड़ा | ढीमरखेड़ा | 286281.00 | 5726.00 | 2000/ | 60 दिवस | केन्द्रीय नवीन पंजीकरण व्यवस्था के अंतर्गत | प्रथम काल |
| 12 | 2025_RES_429202 | लोक सेवा केन्द्र का मरम्मत एवं सुधार कार्य बहोरीबंद | बहोरीबंद | 216288.00 | 4326.00 | 2000/ | 60 दिवस | केन्द्रीय नवीन पंजीकरण व्यवस्था के अंतर्गत | प्रथम काल |
| 13 | 2025_RES_429315 | शासकीय मा. शाला झिरिया में अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य। | वि.गढ़ | 403482.00 | 8070.00 | 2000/ | 120 दिवस | केन्द्रीय नवीन पंजीकरण व्यवस्था के अंतर्गत | द्वितीय काल |

निविदा संबंधी तिथियां ( Key Date ) -

1. Publishing Date 17.06.2025 (10.30 AM)
2. Document Download/Sale Start Date 17.06.2025 (10.30 AM)
3. Bid Submission Start Date 17.06.2025 (05.30 PM)
4. Bid Submission Closing Date 23.06.2025 (17.30 PM)
5. Bid open 25.06.2025 (10.30 AM)

नोट- Envelope-A-
1. केन्द्रीय नवीन पंजीकरण व्यवस्था के अंतर्गत 2- जी.एस.टी. प्रमाण पत्र की छायाप्रति 3 - पेन कार्ड की छायाप्रति 4- शपथ पत्र 5- परिशिष्ट H 6. अमानत राशि की जमा रसीद समस्त दस्तावेज स्वप्रमाणित अपलोड करना होगा।

कार्यपालन यंत्री
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग कटनी

G-14262/25

दुर्घटना से रखनी दूरी है तो हेलमेट सबसे जरूरी है।


## प्रथम पृष्ठ का शेष

### परमाणु ठिकाने तबाह....

ने ईरान के नतांज इलाके में मौजूद उसके सबसे बड़े यूरेनियम फैसिलिटी सेंटर पर रात के समय हमला किया है। इस हमले में सेंटर के उस हिस्से पर भी असर पड़ा जो जमीन के नीचे बना हुआ था। जानकारी के मुताबिक यहां यूरेनियम शुद्ध करने वाली मशीनें (सेंट्रीफ्यूज), बिजली से जुड़े कमरे और बाकी जरूरी तकनीकी ढांचा था। नतांज ईरान का सबसे बड़ा यूरेनियम संवर्धन केंद्र है। यहां यूरेनियम को उच्च स्तर तक संवर्धित किया जाता है, जिससे इसे सैन्य इस्तेमाल यानी परमाणु हथियार बनाने लायक बनाया जा सकता है। इस्राइली वायुसेना ने रात के समय यह हमला किया। इसमें प्लांट के भूमिगत हिस्से को निशाना बनाया गया, जहां कई मंजिलों वाली एक बड़ी संवर्धन हॉल है। सेंट्रीफ्यूज मशीनें लगी हैं जो यूरेनियम को संवर्धित करती हैं। वहीं बिजली की आपूर्ति और तकनीकी नियंत्रण वाले कमरे हैं और प्लांट को चलाए रखने वाला अन्य अहम ढांचा भी है। **दोनों देशों ने की एक-दूसरे पर जवाबी कार्रवाई** -इजराइल और ईरान के बीच लंबे समय से जारी तनाव अब एक नए और खतरनाक मोड़ पर पहुंच गया है। वहीं शुक्रवार की सुबह इजराइल के हमले के बाद दोनों देश एक-दूसरे पर जवाबी कार्रवाई कर रहे हैं। एक तरफ जहां बेंजमिन नेतन्याहू ने ईरान पर अपनी कार्रवाई को जरूरी बताया है, वहीं ईरान की तरफ से इस्राइल को सजा देने की बात कही गई है। अब आपको बताते हैं कि, इस्राइल ने ईरान पर अपने भीषण हमले को किस तरह अंजाम दिया। तो बता दें कि, इजराइल इस हमले की तैयारी बहुत पहले से कर रहा था, जिसमें इजराइली खुफिया एजेंसी मोसाद ने ईरान के अंदर हथियारों की तस्करी भी की थी। जानकारी के मुताबिक, हमला शुरू होने से पहले ईरान के भीतर ही ड्रोन और अन्य हथियारों को सक्रिय किया गया। **ईरान ने नए कमांडर किए नियुक्त**-इजराइली हमले में ईरान के दो शीर्ष सैन्य अधिकारी मारे गए। इसके बाद ईरान के सर्वोच्च नेता आयतुल्ला अली खामेनेई ने तुरंत नए सैन्य प्रमुखों की नियुक्ति कर दी है। बता दें कि, जनरल अब्दुर्रहीम मूसेवी को ईरानी सशस्त्र बलों का नया प्रमुख बनाया गया है। इससे पहले वे थल सेना के प्रमुख थे। मोहम्मद पाकपुर को इस्लामिक रिवॉल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) का नया कमांडर बनाया गया है। उन्होंने जनरल होसैन सलामी की जगह ली है। आईआरजीसी ईरान की सबसे ताकतवर सैन्य इकाई मानी जाती है, जो 1979 की इस्लामी क्रांति के बाद बनाई गई थी और देश की धार्मिक सरकार का अहम स्तंभ है।

### डीजीसीए बहुत सी.....

पार्ट खराब हो गया या ठीक से काम नहीं कर रहा तो नियम के मुताबिक उसके लिए नया पार्ट्स मंगाकर ही लगाना पड़ेगा। लेकिन भारत में कुछ कंपनियां अपने पुराने विमानों जो कि इस्तेमाल में नहीं हैं उनके पार्ट्स निकालकर उन्हें जरूरत के हिसाब से इस्तेमाल कर रही हैं। यशंवन ने इसमें गो-फर्स्ट विमान कंपनी (यह कंपनी बंद हो चुकी है) का नाम लेकर दावा किया यह अकेली कंपनी नहीं है जो ऐसा करती थी। इसके अलावा और भी कंपनियां ऐसा करती रहती हैं और ष्ठत्रष्ट इनको अनदेखा करता रहता है। **6. स्टाफ की कमी**- लगभग हर भारतीय एयरलाइन स्टाफ की कमी रखकर अपनी सेवाएं दे रही हैं। पायलट्स से ओवरटाइम कराया जा रहा है और फ्लाइट इंजीनियर के नाम पर नोसिखिए टेकनीशियन हायर किए जा रहे हैं ताकि पैसा बचाया जा सके। इसके अलावा कम ग्राउंड स्टाफ और मैंटिनेंस इंजीनियर के चलते कई लापरवाहियां बरती जा रही हैं। एक्सपर्ट द्वारा उठाए गए इन प्वॉइंट्स पर आपकी क्या राय है, हमें कॉमेंट में बताएं।

### मध्यप्रदेश बनेगा भारत....

पर कार्य किया जाएगा। यह समझौता ज्ञापन मध्यप्रदेश को न केवल देश की सांस्कृतिक राजधानी बल्कि एक प्रगतिशील, वैश्विक पर्यटन और सांस्कृतिक केंद्र के रूप में स्थापित करने की हमारी दूरदृष्टि को साकार करता है। प्रदेश के कलाकारों को वैश्विक मंच मिलेगा और फ्रांस तथा यूरोप से आने वाले पर्यटकों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि होगी। भारत में फ्रांस के राजदूत डॉ. थिएरी मथौ ने इस साझेदारी पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा, हमें मध्यप्रदेश सरकार के साथ इस महत्वपूर्ण सहयोग को स्थापित करते हुए बहुत खुशी हो रही है। फ्रांस मुख्य रूप से पर्यटन, सुरक्षा, पर्यावरण और शिक्षा पर विशेष रूप से कार्य करता है। यह एमओयू दोनों देशों के बीच सांस्कृतिक संबंधों को और मजबूत करेगा, जिससे कला, शिक्षा और पर्यटन के क्षेत्र में नए अवसर खुलेंगे। एमओयू के तहत प्रमुख रूप से सांस्कृतिक कार्यक्रमों का संयुक्त आयोजन किया जाएगा, जिसमें कला उत्सव, संगीत, नृत्य, प्रदर्शनियां, फिल्म स्क्रीनिंग, खानपान और संस्कृति से जुड़े अन्य कार्यक्रम शामिल हैं। प्रतिवर्ष एक समर्पित इंडो-फ्रेंच सांस्कृतिक कैलेंडर तैयार किया जाएगा। साथ ही प्रदेश की पर्यटन प्रचार सामग्री का फ्रेंच भाषा में अनुवाद किया जाएगा और फ्रांसीसी पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए विशेष प्रयास किए जाएंगे। पर्यटन क्षेत्र के अधिकारियों और गाइड्स को फ्रेंच भाषा एवं संस्कृति का प्रशिक्षण भी दिया जाएगा। यह समझौता प्रदेश की सांस्कृतिक रणनीति को बल देगा और स्थानीय कलाकारों, शिल्पकारों, छात्रों तथा सांस्कृतिक संगठनों को वैश्विक मंच प्रदान करेगा, जिससे मध्यप्रदेश की विशिष्ट पहचान अंतरराष्ट्रीय स्तर पर स्थापित होगी। इस अवसर पर प्रमुख सचिव उद्योग श्री राघवेंद्र कुमार सिंह, फ्रांस के कौंसुल जनरल श्री जीन-मार्क सेरे-शार्ले, फ्रांसीसी दूतावास के राजनीतिक परामर्शदाता, श्री शाद जॉयनाल आबेदीन और अलायंस फ्रांसेज़ के प्रतिनिधि उपस्थित रहें।


**कार्यालय नगर पालिक निगम जबलपुर**

क्रमांक-प्र.का. से. /का.से./2025-26/176 — दिनांक 13.06.2025

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम/मौजा लक्ष्मीपुर, नं.बं.-643, प.ह.नं.-25/31, खसरा नं.-68/1/4/1/4, कुल रकवा-0.341 हेक्टेयर भूमि पर बहुमंजिला आवासीय भवन के निर्माण (अनमोल पैराडाइस) की अनुमति हेतु विकासकर्ता/ कॉलोनाईजर जय माँ कंस्ट्रक्शन, पार्टनर श्री नीरज जिंदल एवं श्री संजय कुमार लालवानी, 8/11, सिविक सेन्टर मढ़ाताल जबलपुर द्वारा कॉलोनी विकास अनुमति प्राप्त करने के लिए निष्पादित विकास अनुबंध अनुसार विकास कार्यों के विरुद्ध निगम पक्ष में बंधक रखी गई सम्पत्ति का विवरण निम्न है :- सातवें तल पर फ्लैट क्रमांक-603, 606, कुल-2 फ्लैट्स, BUA = 245.43 वर्गमीटर। अतः सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त दर्शित सम्पत्ति भूखण्डों क्रय-विक्रय कॉलोनी विकासकर्ता द्वारा नगर निगम से विकास कार्य पूर्णता प्रमाण पत्र प्राप्त करने के पूर्व न किया जावे। उपरोक्त सम्बंध में विस्तृत जानकारी एवं विवरण तथा अभिन्यास का अवलोकन कार्यालयीन कार्य दिवस में नगर पालिक निगम जबलपुर, कॉलोनी सेल, कक्ष क्रमांक-5 में किया जा सकता है।

12.06.2025 — प्रभारी कॉलोनी सेल, नगर पालिक निगम जबलपुर

**कार्यालय नगर पालिक निगम जबलपुर**

क्रमांक-प्र.का. से. /का.से./2025-26/180 — दिनांक 13.06.2025

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मौजा-तेवर, नं.बं.-229, प.ह.नं.-18, खसरा नं.-684, 685/2, 690/2, 691, 694/1/2, 696, कुल रकवा-2.156 हेक्टेयर (21560 वर्गमीटर) में से 2.135 हेक्टेयर भूमि पर आवासीय भूखण्डीय विकास (ओजस गैलेक्सिया) की अनुमति हेतु विकासकर्ता / कॉलोनाईजर श्री सत्यम जैन, निवासी-शॉप नं.-503, टॉवर-ए, ओजस इम्पीरिया, बंदरिया तिराहा, जबलपुर, कॉलोनाईजर द्वारा कॉलोनी विकास अनुमति प्राप्त करने के लिए निष्पादित विकास अनुबंध अनुसार विकास कार्यों के विरुद्ध निगम पक्ष में बंधक रखी गई सम्पत्ति का विवरण निम्न है :- भूखण्ड क्रमांक- 26, 34, 53 से 62, 101 से 105, 110 से 112 तक, कुल-20 नग, क्षेत्रफल-2109.85 वर्गमीटर। अतः सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त दर्शित सम्पत्ति/भूखण्डों का क्रय-विक्रय कॉलोनी विकासकर्ता द्वारा नगर निगम से विकास कार्य पूर्णता प्रमाण पत्र प्राप्त करने के पूर्व न किया जावे। उपरोक्त सम्बंध में विस्तृत जानकारी एवं विवरण तथा अभिन्यास का अवलोकन कार्यालयीन कार्य दिवस में नगर पालिक निगम जबलपुर कालोनी सेल कक्ष क्रमांक 5 में किया जा सकता है ।

12.06.2025 — प्रभारी कॉलोनी सेल, नगर पालिक निगम जबलपुर

**कार्यालय उप संचालक, नगर तथा ग्राम निवेश जिला कार्यालय छिन्दवाड़ा (म.प्र.)**

क्रमांक CWALP12062522720 / दिनांक / 13/JUN/2025

क्र./1699 — दिनांक 13/JUN/2025

म.प्र. नगर तथा ग्राम निवेश अधिनियम, 1973 की धारा 29 ( 3 ) सहपठित म.प्र. भूमि विकास नियम, 2012 के नियम 14( 3 ) के अधीन दी गई अनुज्ञा में उपातंरण की दशा में आपत्तियाँ आमंत्रित करने हेतु

जनसामान्य की जानकारी हेतु एतद् द्वारा यह अधिसूचित किया जाता हैं कि श्री/श्रीमती/मेसर्स -Land Owner: 1. Mrs. Anita Pandey W/o Mr. Sudhir Pandey 2. Mr. Arpit Malviya S/o Mr. Anand Malviya COLONIZER & DEVELOPER: Mr. Arpit Malviya S/o Mr. Anand Malviya द्वारा नीचे दिये गये अभिन्यास में उपांतरण हेतु आवेदन किया है:-

( क ) परियोजना का नाम:-Dream Residency
( ख ) अवस्थिति ( अवस्थिति/ग्राम का नाम एवं खसरा क्रमांक )- पूर्व स्वीकृत ग्राम Chokhda Dhana तहसील Chhindwara Nagar व जिला Chhindwara की भूमि सर्वे क्रमांक / खसरा क्रमांक 188/1, 188/2 कुल रकबा 1.822 हेक्टेयर भूमि पर RESIDENTIAL, RESIDENTIAL PLOT-PLOTTED HOUSING विकास हेतु अनुमोदित अभिन्यास में संशोधित अभिन्यास का अनुमोदन चाहा गया है।
( ग ) विकास का प्रयोजन-RESIDENTIAL, RESIDENTIAL PLOT-PLOTTED HOUSING
( घ ) स्वीकृति क्रमांक 1922-28 दिनांक 2022-09-16

पूर्व स्वीकृत अभिन्यास में यदि उपांतरण किया जाता हैं, तो उससे परियोजना से जुड़े व्यक्ति / संस्था के हित प्रभावित होने की संभावना है। कोई भी हितबद्ध व्यक्ति, उपांतरणों से संबंधित अपनी आपत्ति या सुझाव, इस सूचना के प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर अधोहस्ताक्षर कर्ता के कार्यालय में अथवा https://dtcp.mp.gov.in/alpass/Web/Objection.aspx?RefApp=BOPpd4J8XL1699 पर प्रस्तुत कर सकेगा। पूर्व स्वीकृत अभिन्यास के ब्यौरे तथा प्रस्तावित उपांतरित अभिन्यास का निरीक्षण हितबतद्ध व्यक्ति द्वारा, उपरोक्त कार्यालय में कार्यालयीन समय के दौरान अथवा website https://dtcp.mp.gov.in/alpass/Web/uLogin.aspx पर किया जा सकता है।

उप संचालक
नगर तथा ग्राम निवेश जिला छिन्दवाड़ा (म.प्र.)

**आम सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार श्रीमती दीक्षा पाल पत्नी श्री विजेन्द्र पाल निवासी मकान नं. 01 कवर्धा हाउस, कैंट सदर जबलपुर द्वारा मौजा घाना नं.ब. नं. 634, प.ह.नं. 57 नया 34, राजस्व निरीक्षक मण्डल महाराजपुर तहसील पनागर जिला जबलपुर (म.प्र.) की आराजी खसरा नं. 86/9 नया खसरा नं. 86/31 का अंश रकवा 15x60=900 वर्गफिट पर उम्मीद हाउसिंग फाईनेन्स प्रा.लि. जबलपुर से ऋण प्राप्त किया जा रहा है। उक्त आराजी/रकवा मेरे पक्षकार द्वारा अनुबंधकर्ता श्री संजय कुमार अहिरवार तनय श्री भीकमलाल अहिरवार निवासी 861 बापूनगर, रामझी जबलपुर से क्रय करने हेतु अनुबंध किया गया है। उक्त आराजी/रकवा अनुबंधकर्ता ने श्रीमती जानकी बाई पत्नी स्व. श्री शंकरलाल एवं श्री अरुण कुमार तनय स्व. श्री शंकरलाल दोनों निवासी टाईप 2, 99/6 खामहरिया जबलपुर से रजिस्टर्ड विक्रय पत्र क्रं. 43 दिनांक 05.04.2013 से क्रय किये थे तथा वर्णित भूमि श्रीमती जानकी बाई पत्नी स्व. श्री शंकरलाल एवं श्री अरुण कुमार तनय स्व. श्री शंकरलाल ने पूर्व विक्रेता श्री संतोष कुमार तनय श्री गिरिजा शंकर मिश्रा से रजिस्टर्ड विक्रय पत्र क्र. 1666 ग्रन्थ क्र. 10170 दिनांक 30.01.2002 से क्रय किये थे उक्त मूल पंजीकृत विक्रय क्रमांक 1666 दिनांक 30/01/2002 कही खो गया है तथा बहुत तलाश करने पर भी विक्रय पत्र नहीं मिला। जिसकी सूचना संबंधित थाना में दी गई है। अतएव सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उक्त मूल पंजीकृत विक्रय पत्र क्र. 1666 दिनांक 30.01.2002 किसी व्यक्ति, संस्था या बैंक को मिला हो, या रखा हो, या किसी प्रकार की आपत्ति हो तो वह मेरे कार्यालय में 07 दिवस के अंदर उपस्थित होकर अपनी आपत्ति दर्ज करा सकता है। अन्यथा बीतने म्याद उपरांत वह स्वयं ही जवाबदार होंगे।

दिनांक 12.06.2025
ज्ञानेन्द्र कुमार द्विवेदी ( अधिवक्ता )
26 नर्मदा परिषद, बिरसा मुण्डा वार्ड 75 सुहागी जबलपुर म.प्र. मो. 8109283241
वास्ते- उम्मीद हाउसिंग फाईनेन्स प्रा.लि. शाखा जबलपुर

# देश-प्रदेश

उवाच

**सहकार से समृद्धि विजन पर समयबद्ध रूप से हो काम**

**भोपाल, देशबन्धु।** सहकारिता मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने कहा है कि केन्द्र सरकार द्वारा सहकारिता क्षेत्र को सशक्त बनाने के लिए निर्धारित सहकार से समृद्धि के विज़न के अंतर्गत दी गई गाइड-लाइन्स का प्रभावी एवं समयबद्ध क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए। मंत्री श्री सारंग ने आगामी 20 जून को भारत सरकार द्वारा प्रस्तावित उच्च स्तरीय बैठक के लिए राज्य स्तर पर की जा रही तैयारियों की भी समीक्षा की और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। श्री सारंग शुक्रवार को मंत्रालय में सहकारिता विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ विभागीय समीक्षा कर रहे थे। अपर मुख्य सचिव अशोक कर्णवाल भी बैठक में उपस्थित थे।



## 3 दिन की यात्रा पर पुदुचेरी जाएंगे धनखड़

**नई दिल्ली, एजेंसी।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ रविवार को तीन दिन की यात्रा पर पुडुचेरी जाएंगे। धनखड़ सोमवार को जवाहरलाल स्नातकोत्तर चिकित्सा शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान (जिपमर) द्वारा 'राष्ट्र निर्माण में पर्यावरणीय स्थिरता' विषय पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे।


**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रं.-09 लालमाटी नगर निगम, जबलपुर**

पत्रांक सं. अधि./09/2025-26/734 दिनांक 19/05/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि श्रीमती कृष्णकान्ता तिवारी पति श्री विनोद कुमार तिवारी ने मकान नं. 2214 से 22/17 वार्ड- सिद्धबाबा भूतल आरसीसी 700 व.फु. आरसीसी खुली भूमि 1132 व.फु. शपथ पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, विक्रय पत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. 2214-2217 बल्दी कोरी की दफाई नई कलारी के पास पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक -12 घंटाघर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी संभाग क्रं.-12 घंटाघर नगर निगम, जबलपुर

र.नं. 777



**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्र.11 नगर निगम, जबलपुर**

पत्रक्र./सं.क्र. 11/19-20/25-26 दि. 13.6.25

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती कुसुम सिन्हा पति स्व. श्री रणविजय ने वार्ड क्रमांक- 65 सुभाष चन्द्र बैनर्जी के मकान नं. 1626 गोविन्द्र भवन सम्पत्ति के पिन क्रमांक- 1000398326 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल/रकवा.... व.फु. जिस पर निर्मित भूतल 906 वर्गफुट आरसीसी निम्न दस्तावेज मृत्यु प्रमाण पत्र/विक्रय पत्र के आधार पर निगम में दर्ज आर.बी. सिन्हा पिता स्व. रणविजय सिन्हा का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तन किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक 11 राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी संभाग क्रं.-11 नगर निगम, जबलपुर

र.नं. 779



**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्र.11 नगर निगम, जबलपुर**

पत्रक्र./सं.क्र. 11/19-20/25-26 दि. 13.6.25

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि सुश्री उर्मिला पिता श्री रामचन्द्र चौधरी ने वार्ड क्रमांक- 65 सुभाष चन्द्र बैनर्जी के भवन क्र. 1580/1 प्रेस्टिज होम फ्लेट नं. एफ साउथ सिविल स्टेशन सम्पत्ति के पिन क्रमांक- 1000399604 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल/रकवा.... व.फु. जिस पर निर्मित भूतल 700 वर्गफुट आरसीसी 400 व.फु. सीमेंट शीट निम्न दस्तावेज विक्रय पत्र के आधार पर निगम में दर्ज अनिल श्रीवास्तव पिता विन्देश्वरी प्रसाद का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तन किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक 11 राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी संभाग क्रं.-11 नगर निगम, जबलपुर

र.नं. 779



**नाम परिवर्तन सूचना**

मैं, SUKHWINDER KAUR is legally wedded spouse of Army No JC-582033X Rank SUB MAJ HONY LT Name BARINDER SINGH Presently residing at Vill-AULAKH KALAN PO- AULAKH KALAN Teh-BATALA Distt GURDASPUR (PB) PIN-143527 शपथ पूर्वक कथन करती हूं कि मेरा नाम SUKHWINDER KAUR to SUKHWINDER KOUR में परिवर्तन हुआ है इस आशय का शपथ पत्र साथ में संलग्न है द्वारा शपथ पत्र 33AA 136255 दिनांक 13/06/2025 नोटरी जबलपुर म प्र

INCORRECT NAME - SUKHWINDER KAUR

CORRECT NAME - SUKHWINDER KOUR

कृति



**नाम परिवर्तन सूचना**

मैं शपथकर्ती मुन्नी देवी तिवारी उर्फ चन्द्रकांता उम्र लगभग 67 वर्ष पति स्व. नंदकिशोर तिवारी निवासी ढिलापुर तह. व जिला-छतरपुर (म.प्र.) शपथपूर्वक निम्नलिखित कथन करती हूँ कि :-

01- यह कि मैं शपथकर्ती उपरोक्त पते की स्थाई निवासी हूं।

02-यह कि मेरे मतदाता परिचय पत्र (MP/25/193/381300) में मेरा विवाह के पूर्व का नाम चन्द्रकांता दर्ज है ।

03. यह कि मेरा विवाह नन्द किशोर तिवारी के साथ हिन्दू रीति रिवाज से सम्पन्न हुआ है।

04. यह कि मेरे ससुराल में नाम बदलने की प्रथा के अनुसार मेरा नाम चंद्रकांता से बदलकर मुन्नी देवी तिवारी हो गया है।

05. यह कि मेरे आधार कार्ड (8696 5576 1471) एवं पेन कार्ड (CUCPT9457N) में मेरा नाम मुन्नी देवी तिवारी दर्ज है।

06. यह कि मुन्नी देवी तिवारी एवं चंद्रकांता ये दोनों ही नाम मेरे ही हैं, किसी अन्य महिला के नहीं हैं।

07. यह कि भविष्य में मुझे चंद्रकांता तिवारी के नाम से ही जाना-पहचाना, पढ़ा-लिखा व समझा जावे।

र.नं. 746


मुख्यमंत्री ने की मध्यप्रदेश मेट्रो रेल परियोजना की समीक्षा, दिए निर्देश

# मेट्रो रेल परियोजना के कार्य गुणवत्ता के साथ समय-सीमा में पूर्ण करें



**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश में मेट्रो रेल परियोजना के कार्य गुणवत्तापूर्ण ढंग से समय-सीमा का ध्यान रखते हुए पूरे किए जाएं। भोपाल और इंदौर मेट्रो रेल परियोजना के कार्य प्राथमिकता से पूरे किए जाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि लोक निर्माण और अन्य संबंधित विभागों से समन्वय बनाकर कार्य करें, जिससे कार्य के दौरान कोई कठिनाई नहीं आए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव शुक्रवार को मुख्यमंत्री निवास स्थित समत्व भवन में मध्यप्रदेश मेट्रो रेल परियोजना की समीक्षा कर रहे थे।

**भोपाल मेट्रो रेल परियोजना**-भोपाल मेट्रो रेल परियोजना को नवंबर 2018 में मंजूरी दी गई। भोपाल मेट्रो की दोनों लाइन की कुल वास्तविक लंबाई लगभग 30 किलोमीटर है और इसके 30 स्टेशनों में ये 2 भूमिगत स्टेशन शामिल हैं। जिसकी लागत 10 हजार 033 करोड़ रूपए अनुमानित है। शुरुआत में यहां 3 कार वाली कुल 27 ट्रेन संचालित होंगी। भविष्य में मेट्रो की कार संख्या बढ़ाकर 6 की जा सकती है। ऑरेंज लाइन-करोंद चौराहा से एम्स साकेत नगर तक और ब्लू लाइन- भदभदा चौराहा से रत्नागिरी तिराहा तक होगी। मेट्रो डिपो सुभाष नगर में स्थापित होगा।

**इंदौर मेट्रो रेल परियोजना**-राज्य सरकार ने इंदौर मेट्रो ट्रेन परियोजना को नवंबर 2018 में स्वीकृति प्रदान की थी। इस परियोजना की कुल लंबाई 31 किलोमीटर से अधिक है, 7 भूमिगत सहित जिसमें कुल 28 स्टेशन बनाए गए हैं। यहां पहले फेज में 3 कार वाली ट्रेन की शुरुआत हो चुकी है। आगामी वर्षों में मेट्रो ट्रेन बढ़ाकर 25 और मेट्रो कार संख्या आवश्यकतानुसार 6 तक बढ़ाई जा सकती है। इंदौर मेट्रो परियोजना की कुल लागत 12 हजार 088 करोड़ रूपए अनुमानित है। यलो लाइन के प्रमुख स्टेशन- गांधी नगर, आईएसबीटी, विजय नगर चौराहा, पत्रकार कॉलोनी, रेलवे स्टेशन, राजवाड़ा, बड़ा गणपति, एयरपोर्ट हैं। मेट्रो डिपो गांधी नगर में स्थापित होगा।

मुख्यमंत्री ने किसानों के हित में लिया निर्णय

# समर्थन मूल्य पर मूंग और उड़द की खरीदी करेगी सरकार

केन्द्र को भेजा प्रस्ताव, 19 से प्रारंभ होगा पंजीयन



**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में राज्य सरकार किसानों की बेहतरी के लिये सभी क्षेत्रों में कार्य कर रही है। सरकार ने किसानों के हित में निर्णय लेते हुए ग्रीष्मकालीन मूंग एवं उड़द को न्यूनतम समर्थन मूल्य पर उपार्जन किये जाने संबंधी निर्णय लेकर प्रस्ताव केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय को भेजा है। किसानों से न्यूनतम समर्थन मूल्य पर मूंग एवं उड़द के उपार्जन के लिये किसानों का पंजीयन 19 जून से प्रारंभ होगा। इस संबंध में संबंधित विभाग एवं एजेंसियों को निर्देश जारी कर दिये गये हैं।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य सरकार किसानों के आर्थिक सशक्तिकरण के लिये कृषि आधारित उद्योग लगाने में भी मदद कर रही है। किसानों को उनकी फसल का वाजिब दाम दिलाने के लिये प्रतिबद्धता से कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने किसान संघों से हुई चर्चा में आश्वस्त किया कि हम सब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में राज्य की बेहतरी के लिये डबल इंजन की सरकार के साथ कदम से कदम मिलाकर चलेंगे। उन्होंने कहा कि सरकार किसानों को उन्नत बीज और उन्नत कृषि यंत्र उपलब्ध कराने के लिये प्रदेश में निरंतर कृषि मेलों का आयोजन कर रही है। उल्लेखनीय है कि कृषि लागत एवं मूल्य आयोग भारत सरकार द्वारा ग्रीष्मकालीन मूंग का न्यूनतम समर्थन मूल्य 8682 रूपये प्रति क्विंटल और उड़द का न्यूनतम समर्थन मूल्य 7400 रूपये प्रति क्विंटल निर्धारित है। प्रदेश के 36 जिलों में मई माह के तृतीय सप्ताह से जून माह के प्रथम सप्ताह तक मूंग फसल कटाई और प्रदेश के 13 जिलों में मई माह के तृतीय सप्ताह से जून माह के प्रथम सप्ताह तक उड़द फसल की कटाई की जाती है। प्रदेश में मूंग का संभावित क्षेत्राच्छादन 14.35 लाख हेक्टेयर, संभावित उत्पादन 20.23 लाख मीट्रिक टन है। इसी प्रकार उड़द का संभावित क्षेत्राच्छादन 0.95 लाख हेक्टेयर, संभावित उत्पादन 1.24 लाख मीट्रिक टन है।

# पचमढ़ी में भाजपा का प्रशिक्षण वर्ग आज से, शाह करेंगे शुभारंभ



**भोपाल, देशबन्धु।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि भाजपा का 3 दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग 14 जून को पचमढ़ी में आयोजित किया जा रहा है। इस वर्ग का शुभारंभ दोपहर 3 बजे केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह करेंगे एवं समापन 16 जून को केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की मौजूदगी में होगा। श्री शर्मा ने आज मीडिया से चर्चा करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी के सांसदों-विधायकों का नियमित प्रशिक्षण वर्ग 14, 15 और 16 जून को पचमढ़ी में आयोजित किया जा रहा है। इस वर्ग में 201 जनप्रतिनिधि भाग लेंगे। उन्होंने कहा कि इस प्रशिक्षण वर्ग में पार्टी के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बी.एल. संतोष, राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिवप्रकाश, केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव, सी.आर. पाटिल, शिवराज सिंह चौहान, सावित्री ठाकुर एल. मुरगन, राष्ट्रीय महामंत्री विनोद तावड़े, प्रदेश प्रभारी डॉ. महेंद्र सिंह अलग-अलग सत्रों में सांसदों-विधायकों का मार्गदर्शन करेंगे। श्री शर्मा ने बताया कि प्रशिक्षण वर्ग में सैद्धांतिक, व्यवहारिक एवं अन्य विषयों पर विस्तार से चर्चा की जाएगी। श्री ने बताया कि प्रशिक्षण वर्ग में 'सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण को समर्पित प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 11 वर्ष' पर और भाजपा की जनसंघ से लेकर वर्तमान समय तक की यात्रा पर केंद्रित प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण वर्ग के दौरान सभी सांसद और विधायक 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के अंतर्गत पौधारोपण भी करेंगे।

मनरेगा परिषद का अभिनव नवाचार बना अन्य राज्यों के लिए उदाहरण

# सिपरी सॉफ्टवेयर से प्रभावित हुआ महाराष्ट्र का दल, की सराहना



राज्य में पहली बार वैज्ञानिक पद्धति से हुआ जल संरचनाओं के निर्माण स्थलों का चयन

**भोपाल, देशबन्धु।** पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल से महाराष्ट्र सरकार के पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के अधिकारियों के छह सदस्यीय दल ने शुक्रवार को उनके शासकीय निवास पर मुलाकात की। इस अवसर पर वर्षा जल के संचयन और भू-जल स्तर को बढ़ाने के लिए किए जा सकने वाले प्रयासों पर विस्तृत चर्चा हुई। महाराष्ट्र सरकार के अधिकारियों ने इस दौरान मध्यप्रदेश में वर्षा जल और भूजल प्रबंधन को लेकर किए जा रहे कार्यों और नवाचारों की सराहना की। खासतौर पर दल ने जल गंगा संवर्धन अभियान और सिपरी सॉफ्टवेयर की प्रशंसा की। इस अवसर पर मनरेगा आयुक्त-संचालक वाटरशेड मिशन अवि प्रसाद, महाराष्ट्र सरकार के वाटरशेड विभाग के अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी कमलाकर रणदिवे, अवर सचिव मृदा एवं संरक्षण विभाग देवेन्द्र भामरे, प्रकाश पाटिल, क्षेत्रीय जल संरक्षण अधिकारी दिलीप निपाने, जीआईएस विशेषज्ञ अमोल विधाते और असिस्टेंट इंजीनियर अविनाश देवपारे शामिल रहे।

जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत मध्यप्रदेश मनरेगा परिषद द्वारा किए गए नवाचारों का अध्ययन करने के लिए महाराष्ट्र सरकार का यह छह सदस्यीय दल 12 जून को दो दिवसीय दौरे पर भोपाल आया। दल के सदस्यों ने फील्ड में जाकर सिपरी सॉफ्टवेयर के माध्यम से चिन्हित किए गए खेत तालाब और अमृत सरोवरों के निर्माण स्थलों का अवलोकन किया।

उन्होंने सिपरी सॉफ्टवेयर के कार्य को गहराई से देखा और उसकी तकनीकी कार्यप्रणाली की सराहना की। यह पहला अवसर है जब मध्यप्रदेश में सॉफ्टवेयर की मदद से वैज्ञानिक पद्धति से खेत तालाब और अमृत सरोवरों के निर्माण स्थलों का चयन किया गया। भोपाल आगमन के पश्चात दल ने पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की प्रमुख सचिव श्रीमती दीपाली रस्तोगी और मनरेगा आयुक्त-संचालक वाटरशेड मिशन अवि प्रसाद से पृथक से भेंट कर विस्तृत चर्चा की। पहले दिन 12 जून को अधिकारियों ने भोपाल जिले की जनपद पंचायत बैरसिया की ग्राम पंचायत गुनगा एवं जैतपुर का भ्रमण किया, जहां उन्होंने सिपरी सॉफ्टवेयर से चिन्हित खेत तालाब और अमृत सरोवरों के निर्माण स्थल देखे। इस दौरान उन्होंने हितग्रहियों से चर्चा भी की। शुक्रवार को दल ने रायसेन जिले के सांची विकासखंड का भ्रमण किया और वहां भी सिपरी सॉफ्टवेयर की कार्यप्रणाली को देखा व आवश्यक जानकारियां प्राप्त कीं।

## संविदा कर्मचारियों का वेतन बढ़ा अब 25 सौ रुपए ज्यादा मिलेंगे

**भोपाल, देशबन्धु।** सरकार ने प्रदेश के विभिन्न विभागों में कार्यरत संविदा कर्मचारियों के वेतन में वृद्धि कर दी है। वित्त विभाग ने उपभोक्ता मूल्य सूचकांक के आधार पर उनके वेतन में 2.94 प्रतिशत की दर से वार्षिक वृद्धि की है। जिसके आधार पर संविदा कर्मियों के वेतन में करीब 375 से 2500 रुपये तक की बढ़ोतरी हो जाएगी। प्रदेश सरकार द्वारा की गई संविदा कर्मचारियों और शिक्षकों की यह वेतन वृद्धि 1 अप्रैल 2025 से लागू होगी। सामान्य प्रशासन विभाग ने इस संबंध में एक सर्कुलर जारी किया है। यह वृद्धि संविदा कर्मचारियों और शिक्षकों के लिए एक सकारात्मक कदम है और इससे उन्हें आर्थिक रूप से राहत मिलेगी। वहीं इस बढ़ी हुई वृद्धि को लेकर भी प्रतिक्रिया सामने आने लगी है, मध्यप्रदेश संविदा कर्मचारी अधिकारी महासंघ ने इसे ऊंट के मुंह में जीरा बताया है।

## निविदा/नियुक्ति/जाहिरात


**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रं.-12 घंटाघर नगर निगम, जबलपुर**

पत्र क्र.-स.अधि./सं.क्र. 12/ 2025-26/ एम-05 दिनांक 12/06/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि श्री गौरव सोनकर पिता श्री विजय सोनकर ने मकान नं. 590/एसएफ-एफ-03 वार्ड- महर्षि अरविन्द कुल क्षेत्रफल 634 व.फु., निर्मित क्षेत्रफल 634 व.फु., द्वितीय तल 634 व.फु., विक्रय पत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक -12 घंटाघर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी संभाग क्रं.-12 घंटाघर नगर निगम, जबलपुर

कृति



**CHANGE OF NAME & DOB**

I, Madakini Salunkhe (adhar card No. 6281 7585 3624) is legally Mother of Army No. JC-389482L Rank - Sub Name Salunkhe Vijay - Ramchandra, Unit -HQ 1 STC Corps of Signals C/o 56 APO, Home -address Vill / Post- Borkhal, Teh/Dist- Satara State - Maharashtra Pin -415011, I have change my name from Madakini Salunkhe to Mandakini Ramchandra Salunkhe and my DOB 30/01/1956 to 01/01/1949 vide affidavit No dated 23/05/2025 before Notary Satara Maharashtra.

INCORRECT NAME & DOB
Madakini Salunkhe
30/01/1956

CORRECT NAME & DOB
Mandakini Ramchandra Salunkhe
01/01/1949

कृति



**CHANGE OF NAME & DOB**

I, V Angamal is legally MOTHER of Army No- JC390210X, Rank- Naib Subedar, Name- Pandiyaraj V, Unit- Mb Area Signal Coy Home -Vill- Pillaikalathur, Post- Villipalayam, Teh- Paramathi- Velur, P/S- Paramathi, Dist- Namakkal, State- Tamilnadu, Pin- 637207., I, have changed my name V Angamal to Pappayee Karuppannan and date of birth 01/07/1965 to 26/09/1963 Vide Affidavit No. 33AA 136404 Dated 13/06/2025 before Notary, Jabalpur M.P.

INCORRECT NAME
V Angamal
INCORRECT DOB - 01/07/1965

CORRECT NAME
Pappayee Karuppannan
CORRECT DOB - 26/09/1963

कृति



**न्यायालय नायब तहसीलदार गोरखपुर जबलपुर**

रा.प्र.क्र. 0348/अ-6/2025-26

**इश्तहार**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि शकुन्तला कुर्मी पति स्व. नंद कुमार कुर्मी निवासी 1687/1 विजय नगर छापर रामपुर, जिला जबलपुर (म.प्र.) द्वारा पंजीकृत विक्रय पत्र दिनांक के माध्यम से मौजा नयागांव नं.बं... प.ह.नं. 08 ख.नं. 8/2/4 रकवा 1984 वर्गफुट विक्रेता म.प्र. शासन फौती नामांतरण से क्रय की गई भूमि पर राजस्व अभिलेखों में अपना नाम दर्ज कराने पंजीकृत विक्रय पत्र की छायाप्रति संलग्न कर आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। अतः उपरोक्त नामांतरण स्वीकृत किये जाने में यदि किसी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी लिखित आपत्ति पेशी दिनांक 27/06/25 तक स्वयं अथवा अपने विधिक प्रतिनिधि के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर पेश कर सकते है। समयाविधि पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

न्यायालय की मुहर एवं मेरे हस्ताक्षर से आज दिनांक 13.6.25 को जारी ।

जारी दिनांक- 13.6.25
पेशी दिनांक- 27.6.25

नायब तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी गोरखपुर, जबलपुर

र.नं. 776



**न्यायालय तहसीलदार तहसील जबलपुर जिला जबलपुर**

राजस्व प्रकरण क्रमांक-/0118/अ-6/2025-26

**इश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि 1. श्री राजेश सिंह राजपूत पिता श्री तिलक सिंह राजपूत 2. श्री तिलक सिंह राजपूत पिता स्व. कामल सिंह राजपूत 3. श्री उत्तम सिंह राजपूत पिता श्री तिलक सिंह राजपूत तीनों निवासी 2217 कंचनपुर तीन पुलिया अधारताल जबलपुर ने ग्राम निगरी प.ह.नं. 35 रा.नि.मं. बरगी स्थित भूमि ख.नं. 232 रकवा 0.870 हे. भूमि पर पंजीकृत वसीयतनामा क्रमांक MP182542023A32696252. दिनांक 22/12/2023 के आधार पर नामांतरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में विचाराधीन है। उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो तो वे अपनी आपत्ति पेशी दिनांक 23.06.2025 तक इस न्यायालय में स्वयं उपस्थित होकर अथवा अपने विधिक प्रतिनिधि के माध्यम से पेश कर सकता है। उक्त म्याद उपरांत प्राप्त आपत्तियों पर किसी भी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा तथा प्रकरण का विधि अनुरुप निराकरण किया जावेगा।

आज दिनांक को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी किया गया।

जारी दिनांक- 13/06/2025
पेशी दिनांक- 23/06/2025

तहसीलदार अधारताल, जबलपुर

र.नं. 773



**न्यायालय तहसीलदार तहसील आधारताल जबलपुर**

रा.प्र.क्र. 688/अ-6/2025-26
जबलपुर, दिनांक 4/6/25

**आम इश्तहार**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि शैलेन्द्र चौरसिया पिता कढ़ोरीलाल चौरसिया निवासी 577 मौलाना गली राजेन्द्र प्रताप वार्ड जबलपुर के द्वारा मौजा... नजूल ब्लॉक नंबर 8 प्लॉट नंबर 157/1 स्थित भूमि खसरा नंबर..... में से रकवा 498 वर्गफुट भूमि पर अब्दुल हमीद, मजीज वाहिद राफ्फू 227 शासकीय रिकार्ड में आवेदन पिता की मृत्यु दिनांक 27/12/2010 को हो जाने के कारण वर्तमान राजस्व अभिलेखो में नाम दर्ज किये जाने हेतु विक्रय पत्र/फौती/वसीयतनामा के आधार पर नामांतरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र सहित अन्य दस्तावेज संलग्न कर आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

तत्संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा या आपत्ति हो तो नियत पेशी दिनांक 19/6/25 तक इस न्यायालय में स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि व्यतीत हो जाने के पश्चात प्रस्तुत दावा/आपत्ति पर विचार नही किया जावेगा।

आज न्यायालय की मुद्रा व मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

जारी दिनांक- 4/6/25
पेशी दिनांक- 19/6/25

तहसीलदार अधारताल, जबलपुर

र.नं. 791



**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार तहसील अधारताल, जिला- जबलपुर**

रा.प्र.क्रं/4779/अ-6/2026-2026
जबलपुर, दिनांक 11/6/25

**आम इश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक/ वसीयतगृहिता श्री शिवम सेन पिता स्व. श्री अरुण कुमार सेन, निवासी क्वार्टर नं. 3/6, फतेहगढ़ लाईन, हाईकोर्ट, कांचघर, जबलपुर म.प्र. द्वारा मौजा सुहागी, नं.ब. 426, प.ह.नं. 17/20, तहसील अधारताल, जिला जबलपुर में स्थित खसरा नं. 62/1 में से डायवर्सन प्लाट नं. 59 का रकवा 25 बाई 30 यानि 750 वर्गफुट भूमि ई-पंजीकृत वसीयतनामा क्रमांक एम.पी. 182552021ए 3602340, पंजीकरण दिनांक 20/07/2021 के माध्यम से वसीयत की गई भूमि पर नामांतरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। वर्तमान में भूमि विक्रेता बालकृष्ण पटेल पिता स्व. बिहारी लाल पटेल का नाम दर्ज है। तत्संबंध में नामांतरण किये जाने पर जिस किसी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो तो वे अपनी आपत्ति लिखित में मय दस्तावेज पेशी दिनांक 30/06/25 तक न्यायालय तहसीलदार अधारताल, जबलपुर में स्वयं उपस्थित होकर अथवा अधिवक्ता के द्वारा पेश कर सकता है। पेशी अवधि व्यतीत हो जाने पर आपत्तियों पर किसी भी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा। आज न्यायालय की मुद्रा व मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

जारी दिनांक- 11/06/2025
पेशी दिनांक- 30/06/2025

अतिरिक्त तहसीदार अधारताल, जबलपुर

र.नं. 187



**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्र.11 नगर निगम, जबलपुर**

पत्रक्र./सं.क्र. 11/19-20/25-26 दि. 13.6.25

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री हितेन्द्र कुमार मिश्रा पिता आत्म प्रकाश मिश्रा ने वार्ड क्रमांक- 67 रानी वीरांगना अवतीबाई के भवन क्रं. प्लेट नं. 5 राजुल डेवलपमेंट फेस-बी सम्पत्ति के पिन क्रमांक- 1000375168 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल/ रकवा.... व.फु. आरसीसी जिस पर निर्मित भूतल 926 वर्गफुट आरसीसी प्रथम तल-925 व.फु. निम्न दस्तावेज विक्रय पत्र के आधार पर निगम में दर्ज लेफ्टिनेंट संदीप कुमार पिता मुरलीलाल आर्या का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तन किये जाने पर जिस किसी व्यक्ति को उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक 11 राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी संभाग क्रं.-11 नगर निगम, जबलपुर

र.नं. 779



**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रं.-12 घंटाघर नगर निगम, जबलपुर**

पत्र क्र.-स.अधि./सं.क्र. 12/ 2025-26/ एम-03 दिनांक 12/06/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि श्री संजय शिवानी पिता स्व. श्री पी.आर. शिवनी (पृथ्वीराज शिवानी) ने मकान नं. 60/1,जीएफ/एस-1 वार्ड- लोकमान्य तिलक कुल क्षेत्रफल 154 व.फु., निर्मित क्षेत्रफल 154 व.फु., भूतल 154 व.फु. व्यवसायिक दान पत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी व्यक्ति को उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक -12 घंटाघर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी संभाग क्रं.-12 घंटाघर नगर निगम, जबलपुर

र.नं. 790



**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रं.-12 घंटाघर नगर निगम, जबलपुर**

पत्र क्र.-स.अधि./सं.क्र. 12/ 2025-26/ एम-02 दिनांक 12/06/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि श्री आकाश यादव पिता गोकल प्रसाद उर्फ गोकुल प्रसाद यादव ने मकान नं. 824 वार्ड- लोकमान्य तिलक कुल क्षेत्रफल 1136.25 व.फु., निर्मित क्षेत्रफल 300 व.फु., भूतल 300 व.फु. विक्रय पत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक -12 घंटाघर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी संभाग क्रं.-12 घंटाघर नगर निगम, जबलपुर

र.नं. 790



**न्यायालय तहसीलदार तहसील अधारताल जबलपुर** (विक्रय पत्र)

रा.प्र.क्र. 3462/अ-6/2024-25
जबलपुर, दिनांक -........

**आम इश्तहार**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती आशा बाई पति स्व. यशवंत राव साल्वे निवासी हनुमानताल का सिंधी कैंप, जबलपुर ग्राम महाराजपुर स्थित भूमि खसरा नं. 32/7 में से रकवा 1750 वर्गफुट भूमि जो आवेदक के पति द्वारा विक्रेता श्रीमती गिरजा बाई चौबे से रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दिनांक 23/02/1984 से क्रय किया जाना लेख किया है। जिसका फौती नामांतरण पेश है।

तत्संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा या आपत्ति हो तो नियत पेशी दिनांक 16/6/25 तक इस न्यायालय में स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि व्यतीत हो जाने के पश्चात् प्रस्तुत दावा/आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज न्यायालय की मुद्रा व मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

जारी दिनांक : 23/05/25
पेशी दिनांक : 16/06/25

अति. तहसीलदार, अधारताल जबलपुर

र.नं. 789



**न्यायालय तहसीलदार तहसील अधारताल जबलपुर**

रा.प्र.क्र. 652/अ-6/2024-25
जबलपुर, दिनांक - 30/05/2025

**आम इश्तहार**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्रीमती रीतू जैन वगैरह पति अजय जैन पिता विजय कुमार जैन निवासी कटरा बाजार सागर म.प्र. के द्वारा मौजा .... नजूल ब्लाक नंबर 50 प्लॉट नंबर 146 स्थित भूमि खसरा नंबर.... में से रकवा 2045 वर्गफुट भूमि पर विजय कुमार जैन की मृत्यु दिनांक 16/01/2006 को हो जाने के कारण वर्तमान राजस्व अभिलेखों में नाम दर्ज किये जाने हेतु विक्रय पत्र/ फौती/ वसीयतनामा के आधार पर नामांतरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र सहित अन्य दस्तावेज संलग्न कर आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

तत्संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा या आपत्ति हो तो नियत पेशी दिनांक 20/6/25 तक इस न्यायालय में स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि व्यतीत हो जाने के पश्चात् प्रस्तुत दावा/आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज न्यायालय की मुद्रा व मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

जारी दिनांक : 30/05/25
पेशी दिनांक : 20/06/25

तहसीलदार, अधारताल जबलपुर

र.नं. 788



**न्यायालय तहसीलदार तहसील अधारताल जबलपुर**

रा.प्र.क्र. 653/अ-6/2024-25
जबलपुर, दिनांक - 30/05/2025

**आम इश्तहार**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक प्रदीप कुमार जैन वगैरह पिता महेन्द्र कुमार जैन निवासी बड़ा फुहारा, जबलपुर के द्वारा मौजा .... नजूल ब्लाक नंबर 50 प्लॉट नंबर 146 पर स्थित भूमिा खसरा नं. ... में से रकवा 2045 व.फु. भूमि पर महेन्द्र कुमार जैन की मृत्यु दिनांक 27/05/2016 को हो जाने के कारण वर्तमान राजस्व अभिलेखों में नाम दर्ज किये जाने हेतु विक्रय पत्र/ फौती/ वसीयतनामा के आधार पर नामांतरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र सहित अन्य दस्तावेज संलग्न कर आवेदन प्रस्तुत किया गया है। तत्संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा या आपत्ति हो तो नियत पेशी दिनांक 20/6/25 तक इस न्यायालय में स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि व्यतीत हो जाने के पश्चात् प्रस्तुत दावा/आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा। आज न्यायालय की मुद्रा व मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

जारी दिनांक : 30/05/25
पेशी दिनांक : 20/06/25

तहसीलदार, अधारताल जबलपुर

र.नं. 787



**न्यायालय तहसीलदार तहसील अधारताल जबलपुर** (विक्रय पत्र)

रा.प्र.क्र. 0432/अ-6/2025-26
जबलपुर, दिनांक - ......

**आम इश्तहार**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती अनीता विश्वकर्मा पति श्री स्व. संजय विश्वकर्मा निवासी 3589 कटरा, अधारताल, जबलपुर ग्राम बैतला स्थित भूमि खसरा नं. 147/1/2 में से रकवा 1575 वर्गफुट भूमि जो आवेदक के द्वारा विक्रेता पुरुषोत्तम लाल राठौर से रजिस्टर्ड विक्रय दिनांक 12/04/65 से क्रय किया जाना लेख किया है।

तत्संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा या आपत्ति हो तो नियत पेशी दिनांक 20/6/25 तक इस न्यायालय में स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि व्यतीत हो जाने के पश्चात् प्रस्तुत दावा/आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज न्यायालय की मुद्रा व मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

जारी दिनांक : 13/06/25
पेशी दिनांक : 20/06/25

तहसीलदार, अधारताल जबलपुर

र.नं. 789



**न्यायालय तहसीलदार, तह. पनागर जिला-जबलपुर**

रा.प्र.क्रं/0665/अ-6/2025-26
पनागर, दिनांक 11/06/25

**आम इश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता एवं ग्राम हथना प.ह.नं. 61 तहसील पनागर जिला जबलपुर को सूचित किया जाता है कि, आवेदक श्रीमती शारदा देवी पति श्री ब्रम्हादेव तिवारी निवासी- शारदा भवन म.नं. 581 सी ओ डी कालोनी सुहागी आधारताल जबलपुर म.प्र. के द्वारा ग्राम हथना प.ह.नं. 61 रा.नि.मं. बरौदा स्थित भूमि खसरा नं. 215 रकवा 750 वर्गफुट भूमि पर विक्रेता श्रीमती फिलोमिना पाल जोजे श्री डेविक पाल के क्रय करने के उपरांत पंजीकृत विक्रय पत्र दिनांक 25.01.1999 के माध्यम से वर्तमान अभिलेख से आवेदक के पक्ष में नामांतरण किये जाने हेतु इस न्यायालय में नामांतरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। तत्संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो तो वे अपनी आपत्ति लिखित में आपत्ति मय दस्तावेज पेशी दिनांक तक इस न्यायालय में स्वयं उपस्थित होकर अथवा अधिवक्ता के द्वारा पेश कर सकता है। पेशी अवधि व्यतीत हो जाने पर प्राप्त आपत्तियों पर किसी भी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा। यह इश्तहार न्यायालय की मुद्रा व मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

जारी दिनांक- 11/06/2025
पेशी दिनांक - 26/06/2025

तहसीलदार पनागर

र.नं. 775

# अभिमत

**हम संख्याओं और विवादों से परे जाएं जिनमें से कुछ छोटे-छोटे दोष जान-बूझकर निकालने की तरह लग सकते हैं। यह स्पष्ट है कि उच्च आर्थिक विकास सभी लोगों के जीवन की बेहतरी की ओर अग्रसर है। विश्व बैंक ने नोट किया है कि अत्यधिक गरीबी में रहने वाले लोगों में से दो तिहाई लोग पांच राज्यों से आते हैं।**



## अब आजीविका और नौकरियों पर ध्यान केंद्रित हो



डॉ.अजीत रानाडे

विश्व बैंक के हाल के अनुमान में कहा गया है कि भारत में अत्यधिक गरीबी में रहने वाले लोगों की संख्या 2011-12 में 34.40 करोड़ से घटकर 2022-23 में 7.50 करोड़ हो गई। यानी 11 वर्षों में 26.90 करोड़ लोगों ने अत्यधिक गरीबी की दहलीज पार कर ली है। यह काफी प्रभावशाली और प्रशंसनीय है। गरीबी रेखा के संदर्भ में अत्यधिक गरीबी की क्रय शक्ति समायोजित एक तकनीकी परिभाषा है जिसे 2021 तक अपडेट किया गया है। अब यह 3 डॉलर प्रतिदिन है। गरीबी की एक अन्य संबंधित अवधारणा बहु-आयामी गरीबी सूचकांक (मल्टी डाईमेंशनल इंडेक्स- एमपीआई) के साथ घनिष्ठ संबंध रखने और उन्नत सर्वेक्षण के माध्यम से सटीक उपभोग आंकड़े एकत्र करने में भारत के लिए अपने सुधार का संज्ञान लेने के लिए भी इस अपडेट की आवश्यकता थी। गैर-तकनीकी शब्दों में विश्व बैंक की अत्यधिक गरीबी का अर्थ है ऐसे व्यक्तियों की आय इतनी कम होना है कि वह भोजन, स्वच्छ पानी, आश्रय और बुनियादी स्वास्थ्य देखभाल की अपनी बुनियादी जरूरतों को भी पूरा नहीं कर सकता है।

इस तरह की कम आय की अभिव्यक्ति दीर्घकालिक भूख या अल्पपोषण, स्वच्छता तक पहुंच की कमी व बुनियादी प्राथमिक शिक्षा या प्राथमिक स्वास्थ्य सेवा तक पहुंच का अभाव में होती है। चरम रूप में इसका अर्थ भुखमरी से होने वाली मौतों का विस्तार भी है। इन गंभीर मानदंडों के अनुसार, भारत की अत्यधिक गरीबी दर अब जनसंख्या का 5.3 प्रतिशत है। इस बात पर ध्यान देना चाहिए कि चूंकि भारत में 2011 से जनगणना नहीं हुई है इसलिए जनसंख्या के बारे में सटीक आंकड़ा या गरीबी अनुपात का भाजक अनुपलब्ध है। लेकिन कोई भी उचित अनुमान लगा सकता है। दुनिया में लगभग 83.80 करोड़ लोग अत्यधिक गरीबी में रहते हैं जिनमें से भारत के 7.50 करोड़ कुल आंकड़े का 9 प्रतिशत हैं। वैश्विक जनसंख्या में भारत की दोगुनी हिस्सेदारी को देखते हुए यह संतोषजनक है कि अत्यधिक गरीबी से निपटने के मामले में भारत वैश्विक औसत से आगे है। फिर भी कुल मिलाकर देखें तो भारत अत्यधिक गरीबी में रहने वाले लोगों की संख्या में नाइजीरिया के बाद केवल दूसरे स्थान पर है। भारत की आबादी को देखते हुए यह आश्चर्यजनक नहीं है लेकिन याद रखें कि चीन का अनुपात शून्य प्रतिशत के करीब है और चीनियों ने घोषणा की कि 2020 में ही उनके यहां अत्यधिक गरीबी समाप्त हो गई थी।

संयुक्त राष्ट्र ने 2015 में सतत विकास लक्ष्यों (सस्टेनेबल डेवलपमेंट गोल्स-एसडीजी) की घोषणा की थी जिनमें से पहला लक्ष्य 2030 तक अत्यधिक गरीबी का उन्मूलन था। इस प्रकार हमारे पास यह सुनिश्चित करने के लिए पांच साल बचे हैं कि हम एसडीजी के अनुसार अत्यधिक गरीबी से नीचे के लोगों के शून्य प्रतिशत के करीब पहुंचें। उल्लेखनीय है कि अत्यधिक गरीबी को मापने के लिए इस्तेमाल की जाने वाली गरीबी रेखा 2017-18 में इस्तेमाल किए गए पहले के 2.15 डॉलर से 3 डॉलर में स्थानांतरित हो गई है। उस निचली सीमा के अनुसार भारत में 2023 तक केवल 33.70 करोड़ लोग अत्यधिक गरीबी में रह रहे हैं। लेकिन 3 डॉलर की उच्च रेखा अधिक उपयुक्त है क्योंकि यह सभी कम आय वाले देशों की औसत गरीबी रेखाओं से ली गई है जिससे अंतरराष्ट्रीय तुलना अधिक वैध हो जाती है। यह राष्ट्रीय सर्वेक्षण डेटा और कार्यप्रणाली को भी ध्यान में रखता है।

यूएनडीपी और ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय की गरीबी और मानव विकास पहल (ओपीएचआई) द्वारा संयुक्त रूप से विकसित एमपीआई एक अधिक व्यापक उपाय है। यह स्वास्थ्य, शिक्षा और जीवन स्तर को कवर करने वाले दस मैट्रिक्स का उपयोग करता है। इनमें बाल मृत्यु दर, खाना पकाने के ईंधन का उपयोग, स्वच्छता एवं पीने के पानी तक पहुंच आदि जैसे विशिष्ट संकेतक शामिल हैं। एमपीआई को मापने के लिए नीति आयोग 10 के बजाय 12 संकेतकों का उपयोग करते हुए मातृ स्वास्थ्य तथा बैंक खाते तक पहुंच को भी जोड़ता है।

नीति आयोग के शोध के अनुसार भारत का एमपीआई 2013-14 में 29 प्रतिशत से घटकर 2022-23 में 11.3 फीसदी हो गया। इस विश्लेषण के अनुसार (और एक अनुपलब्ध जनगणना संख्या की चेतावनी के साथ) लगभग 24.80 करोड़ लोग एमपीआई गरीबी से बच गए। यूएनडीपी द्वारा दस संकेतकों के साथ गणना की गई एमपीआई जिसका उपयोग अंतरराष्ट्रीय तुलना के लिए किया जाता है, के अनुसार 2019-21 के दौरान भारत की एमपीआई गरीबी दर 15 फीसदी थी जो नीति आयोग द्वारा गणना की गई तुलना में लगभग 4 प्रति सैकड़ा अधिक थी। चूंकि 2017-18 के लिए व्यापक उपभोग सर्वेक्षण डेटा गायब है इसलिए इस विसंगति को हल करना संभव नहीं है। वर्ष 2021-22 में यूएनडीपी एमपीआई हेडकाउंट अनुपात के अनुसार वैश्विक रैंक में 109 देशों में भारत 66 क्रमांक पर था। विश्व बैंक ने अत्यधिक गरीबी पर अपने नवीनतम आंकड़ों के लिए एक सुसंगत वैश्विक रैंकिंग जारी नहीं की है। एमपीआई गरीबी दर के लिए नीति आयोग के आंकड़ों के मुकाबले यूएनडीपी द्वारा दिखाए गए उच्च एमपीआई ने विवाद पैदा कर दिया। बिजली या बैंक खातों जैसे अतिरिक्त संकेतकों का उपयोग जो सार्वभौमिक पहुंच के करीब हैं इस सूचकांक को तोड़ते-मरोड़ते हैं और इसे अधिक आशावादी बनाते हैं। दूसरी ओर, राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षणों जैसे गहन सर्वेक्षणों से पुष्टि होने से पता चला है कि एनीमिया और कुपोषण जैसे संकेतकों में गिरावट आई है जो निश्चित रूप से एमपीआई को प्रभावित करते हैं।

बहरहाल हम संख्याओं और विवादों से परे जाएं जिनमें से कुछ छोटे-छोटे दोष जान-बूझकर निकालने की तरह लग सकते हैं। यह स्पष्ट है कि उच्च आर्थिक विकास सभी लोगों के जीवन की बेहतरी की ओर अग्रसर है। विश्व बैंक ने नोट किया है कि अत्यधिक गरीबी में रहने वाले लोगों में से दो तिहाई लोग पांच राज्यों से आते हैं। इनमें उत्तर प्रदेश, बिहार, मध्य प्रदेश, पश्चिम बंगाल और महाराष्ट्र शामिल हैं। स्पष्ट रूप से अगले 12 वर्षों में इस स्थिति में आया व्यापक सुधार इन राज्यों में गहन और सफल प्रयासों के कारण था। गत पांच वर्षों से 81 करोड़ लोगों को दी गई मुफ्त खाद्यान्न योजना, निश्चित रूप से गरीबी उन्मूलन में एक बड़ा कारक है। इस योजना को और पांच वर्षों के लिए बढ़ाया गया है। स्वास्थ्य बीमा, पेयजल मिशन आदि जैसी सार्वभौमिक योजनाओं का प्रभाव भी ऐसा ही है।

इस मामले में आगे बढ़ते हुए यह ध्यान दिया जाना चाहिए कि गरीबी रेखा से ऊपर जाने का मतलब यह नहीं है कि आप फिर इसके नीचे नहीं आ सकते। यदि आजीविका अनिश्चित है तो परिवार में मृत्यु या बीमारी अथवा नौकरी छूटने जैसा एक प्रतिकूल सदमा इसे फिर गरीबी में वापस धकेल सकता है।

इसलिए हमें एक साथ सार्थक और सार्वभौमिक सामाजिक सुरक्षा का निर्माण करने की आवश्यकता है। राजकोषीय संसाधन सीमित हैं, सरकार के ऋण को गुब्बारे की तरह नहीं फुलाया जा सकता इसलिए सामाजिक सुरक्षा का विस्तार करने के लिए व्यय का कुछ पुनर्विन्यास जरूरी है। सामाजिक सुरक्षा लोक-लुभावनवाद के समान नहीं है यद्यपि बड़े पैमाने पर रोजगार सृजन करना इसका एकमात्र दीर्घकालिक तरीका है जो नियमित ढंग से आजीविका में सुधार कर सकता है। रोजगार सृजन का अर्थ है हजारों छोटे उद्यमों का निरंतर निर्माण और बड़े पैमाने पर कौशल व प्रशिक्षण देना।

इन सभी लक्ष्यों को अब नौकरियों पर खतरा पैदा कर रहे आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, रोबोटिक्स और ऑटोमेशन जैसी नई चुनौतियों के साथ हासिल करने होगें। कुल मिलाकर हमें जल्द ही सापेक्ष गरीबी व असमानता को कम करने पर भी ध्यान केंद्रित करने की आवश्यकता होगी क्योंकि उच्च आर्थिक विकास की लूट को शीर्ष पर बैठे कुछ लोगों को नहीं दिया जा सकता। अगले पांच वर्षों में अत्यधिक गरीबी का उन्मूलन एक अच्छा मौका है लेकिन एक विकसित राष्ट्र की ओर बढ़ने की यात्रा में हमें बहुत काम करना है।

**(लेखक जाने-माने अर्थशास्त्री हैं। सिंडिकेट: द बिलियन प्रेस)**

**इन सभी लक्ष्यों को अब नौकरियों पर खतरा पैदा कर रहे आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, रोबोटिक्स और ऑटोमेशन जैसी नई चुनौतियों के साथ हासिल करने होगें। कुल मिलाकर हमें जल्द ही सापेक्ष गरीबी व असमानता को कम करने पर भी ध्यान केंद्रित करने की आवश्यकता होगी क्योंकि उच्च आर्थिक विकास की लूट को शीर्ष पर बैठे कुछ लोगों को नहीं दिया जा सकता। अगले पांच वर्षों में अत्यधिक गरीबी का उन्मूलन एक अच्छा मौका है लेकिन एक विकसित राष्ट्र की ओर बढ़ने की यात्रा में हमें बहुत काम करना है।**

### बीता सप्ताह

**7 जून**
- पीएम मोदी ने दुनिया के सबसे ऊंचे चिनाब ब्रिज का उद्घाटन किया।
- मंत्री किरेन रिजिजू ने लांच किया उम्मीद पोर्टल, अब एक क्लिक में मिलेगी वक्फ संपत्ति की जानकारी।
- सऊदी/सीरिया के राजधानियों की सीधी उड़ाने 12 साल बाद फिर से शुरू हुई।
- चीनी ग्रह डिटेक्टर श्येनवन-2 ने की नई तस्वीरें अपलोड।

**8 जून**
- आरसीबी खिताबी जश्न में हुई भगदड़ को लेकर कर्नाटक राज्य क्रिकेट संघ के दो अधिकारियों ने इस्तीफा दे दिया।
- केन्द्र सरकार ने जारी किया कोविड से हुई मौतों का आंकड़ा। 2022 में कोविड से 86.5 लाख मौतें।
- नार्वे के ग्रैंड मास्टर मैग्नस कार्लसन ने नार्वे शतरंज का 7वां खिताब जीत लिया।
- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने भारतीय रिजर्व बैंक के डिप्टी गवर्नर टी रविशंकर को 16वें वित्त आयोग का अंशकालिन सदस्य नियुक्त किया।

**9 जून**
- कोलंबियाई राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार मिगुएल उरीबे को एक रैली में गोली मार दी गई।
- मंगल पर मिला धरती से भी बड़ा ज्वालामुखी, मौना लोझा से भी दुगूनी ऊंचाई है।
- इंडियन क्रिकेटर रिंकू सिंह और समाजवादी पार्टी के सांसद प्रिया सरोज ने रचाई शादी।
- मई से मार्केट शेयर चार फीसदी हुआ पार, भारत में तेजी से बाद रही इलेक्ट्रिक कारों की बिक्री।

**10 जून**
- छग के बस्तर में आईईडी ब्लास्ट में नक्सलियों ने एएसपी आकाश राव गिरेपुंजे को निशाना बनाया। आकाश राव गिरेपुंजे शहीद हुए।
- ऑपरेशन सिंदूर में अहम भूमिका निभाने वाले भारतीय सेना के डायरेक्टर जनरल ऑफ मिलीट्री ऑपरेशन (डीजीएमओ) लेफ्टिनेंट जनरल राजीव घई को पदोन्नति दी गई।
- चीन ने सऊदी अरब, ओमान, कुवैत और बहरीन के लिए शुरू की वीजा मुक्त नीति।
- 10 वर्षीय अतीका मीर रोटैक्स यूरो ट्राफी में शीर्ष 10 में स्थान पाने वाली पहली भारतीय बनीं।

**11 जून**
- कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खंरगे ने पीएम मोदी को पत्र लिखकर कहा कि लोकसभा उपाध्यक्ष का चुनाव जल्द करवाएं।
- पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बेनर्जी ने कहा कि पहलगाम हमला केन्द्र की लापरवाही का नतीजा है।
- छत्तीसगढ़ के बिलासपुर हाइकोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी मिली।
- जापान में व्यक्तिगत डेटा लीक होने का मामला रिकार्ड ऊंचाई पर पहुंच गया है।

**12 जून**
- छग में बस्तर में नक्सलियों के साथ हुए मुठभेड़ में 5 लाख का इनामी नक्सली बमन ढेर हो गया।
- कांग्रेस नेता लक्ष्मण सिंह 6 वर्ष के लिए कांग्रेस से निष्कासित कर दिए गए।
- चीन ने जारी की दुनिया की पहली डीप-सी सीमाउंट डिजीटल इंटेलिजेंट प्रणालीद्ध
- संयुक्त राष्ट्र ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय बातचीत में टकराव की जगह संवाद जरिया बने।

**13 जून**
- गुजरात के अहमदाबाद में एयर इंडिया का विमान क्रेश 241 यात्रियों की मौत हो गई।
- राज्यसभा चुनाव में तमिलनाडु में 6 उम्मीदवार निर्विरोध निर्वाचित।

## पोषण और स्वास्थ्य से जूझ रहे 80 करोड़ भारतीयों के लिए जीडीपी रैंकिंग अप्रासंगिक

■ पी. सुधीर

नीति आयोग के सीईओ ने दावा किया है कि भारत चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में उभरा है। उन्होंने कम से कम इतना तो सच कहा कि यह बात अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के विश्व आर्थिक परिदृश्य में 2025-26 के अनुमानों पर आधारित थी। आगे विस्तार से जानने पर हमें ठीक-ठीक पता चलता है कि भारत की नाममात्र जीडीपी जापान के 4,186.431अरब डॉलर से थोड़ा आगे बढ़कर 4,187.017अरब डॉलर तक बढ़ने का अनुमान है। यह बिलकुल अलग बात है कि भारत की प्रति व्यक्ति आय डॉलर के हिसाब से नाममात्र है और जो जापान की प्रति व्यक्ति आय का मात्र तेरहवां हिस्सा है। इसलिए, मोदी सरकार के आर्थिक थिंक टैंक के समर्थकों के बीच मौजूदा उत्साह, जिसे गोदी मीडिया के चाटुकारों द्वारा और बढ़ाया जा रहा है, विचित्र लगता है।

**सकल घरेलू उत्पाद के आंकड़ों को लेकर यह जुनून आकस्मिक नहीं है। यह वित्त-संचालित नवउदारवादी आर्थिक प्रतिमान की विशेषता है। यह लोगों की स्थिति और उनकी आजीविका के बारे में जितना बताता है, उससे कहीं अधिक छिपाने में मदद करता है। वैश्विक प्रवृत्ति का हिस्सा होते हुए भी, यह विकृति भारत में विशेष रूप से स्पष्ट है, जिसे अब दुनिया की सबसे असमान अर्थव्यवस्थाओं में गिना जाता है।**

दरअसल, सकल घरेलू उत्पाद के आंकड़ों को लेकर यह जुनून आकस्मिक नहीं है। यह वित्त-संचालित नवउदारवादी आर्थिक प्रतिमान की विशेषता है। यह लोगों की स्थिति और उनकी आजीविका के बारे में जितना बताता है, उससे कहीं अधिक छिपाने में मदद करता है। वैश्विक प्रवृत्ति का हिस्सा होते हुए भी, यह विकृति भारत में विशेष रूप से स्पष्ट है, जिसे अब दुनिया की सबसे असमान अर्थव्यवस्थाओं में गिना जाता है। विश्व असमानता रिपोर्ट 2022 के अनुसार, भारत की आबादी के शीर्ष 1 प्रतिशत के पास देश की 40 प्रतिशत से अधिक संपत्ति है, जबकि निचले 50 प्रतिशत के पास केवल 3 प्रतिशत है। आय असमानता भी उतनी ही स्पष्ट है – शीर्ष 10 प्रतिशत लोग राष्ट्रीय आय का 57 प्रतिशत से अधिक कमाते हैं। इस संदर्भ में, समग्र जीडीपी और यहां तक कि प्रति व्यक्ति जीडीपी के प्रति जुनून केवल एक भ्रामक मीट्रिक नहीं है; यह तो कॉर्पोरेट-सामुदायिक गठजोड़ द्वारा सार्वजनिक चर्चा को विचलित करने के लिए जानबूझ कर बनाई जा रही हवा है।

इसका आधार स्पष्ट और जोरदार है। जैसा कि ब्राजील के प्रसिद्ध अर्थशास्त्री अल्फ्रेडोसाद-फिल्हो ने 2006 में देखा था, 'यह वित्त-संचालित नवउदारवादी शासन के तहत सामाजिक जीवन के सभी क्षेत्रों में गैर-हस्तक्षेप के वैचारिक आवरण के तहत एक आधिपत्य परियोजना को लागू करने के लिए राज्य शक्ति के व्यवस्थित उपयोग पर आधारित शोषण और सामाजिक वर्चस्व है।' वित्तीय बाजारों और अमेरिकी पूंजी के वैश्विक हितों के तहत, वस्तुओं और सेवाओं का उत्पादन पूंजी का मुख्य कार्य नहीं रह गया है। इसके बजाय, पूंजी अब मुख्य रूप से सट्टा वित्तीय गतिविधियों के माध्यम से अल्पकालिक सुपर-मुनाफा उत्पन्न करने के लिए तैनात की जाती है।

वित्त द्वारा मध्यस्थता, अर्थव्यवस्था में पूंजी के तीन मुख्य स्रोतों- राज्य वित्त, घरेलू बचत पूल और घरेलू और विदेशी पूंजी के बीच संबंध –पर नियंत्रण तेजी से अनियमित और केंद्रित हो गया है। यह गतिशीलता उस हताशा में परिलक्षित होती है जिसके साथ ट्रम्प प्रशासन ने घरेलू विनिर्माण नौकरियों को पुनर्जीवित करने के प्रयास में टैरिफ युद्ध को आगे बढ़ाया। विडंबना यह है कि यह अमेरिका के नेतृत्व वाले साम्राज्यवाद के तत्वावधान में जिसमें वित्त का वैश्विक प्रभुत्व पहली बार स्थापित हुआ था। सदी के अंत में, 2000 में, वैश्विक विदेशी संस्थागत निवेश (एफआईआई) 400 ट्रिलियन अमरीकी डॉलर तक बढ़ गया, जबकि वैश्विक प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) केवल 65 ट्रिलियन अमरीकी डॉलर था – प्रत्यक्ष निवेश के प्रत्येक डॉलर के लिए, स्टॉक और डेरिवेटिव जैसे सट्टा साधनों में सात डॉलर डाले गये। लगभग एक चौथाई सदी बाद, वित्त का प्रभुत्व और भी अधिक स्पष्ट है।

स्पष्ट रूप से, आईएमएफ के अनुमानित जीडीपी आंकड़े समकालीन पूंजीवाद के आंतरिक कामकाज या श्रमिक वर्ग के लिए इसके विनाशकारी परिणामों को समझाने के लिए अत्यल्प जानकारी प्रस्तुत करते हैं। भारत में, आबादी का शीर्ष 1 प्रतिशत कुल सकल घरेलू उत्पाद का 40 प्रतिशत नियंत्रित करता है। इसका मतलब है कि लगभग 1.4अरब लोगों की प्रति व्यक्ति आय केवल 1,670 अमरीकी डॉलर के आसपास रह गयी है। अगर हम देश की 62 प्रतिशत संपत्ति पर नियंत्रण रखने वाले शीर्ष 5 प्रतिशत लोगों को हटा दें, तो औसत और भी गिरकर लगभग 1,100 अमेरिकी डॉलर हो जाता है – जो सालाना 1 लाख रुपये से भी कम है। यह आबादी के भारी बहुमत द्वारा सामना की जाने वाली गंभीर वास्तविकता को दर्शाता है।

इस असमानता को और भी जटिल बनाता है जीडीपी योगदान में क्षेत्रवार विषमता। जीडीपी का बड़ा हिस्सा पूंजी-गहन सेवा क्षेत्रों और बड़े कॉर्पोरेट उद्यमों द्वारा उत्पन्न होता है। इस बीच, असंगठित अनौपचारिक क्षेत्रों और कृषि में लगे लोग – जो कार्यबल का एक महत्वपूर्ण हिस्सा हैं – कुल जीडीपी में केवल एक नगण्य हिस्सा योगदान करते हैं। नतीजतन, बढ़ती बेरोजगारी के साथ-साथ स्थायी आय और आजीविका में संकट गहराता जा रहा है।

विश्व स्तर पर, धनी लोगों द्वारा नीति पर कब्ज़ा करने से कर नीतियों, नियामक ढांचे और सार्वजनिक निवेश निर्णयों को उनके लाभ के लिए आकार दिया गया है। भारत में, यह कब्ज़ा और भी तीव्र है। कॉर्पोरेट हितों की बढ़ती पकड़, साथ ही क्रोनीपूंजीवाद के उदय ने सार्वजनिक संपत्तियों- प्राकृतिक संसाधनों सहित – को निजी हाथों में व्यवस्थित रूप से स्थानांतरित कर दिया है। जबकि कॉर्पोरेट मुनाफे में उछाल आया है, राष्ट्रीय आय में श्रम का हिस्सा घट गया है।

भारत में स्थिति विशेष रूप से विकट है। विमुद्रीकरण ने अनौपचारिक अर्थव्यवस्था को गंभीर झटका दिया, जिसने व्यवधान का खामियाजा उठाया। कोविड-19 महामारी के बाद की स्थिति और भी खराब हो गयी। ऐसे माहौल में, अतिरिक्त रोजगार पैदा करने या स्थायी आय सुनिश्चित करने की कोई गुंजाइश नहीं है। कुल सकल घरेलू उत्पाद में नाममात्र की वृद्धि भी साझा समृद्धि का कोई सुबूत नहीं देती है। कामकाजी गरीबों और बेरोजगारों से परे, मध्यम वर्ग भी तेजी से असुरक्षित हो रहा है – न केवल पीछे छूट रहा है, बल्कि नीचे की ओर खिसकने का जोखिम भी है। धन के पुनर्वितरण नीतियों की अनुपस्थिति में, अभिजात वर्ग सार्वजनिक सेवाओं से बाहर निकलने का जोखिम उठा सकता है – विशेष निजी स्कूलों, कॉर्पोरेट अस्पतालों और बंद आवासीय समुदायों पर निर्भर करता है। यह सार्वभौमिक सार्वजनिक प्रणालियों में निवेश करने की राजनीतिक इच्छा को खत्म कर देता है।

इसलिए बुनियादी पोषण, आवास, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवा से जूझ रहे 80 करोड़ भारतीयों के लिए, जीडीपी रैंकिंग अप्रासंगिक है। कॉर्पोरेट-सांप्रदायिक गठजोड़ का उदय आकस्मिक नहीं है; यह लोगों को पहचान के आधार पर विभाजित करने का काम करता है, जिससे शासन का निरंतर प्रभुत्व सुनिश्चित होता है। इस संदर्भ में, जनता द्वारा एकजुट एवं सामूहिक संघर्ष ही आगे बढ़ने का एकमात्र व्यवहार्य मार्ग है।

## मिरज में मौजूद है, सितार को 'जन्म' देने की परंपरा?

■ नजरुल हक

दक्षिण महाराष्ट्र के सांगली ज़िले में, कर्नाटक की सीमा के पास स्थित ऐतिहासिक नगर मिरज पहली नज़र में साधारण सा प्रतीत हो सकता है। एक छोटा रेलवे जंक्शन, धूल भरे बाज़ार और शांत आवासीय मोहल्ले- ये सब इस नगर की गहराई और महत्व को तुरंत नहीं दर्शाते, लेकिन पिछले 150 वर्षों से अधिक समय से मिरज भारत के सांस्कृतिक नक्शे पर एक विशिष्ट स्थान रखता है- केवल शास्त्रीय संगीत के एक केंद्र के रूप में ही नहीं, बल्कि एक हस्तनिर्मित परंपरा के हृदय-स्थल के रूप में, जो अब भी दुनिया के बेहतरीन तार-वाद्य यंत्रों का निर्माण करती है।

जब आप उस संकरी गली में प्रवेश करते हैं जिसे पहले 'सितारमेकर गली' के नाम से जाना जाता था—और अब इसे आधिकारिक तौर पर 'फ़रीदसाहब सितारमेकर मार्ग' कहा जाता है—तो आप एक ऐसी दुनिया में पहुंच जाते हैं जहां लकड़ी, धातु और मानवीय स्पर्श मिलकर ऐसी ध्वनियां रचते हैं जो विश्व भर के संगीत सभागारों में गूंजती हैं। यह गली बहुत लंबी नहीं है, मुश्किल से कुछ सौ मीटर की, लेकिन इसका महत्व अत्यधिक है। यहीं पीढ़ियों से कारीगर सितार, तानपुरा, सरोद और वीणा जैसे तार-वाद्य यंत्रों को बनाते आए हैं—ऐसी तकनीकों से जो मौखिक परंपरा से चली आ रही हैं और जिन्हें अभ्यास, अंतर्ज्ञान और भक्ति से परिष्कृत किया गया है।

**वैश्विक मान्यता के बावजूद, मिरज के कारीगर आज अनेक चुनौतियों से जूझ रहे हैं। शास्त्रीय संगीत के श्रोताओं में गिरावट, सस्ते कारखाना-निर्मित वाद्यों की उपलब्धता और संस्थागत सहयोग की कमी इस कला के अस्तित्व को खतरे में डाल रही है। फिर भी यह समुदाय डटा हुआ है। स्थानीय संगठनों और कुछ स्वयंसेवी संस्थाओं ने इन कारीगरों के काम का दस्तावेज़ीकरण करना शुरू किया है।**

मिरज के सितार निर्माण केंद्र में बदलने की कहानी 19वीं सदी में शुरू होती है, एक दूरदर्शी कारीगर—फ़रीदसाहब सितारमेकर—के साथ। फ़रीदसाहब का जन्म 1827 में हुआ था। वे शिकलगारों के समुदाय से थे। ये मुस्लिम धातु-शिल्पकारों का एक समुदाय था जो मूलत: 17वीं सदी में बीजापुर के आदिलशाही शासन के दौरान मिरज में आकर बस गया था। ये कुशल कारीगर पारंपरिक हथियारों, जैसे-तलवारें, ढालें और कटार बनाने और मरम्मत करने में विशेषज्ञ थे। पीढ़ियों तक, उनके जीवन की लय थी: हथौड़े की टनटनाहट और लोहे पर पड़ती चोट।

लेकिन 18वीं और 19वीं सदी के आगमन के साथ गहरे परिवर्तन आए। बारूद वाले हथियारों के उदय, भारतीय रियासतों के पतन और ब्रिटिश औपनिवेशिक शासन के सुदृढ़ होने के कारण शिकलगारों की पारंपरिक कला अप्रासंगिक हो गई। अब जब युद्धों में तलवारों और भालों की आवश्यकता नहीं रही, तो उनका कौशल भी समाप्ति की कगार पर पहुंच गया। भारत के कई कारीगर समुदायों की तरह, उन्हें भी पुनर्निर्माण या विलुप्ति के बीच चयन करना पड़ा। कई शिकलगारों ने सामान्य बढ़ईगिरी, घरेलू औज़ार बनाने या धातु-सज्जा का काम अपनाया, लेकिन फ़रीदसाहब ने, जो उस समय सांस्कृतिक रूपांतरण के दौर से गुज़र रहे मिरज में रह रहे थे, एक अलग राह देखी।

उसी समय मिरज पर 'पटवर्धन वंश' का शासन था और श्रीमंत बालासाहब पटवर्धन (द्वितीय) को कला का विशेष संरक्षणकर्ता माना जाता था। उन्होंने उत्तर भारत से संगीतज्ञों को मिरज बुलवाया और बसाया, जिससे यह नगर हिंदुस्तानी शास्त्रीय संगीत का एक केंद्र बन गया। कलाकारों के साथ वाद्ययंत्र भी आए और उनके साथ उनकी मरम्मत, स्वरलयन और अंतत: विशेष निर्माण की ज़रूरतें भी।

फ़रीदसाहब ने तार-वाद्य यंत्रों की मरम्मत से शुरुआत की और उनके निर्माण की बारीकियों को गहराई से समझना शुरू किया। उनमें जन्मजात जिज्ञासा थी, वे टूटे-फूटे पुराने वाद्ययंत्रों को खोलकर उनके ध्वनि-विज्ञान को समझने का प्रयास करते थे। उनके वंशजों के बीच एक चर्चित किस्सा है कि फ़रीदसाहब कई हफ्तों तक एक सितार के पास सोते रहे, रात के अलग-अलग समय पर उसे थपथपाते रहते, ताकि आर्द्रता और तापमान का उसकी ध्वनि पर कैसा असर पड़ता है, यह जान सकें।

उनकी असली खोज तब हुई जब उन्होंने पाया कि स्थानीय खेतों में उगने वाली लौकी—जिनका उपयोग साधु जलपात्र के रूप में करते थे—ध्वनि अनुनाद (रेजोनेन्स) के लिए आदर्श होती हैं। ये लौकियां या तो स्थानीय खेतों से प्राप्त की जातीं या विशेष रूप से उगाई जातीं। इन लौकियों को धीरे-धीरे सुखाकर और संसाधित कर 'प्राकृतिक अनुनाद कक्ष' (रेजोनेटर) बनाया जाता था। अपने भाई मोइनुद्दीन की सहायता से फ़रीदसाहब ने हाथ से ही पूरी तरह सितार बनाना शुरू किया—लकड़ी की किस्मों, तारों के तनाव और जावरी (जो वाद्य के स्वरगुण को आकार देती है) के सूक्ष्म संतुलन पर प्रयोग करते हुए।

उनकी साधारण सी कार्यशाला से जो वाद्य निकले, उनमें एक विशिष्ट ध्वनि थी—गंभीर, समृद्ध और गहराई लिए हुए। धीरे-धीरे यह बात फैलने लगी। जैसे-जैसे मांग बढ़ी, फ़रीदसाहब ने अपने बेटों और शिष्यों को प्रशिक्षण देना शुरू किया। जल्द ही पूरे-के-पूरे परिवार इस कला में लग गए और 'सितारमेकर गली' एक जीवित संग्रहालय बन गई। समय के साथ मिरज उच्च गुणवत्ता वाले तारवाद्यों के पर्याय के रूप में प्रसिद्ध हो गया। भारत और दुनिया भर के संगीतज्ञ मिरज से विशेष आदेश पर वाद्य मंगवाने लगे।

20वीं सदी के मध्य तक मिरज के वाद्यों की ख्याति किंवदंती बन चुकी थी। पंडित रविशंकर—जिन्होंने भारतीय शास्त्रीय संगीत को पश्चिम में लोकप्रिय किया—ने मिरज से सितार बनवाए। उस्ताद विलायत ख़ान ने भी, जिनकी 'विलायतखानी' सितार शैली आज भी वाद्य-निर्माताओं को प्रेरित करती है, मिरज के सितारों को अपनाया। वास्तव में, कुछ मिरज में बने सितारों के नाम ही 'रविशंकर शैली' या 'विलायत ख़ान शैली' रखे गए हैं—ये नाम डिज़ाइन के स्वामित्व की बजाय उन विशिष्ट ध्वनि-गुणों को दर्शाते हैं जिन्हें ये महान संगीतज्ञ पसंद करते थे। एक बार विलायत ख़ान के एक शिष्य ने कहा था, 'मिरज का सितार केवल गाता नहीं है—वह सांस भी लेता है।'

आज भी मिरज के कारीगर किसी स्वचालित मशीनरी का उपयोग नहीं करते। उनके औज़ार सरल हैं—छीनी, रेसर, हस्त-ड्रिल और लकड़ी की क्लैंप। कार्यशाला की प्रक्रिया सहयोगी होती है: हर कारीगर किसी एक हिस्से में विशेषज्ञ होता है—चाहे वह तुम्बा (लौकी) को तराशना हो, डंडी (गर्दन) बनाना हो या फ़्रेट्स को स्वरलय देना हो।

जो बात मिरज को विशिष्ट बनाती है, वह है इसकी कला से निकटता और आत्मीयता। यहां वाद्य तैयार नहीं किए जाते, उन्हें 'जन्म' दिया जाता है—हर संगीतज्ञ की हथेली, शैली और ध्वनि-रुचि के अनुसार विशेष रूप से। एक मिरज का सितार बनकर तैयार होने में कई सप्ताह या महीने लग सकते हैं, यह उसकी जटिलता और कारीगर की व्यस्तता पर निर्भर करता है।

इस शिल्प का अधिकांश ज्ञान आज भी लिखित नहीं है। यह अवलोकन और मौखिक परंपरा के माध्यम से पीढ़ी-दर-पीढ़ी हस्तांतरित होता है, जहां युवा शागिर्द अपने बड़ों की सहायता करते हुए सीखते हैं—लकड़ी की नसों, वार्निश की गाढ़ाई या फ्रेट संरेखण की बारीकियों को आत्मसात करते हुए। एक कारीगर ने कभी कहा था, 'आप केवल सितार बनाना नहीं सीखते—आप उसे जन्म लेने से पहले सुनना सीखते हैं।' वैश्विक मान्यता के बावजूद, मिरज के कारीगर आज अनेक चुनौतियों से जूझ रहे हैं। शास्त्रीय संगीत के श्रोताओं में गिरावट, सस्ते कारखाना-निर्मित वाद्यों की उपलब्धता और संस्थागत सहयोग की कमी इस कला के अस्तित्व को खतरे में डाल रही है। फिर भी यह समुदाय डटा हुआ है। स्थानीय संगठनों और कुछ स्वयंसेवी संस्थाओं ने इन कारीगरों के काम का दस्तावेज़ीकरण करना शुरू किया है, कार्यशालाओं और प्रदर्शनियों का आयोजन भी हो रहा है। आधुनिक शास्त्रीय संगीतज्ञों में हस्तनिर्मित वाद्यों के प्रति जागरूकता भी बढ़ रही है, जिससे संरक्षण का एक धीमा, लेकिन स्थिर पुनरुत्थान हो रहा है।

आज भी जब आप 'फ़रीदसाहब सितारमेकर मार्ग' से गुजरते हैं, तो कार्यशालाओं में गहरी एकाग्रता-भरा सन्नाटा गूंजता है। युवा लड़के अपने पिता और चाचा की सहायता करते हैं—छोटे औज़ार पकड़ाते हुए, फ्रेट काटते या नए तने हुए सितार को सुर में मिलाते हुए। हवा में रोज़वुड के बुरादे और वार्निश की सुगंध है, और कहीं पीछे एक तानपुरा धीरे-धीरे गुनगुना रहा है।

**(लेखक आज़ीम प्रेमजी विश्वविद्यालय, बेंगलुरु में प्राध्यापक हैं।)**

## ई-ऑटो चालकों की धमाचौकड़ी, बेतरतीब तरीके से चलने से आम जन हो रहे हैं परेशान



**जबलपुर, देशबन्धु।** शहर में इन दिनों ई-ऑटो की धमाचौकड़ी लोगों के लिये परेशानी का कारण बन गई है। अति व्यस्तम इलाकों में सुबह से रात तक बेतरतीब तरीके से इनका संचालन किया जा रहा है। यहां यह बात ध्यान देने वाली है कि अब तक प्रशासन के जवाबदार अधिकारी इस पर ध्यान नहीं दे रहे हैं। जिससे समस्या हर दिन बढ़ रही है।

उल्लेखनीय है कि बीते दिनों में देखा गया है कि तेजी से शहर में ई-ऑटो की संख्या में वृद्धि हो रही है। सबसे चिंता वाली बात यह है कि तय गाइड लाइन के अनुरूप इन्हें नहीं चलाया जाता है। ज्यादातर ऑटो चालक ऐसे स्थान इत्यादि जगह खड़ा कर देते हैं, जिससे दूसरे वाहन चालकों को दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। इससे कई बार हादसे भी हो जाते हैं। इनका संतुलन भी बिगड़ जाता है। जिसके कारण हर रोज कई तरह की व्यवहारिक कठिनाइयां सामने आ रही हैं।

इधर नगर के अंधेरदेव, फुहारा, सराफा, गंजीपुरा, सदर, गढ़ा, रांझी, आधारताल इत्यादि में इनकी धमाचौकड़ी व्याप्त है। कई अवसरों पर विभिन्न माध्यमों से जवाबदार अधिकारियों तक यह बात पहुंचाई गई लेकिन सकारात्मक पहल देखने को नहीं मिली है।

इन ऑटो चालकों को यातायात पुलिस द्वारा समझाईश देते हुये कार्यशाला आयोजित करनी चाहिये ताकि इनकी रोजी रोटी बिना प्रभावित हुये शहर के यातायात को भी व्यवस्थित बनाने में मदद मिल सके।

## सीएम हेल्पलाईन के प्रकरणों का निराकरण प्राथमिकता से करें-संभागायुक्त

**संभागायुक्त धनंजय सिंह ने की योजना भवन में विभागीय कार्यों की समीक्षा**

**जबलपुर, देशबन्धु।** संभागायुक्त धनंजय सिंह ने कहा कि सीएम हेल्पलाईन के प्रकरणों का निराकरण प्राथमिकता से करें। उन्होंने सीएम हेल्पलाईन के प्रकरणों में सभी विभागों को गहन समीक्षा करने को कहा तथा जिन क्षेत्र में सीएम हेल्पलाईन के अधिक प्रकरण दर्ज हो रहे हैं उन क्षेत्रों में बेहतर कार्य करने के निर्देश दिए। संभागायुक्त श्री सिंह ने सीएम हेल्पलाईन के प्रकरणों के संबंध में विभागों से विभिन्न स्तरों पर लंबित प्रकरणों की जानकारी ली और सीएम हेल्पलाईन के प्रकरणों में संतुष्टि पूर्वक निराकरण के निर्देश दिए। संभागायुक्त श्री सिंह शुक्रवार को जिला योजना भवन में विभागीय कार्यों की समीक्षा कर रहे थे। इस अवसर पर कलेक्टर सोमेश मिश्रा, जिला पंचायत सीईओ श्रेयांश कूमट, अपर कलेक्टर अरविंद सिंह सहित विभागीय अधिकारी मौजूद थे। संभागायुक्त श्री सिंह ने कहा कि सभी अधिकारी हितग्राहीमूलक योजनाओं का लाभ हितग्राहियों तक अनिवार्य रूप से पहुंचाएं।

संभागायुक्त धनंजय सिंह ने खरीफ फसलों के लिए किसानों को मानक एवं गुणवत्ता पूर्ण खाद एवं बीज उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि खरीफ फसलों के लिए खाद एवं बीज का विक्रय करने वाले दुकानों का नियमित रूप से निरीक्षण करें। अमानक खाद एवं बीज का विक्रय न हो सके। अमानक खाद एवं बीज के प्रकरणों में संगत नियमों एवं शासन निर्देशों के अंतर्गत कठोर वैधानिक कार्यवाही सुनिश्चित की जाए।

संभागायुक्त श्री सिंह ने विभागों के द्वारा ई-फाईलिंग कार्यों के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने सभी विभागों को ई-फाईलिंग अंतर्गत कार्य करने के निर्देश दिए। साथ ही ई-केवाईसी, ई-ऑफिस प्रणाली का क्रियान्वयन की भी विस्तृत समीक्षा की।

संभागायुक्त श्री सिंह ने आयोजित बैठक में जल गंगा संवर्धन अभियान के कार्यों की समीक्षा की। जिसमें उन्होंने जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत नवीन खेत तालाब निर्माण, डगवेल रिचार्ज, अमृत सरोवर के कार्य, जल स्त्रोतों की साफ-सफाई एवं जल चौपाल के संबंध में जानकारी ली।

कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने जिले में चल रहे बीजांकुर अभियान के बारे में जानकारी दी। संभागायुक्त श्री सिंह ने आयोजित बैठक में इसके बाद जिले में स्वामित्व योजना की प्रगति, ईकेवाईसी की प्रगति, तथा आरसीएमएस के कार्यों की समीक्षा की।

राजस्व विभाग के अधिकारियों को नामांतरण, सीमांकन एवं बंटवारा के लंबित प्रकरणों का मिशन मोड में निराकरण के निर्देश दिए।

उल्लखेनीय है कि संभाग आयुक्त द्वारा राजस्व प्रकरणों की नियमित समीक्षा की जा रही है।

## 15 दिन के लिखित आश्वासन के बाद धरना समाप्त



**जबलपुर, देशबन्धु।** विगत दो दिवस पहले चौधरी बस्ती चंडाल भाटा में शराब दुकान के पास हुए विवाद में एक युवक सागर चौधरी की मौत हो गई थी जिसको लेकर पूर्व पार्षद जितिन राज के नेतृत्व में क्षेत्रीय जनों ने बड़ी संख्या में शराब दुकान के सामने धरना प्रारंभ कर दिया था और यह मांग थी कि शराब दुकान को यहां से स्थानांतरित किया जाए लगभग 36 घंटे चले इस धरने में शराब ठेकेदार ने मौके पर पहुंचकर लिखित रूप से यह आश्वासन दिया है कि 15 दिन के अंदर वह इस दुकान को अन्य जगहों पर शिफ्ट कर लेगा और इन 15 दिनों के दौरान उसे जगह पर कोई भी घटना दुर्घटना नहीं होगी पुलिस की गश्त नियमित रूप से लगेगी एवं वहां पर बस्ती की तरफ कैमरे एवं लाइट की व्यवस्था की जाएगी इस लिखित आश्वासन के बाद इस धन्य को 15 दिन के लिए स्थगित कर दिया गया है, धरने में प्रमुख रूप से पिंटू चौधरी प्रवीण चौधरी राजा रैकवार सोनू कुकरेल सौरभ चौधरी प्रशांत कुकरेला सावन चौधरीसहित क्षेत्रीय महिलाएं एवं बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## कृषि अधिकारियों ने किया कटंगी के उर्वरक एवं बीज विक्रेताओं के प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण

**जबलपुर, देशबन्धु।** किसानों को गुणवत्तापूर्ण बीज एवं उर्वरक की उपलब्धता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग के अधिकारियों ने शुक्रवार को पाटन अनुभाग के अंतर्गत कटंगी में आदान विक्रेताओं के प्रतिष्ठानों का आकस्मिक निरीक्षण किया।

उप संचालक कृषि डॉ एस के निगम से प्राप्त जानकारी के अनुसार अनुविभागीय कृषि अधिकारी पाटन डॉ इंदिरा त्रिपाठी एवं बीज एवं उर्वरक निरीक्षक पंकज श्रीवास्तनव द्वारा किये गये निरीक्षण में कटंगी के एग्रो हब किसान की दुकान, श्री सुदामा फर्टिलाइजर्स, शिवा कृषि केन्द्र , विकास फर्टिलाइजर एवं अमन फर्टिलाइजर तथा बोरिया स्थित गौतम कृषि केंद्र से बीज एवं उर्वरक के नमूने लिये गये। साथ ही इन प्रतिष्ठानों में उपलब्धथ अभिलेखों, स्टॉक रजिस्टनर, बिल बुक, प्रिंसिपल सर्टिफिकेट,



विक्रय लाइसेंस आदि की जांच भी की गई।

उप संचालक कृषि डॉ एस के निगम ने बताया कि निरीक्षण के दौरान अभिलेखों के संधारण में कमियां पाये जाने पर शिवा कृषि केंद्र को कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए आवश्यंक सुधार हेतु निर्देश दिये गये। इसी प्रकार बिना प्रिंसिपल सर्टिफिकेट के बीज विक्रय करने पर एग्रो हब किसान की दुकान पर बीज की बिक्री प्रतिबन्धित कर नोटिस जारी किया गया तथा तय समय सीमा के भीतर संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर लाइसेंस निलंबित करने की कार्यवाही प्रारंभ करने की चेतावनी दी गई है।

उप संचालक कृषि डॉ निगम ने जिले के किसानों को पंजीकृत विक्रेताओं से ही बीज एवं उर्वरक क्रय करने तथा पक्का बिल लेने की सलाह दी है।

उन्होंने बीज का कम अंकुरण, उर्वरकों की गुणवत्ता् में कमी, कृषि आदान सामग्री का अधिक मूल्य पर विक्रय, अवैध भंडारण एवं परिवहन की स्थिति में कृषि विभाग के अधिकारियों को सूचित करने का आग्रह भी किसानों से किया है, ताकि त्विरित दोषी व्यक्तियों के विरुद्ध आवश्यक कार्यवाही की जा सके।

## रांझी, मानेगांव, गोकलपुर, करौंदी, मोहनिया में पानी की आपूर्ति

**जबलपुर, देशबन्धु।** कैंट विधानसभा के रांझी, मानेगांव, गोकलपुर, करौंदी, मोहनिया में पानी की भीषण मारामारी मानेगांव मोहनिया में एक-एक हफ्ते नहीं मिल पा रहा लोगों को पीने का पानी एक-एक किलोमीटर दूर से गरीब मजदूर



साइकिल या सर के ऊपर डिब्बे में पानी को लाने हुए मजबूर नगर निगम की जिम्मेदार अधिकारी जनप्रतिनिधि फोन नहीं उठाते हैं। इसी के चलते राज्यसभा सांसद विवेक कृष्ण तंखा द्वारा दिए गए टैंकर से वरिष्ठ कांग्रेस नेता आलोक मिश्रा के मार्गदर्शन में कांग्रेस कमेटी के पूर्व सचिव समाजसेवी सुधीर सोनू दुबे ने बस्तियों में जाकर नगर निगम पानी का वितरण किया। निजी टैंकरों द्वारा लगातार एक महीना से क्षेत्र में पहुंचाया जा रहा है। निजी खर्चे से पानी का टैंकर एवं समाजसेवी द्वारा अपने टोल फ्री नंबर देकर रांझी के गोकलपुर वार्ड, अंबेडकर वार्ड, करौंदी वार्ड, चंद्रशेखर वार्ड, महर्षि सुदर्शन वार्ड, भगत सिंह वार्ड एवं लाला लाजपत राय वार्ड में लोगों के फोन करने पर क्षेत्रों में पानी की टैंकर भेज कर पानी की समस्या का समाधान किया जा रहा है।

## आयुर्वेद महाविद्यालय एवं चिकित्सालय जबलपुर को मिला उद्धव दास मेहता वैद्य शास्त्री आयुर्वेद सेवा सम्मान



**जबलपुर, देशबन्धु।** शासकीय स्वशासी आयुर्वेद महाविद्यालय एवं चिकित्सालय जबलपुर को उत्कृष्ट कार्यों के लिए बुधवार को भोपाल स्थित पंडित खुशीलाल शर्मा शासकीय आयुर्वेद संस्थान भोपाल के सभागार में आयोजित समारोह में पंडित उद्धव दास मेहता वैद्य शास्त्री आयुर्वेद सेवा सम्मान से पुरस्कृत किया गया है।

उच्च शिक्षा एवं तकनीकी शिक्षा तथा आयुष मंत्री श्री इंदर सिंह परमार ने महाविद्यालय के प्रभारी प्रधानाचार्य डॉ एस एल अहीरवाल को सम्मान के रूप में 50 हजार रुपए की राशि का चेक एवं प्रशस्ति पत्र देकर पुरस्कृत किया।

इस अवसर पर भोपाल की महापौर श्रीमती मालती राय एवं विधायक दक्षिण पश्चिम श्री भगवान दास सबनानी भी विशिष्ट अतिथि के तौर पर उपस्थित थे।

## राज्य स्तरीय कार्यशाला 15 जून को

**जबलपुर,देशबन्धु।** इण्डियन लीगल प्रोफेशनल्स एसोसिएशन (आई.एल.पी.ए) की प्रदेश राज्य कार्यशाला का आयोजन 15 जून 2025 को समय 10.00 बजे सुबह से स्थान- होटल सुराना पैलेस, 23 जीडीसी रोड, दशहरा मैदान उज्जैन म.प्र. में आयोजित किया जाना है। आप सभी विधि जगत से जुड़े हुए विधि व्यवसायी, विधि विद्वान, विद्धार्थी, सामाजिक कार्यकर्ता, बंधुओं से विनम्र अपील है कि उक्त कार्यशाला में पहुंच कर अपनी सहभागिता अवश्य दें। कार्यक्रम पूर्व जिला एवं सत्र न्यायाधीश मा.देवी सिंह जी, पूर्व अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश आर.के. श्रीवास, वरिष्ठ अधिवक्ता रामेश्वर ठाकुर, अधिवक्तागण सर्वश्री मिलिन्द वानखेड़े, उदय कुमार साहू, विनायक प्रसाद शाह, योगेन्द्र योगी, परमानंद साहू, महिपाल बड़ोतकर जी के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न होगा।

## प्रवेश हेतु आवेदन आमंत्रित

**जबलपुर, देशबन्धु।** शासकीय शिक्षा मनोविज्ञान एवं संदर्शन महाविद्यालय जबलपुर द्वारा सत्र 2025-26 के लिए एमए व्यावहारिक मनोविज्ञान एवं पीजी डिप्लोमा इन गाइडेंस एंड काउंसलिंग पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। संस्थान के प्राचार्य से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रवेश के इच्छुक विद्यार्थी 16 जून से 1 जुलाई तक राज्य शिक्षा केंद्र की वेबसाईट rsk.mponline.gov.in के माध्यम से ऑनलाइन पंजीयन करा सकते हैं।

### धरती आबा अभियान

## गॉंवो में 15 से 30 जून तक लगेंगे शिविर

**जबलपुर, देशबन्धु।** जनजातीय आबादी के लिए समान अवसरों का सृजन, सामाजिक-आर्थिक स्तर का विकास, बुनियादी ढांचे के सुधार और स्वास्थ्य, शिक्षा एवं आजीविका के क्षेत्र में ठोस प्रगति हेतु चलाये जा रहे धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत जबलपुर जिले के सात विकासखंडों के चिन्हित 171 गाँवो में 15 जून से 30 जून तक शिविरों का आयोजन किया जायेगा।

सहायक आयुक्त जनजातीय कल्याण नीलेश रघुवंशी के अनुसार धरती आबा अभियान के तहत चिन्हित गांवों में विकासखण्ड कुण्डरम के 91, जबलपुर के 37, शहपुरा के 18, पनागर, मझौली एवं सिहोरा के 7-7 तथा विकासखण्ड पाटन के 4 गाँव शामिल हैं। इन गांवों के सर्वे में चिन्हित 95 हजार 714 जनजातीय हितग्राहियों को केन्द्र सरकार के ग्रामीण विकास, जल शक्ति, विद्युत, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण, महिला एवं बाल विकास, शिक्षा, कौशल विकास, कृषि, दूरसंचार और जनजातीय कार्य विभाग सहित अन्य विभागों की 25 योजनाओं से लाभान्वित किया जायेगा तथा योजनाओं का शत प्रतिशत सेचुरेशन किया जायेगा।

श्री रघुवंशी ने बताया कि धरती आबा अभियान के तहत लगाये जाने वाले शिविरों में हितग्राहियों को आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड, समग्र आईडी, ई-केवायसी एवं जाति प्रमाण पत्र बनाये जायेंगे तथा सामाजिक सुरक्षा पेंशन, प्रोफाइल पंजीयन एवं बैंक खाते खोलने के कार्य किये जायेंगे।

इसके साथ ही राशन कार्ड एवं आयुष्मान कार्ड का वितरण तथा प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना में नामांकन सहित विभिन्न योजनाओं के आवेदन और स्वीकृति की कार्यवाही भी शिविरों में की जायेगी। शिविरों के माध्यम से विभिन्न योजनाओं और सेवाओं का लाभ जनजातीय वर्ग के प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक पहुँचाया जायेगा।

## दो माह में गुड्स ट्रैफिक से 1022 करोड़ रूपये का राजस्व अर्जित किया

**जबलपुर, देशबन्धु।** पश्चिम मध्य रेल जबलपुर, भोपाल एवं कोटा तीनों मण्डलों के माल यातायात में निरंतर हो रही है। महाप्रबंधक श्रीमती शोभना बंदोपाध्याय के मार्गदर्शन में पश्चिम मध्य रेल ने चालू वित्तीय वर्ष के अप्रैल एवं मई यानि दो माह में 1022 करोड़ 92 लाख रूपये माल यातायात से ऑरिजनेटिंग राजस्व अर्जित किया, जो पिछले वर्ष की इसी अवधि में 929 करोड़ 75 लाख रूपये की तुलना में 10 प्रतिशत अधिक है।

जबलपुर मण्डल ने 691 करोड़ 29 लाख रूपये माल यातायात से ऑरिजनेटिंग राजस्व अर्जित किया, जो पिछले वर्ष की इसी अवधि में 620 करोड़ 93 लाख रूपये की तुलना में लगभग 11 प्रतिशत अधिक है।

## अहमदाबाद विमान हादसे में दिवंगतों को श्रद्धांजलि, शोकसभा



**जबलपुर, देशबन्धु।** नगर में शुक्रवार को सिविक सेंटर, जबलपुर में अहमदाबाद में हुई दुखद विमान दुर्घटना में जान गंवाने वाले नागरिकों को श्रद्धांजलि अर्पित करने हेतु शहर जिला कांग्रेस कमेटी, जबलपुर द्वारा एक शोकसभा का आयोजन किया गया। इस हृदयविदारक दुर्घटना में जिन बहुमूल्य जीवनों की क्षति हुई, उनके प्रति गहरा शोक व्यक्त करते हुए कांग्रेसजनों ने मौन रखकर एवं मोमबत्ती जलाकर दिवंगत आत्माओं को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर कांग्रेसजनों ने एक स्वर में मृतकों के परिजनों के प्रति संवेदनाएँ प्रकट कीं और ईश्वर से प्रार्थना की कि वह शोकाकुल परिवारों को इस अपार दु:ख को सहन करने की शक्ति प्रदान करें।

कार्यक्रम में शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष सौरभ नाटी शर्मा, दिनेश यादव, अमरीश मिश्रा, कमलेश यादव, अदिति अतुल बाजपेई, याकूब अंसारी ,अख्तर अंसारी, झल्ले लाल जैन, अभिषेक यादव, कौशल्या गोटिया, अनुभा शर्मा, विनीता यादव, अभिषेक यादव, बृजेश दुबे, रविंद्र गौतम, रितेश अग्रवाल, अवधेश गुप्ता, भावना निगम, प्रीति ठाकुर, प्रिंस सलूजा, रितेश बंटी गुप्ता, विष्णु विनोदिया,विक्रम ठाकुर ,महेश मिश्रा, पूनम चंद्र सोनकर, राहुल बघेल, दिलीप साहू, भरत पटेल, देवकी पटेल, विनीता यादव, सत्येंद्र पचौरी, मिस्टर जैन, असलम खान सहित बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता, समाजसेवी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## शहर में अवैध रूप से लगे होर्डिंग्स स्ट्रक्चर को तोड़ने की कार्यवाही शुरू




**जबलपुर, देशबन्धु।** महापौर जगत बहादुर सिंह ''अन्नू'' एवं निगमायुक्त प्रीति यादव के निर्देश पर नगर निगम के होर्डिंग विभाग और अतिक्रमण विभाग के द्वारा संयुक्त रूप से शहर में लगे अवैध होर्डिंग्स को हटाने की कार्रवाई शुरू कर दी है। कार्यवाही के संबंध में होर्डिंग शाखा के अधिकारियों ने बताया कि जॉंच समिति की रिपोर्ट के अनुसार शहर में अवैध रूप से लगे होर्डिंग्स स्ट्रक्चर को तोडने की कार्यवाही की गयी। उन्होंने बताया कि रेल्वे स्टेडियम के सामने, पुल नं. 3 एवं पेंटीनाका से बिलहरी मार्ग, बिलहरी से एकता मार्केट तक अवैध होर्डिंग्स हो हटाने की कार्रवाई की गयी। उन्होंने बताया कि अब यह कार्रवाई लगातार जारी रहेगी। कार्यवाही के समय उपयंत्री अभिषेक तिवारी, अंकित चौधरी, अतिक्रमण दल प्रभारी अभिषेक समुंदरे एवं अतिक्रमण दल आदि उपस्थित रहे।




उल्लेखनीय है, कि मध्यप्रदेश शासन द्वारा जारी नई होर्डिंग नीति का पालन कराने के लिए एवं होर्डिंग नीति के विपरीत लगे होर्डिंग एवं यूनिपोल को हटाने के संबंध में महापौर श्री अन्नू एवं निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव के द्वारा समीक्षा की गयी थी और जॉंच समिति का गठन भी किया गया था। जॉंच समिति के द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट के अनुसार अवैध होर्डिंग्स को हटाने की कार्रवाई शुरू कर दी गयी है, अब यह कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

**नाला-नालियों की सफाई का कार्य बारिश के पूर्व पूर्ण -** मानसून के दौरान शहर के नागरिकों को जलप्लावन की समस्या से राहत मिले इसके लिए महापौर जगत बहादुर सिंह ''अन्नू'' के द्वारा लगातार नगर निगम के स्वास्थ्य अमले को अलर्ट रखकर शहर के सभी नाला नालियों एवं कंजरवेंसियों की सफाई अप्रैल माह से ही शुरू करा दिया गया था। जिसके परिणाम स्वरूप बारिश का मौसम आने के पहले ही शहर के 90 प्रतिशत नाला नालियों की सफाई का कार्य पूर्ण हो गया है। यह जानकारी आज दिनांक 13 जून 2025 दिन शुक्रवार को नाला सफाई कार्य का निरीक्षण के दौरान महापौर जगत बहादुर सिंह ''अन्नू'' ने दी। निरीक्षण के अवसर पर महापौर अन्नू ने बताया कि पिछले वर्ष भी जलप्लावन में काफी कमी आई थी, इस वर्ष पिछले साल से और अधिक बेहतर व्यवस्थाएँ बनाई गयी है, जिसके परिणाम स्वरूप जलप्लावन की समस्या से नागरिकों को काफी राहत मिलेगी।

महापौर ने शहर की सफाई व्यवस्था का भी निरीक्षण किया और बताया कि आज शुक्रवार के दिन 365 डोर टू डोर कचरा गाडियों से 410 टन कचरा उठाया गया। इसके साथ-साथ पिछले 60 दिनों में 3 गुना मशीनें और 296 अतिरिक्त श्रमिकों को लगाकर नागरिकों को राहत प्रदान करने की तैयारियाँ तेजगति से चल रहीं है।

# हाई सिक्योरिटी नम्बर प्लेट के लिए केवल चालान, चालान और चालान



**जबलपुर, देशबन्धु।** यातायात पुलिस की एकसूत्रीय ड्यूटी रहते हैं, चालान, चालान और चालान। और यदि कोई पत्रकार उनसे पूछता भी है की इतने चालान काटने के बाद क्या वाहन चालक नियमों का पालन करने लगे। तो वो कहते हैं, ये हमारा काम नहीं है। हम सिर्फ़ व्यवस्था बनाए रखने के लिए है, तथा नियमों की उल्लंघन पर चालानी कार्यवाही करें। जबकि हमने स्वयं देखा है की मुम्बई जैसे शहरों में चौराहों पर यातायात पुलिस के कर्मचारी लाउडस्पीकर से नियमो को बताते रहते हैं, यहां तक पैदल चलने वालों को भी निर्देशित करते हैं कि हरी लाइट होने पर जेब्रा क्रासिंग से ही सड़क पार करें। आजकल शहर मे अनेक चौराहों पर यातायात पुलिस कर्मी हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट के लिए चैकिंग अभियान चला रही है, निश्चित तौर पर ये अच्छा प्रयास है यातायात पुलिस का, वाहनों में हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट के लग जाने से बिना नंबर प्लेट के वाहनों द्वारा अपराध करने वाले अपराधियों पर शिकंजा कसा जा सकेगा। क्योंकि हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट रिवेट से लगाई जाती है, ये सिर्फ़ टूटकर ही निकलेगी। बता दें की हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट भारत मे केंद्रीय मोटर यान अधिनियम 1988 मे दिए प्रावधानों के तहत लागू होती है। ये 1 अप्रैल 2019 सी लागू है। तथा हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट ना लगाने पर जुर्माना पांच से दस हज़ार तक हो सकता है। अभी जो वाहन लोग खरीद रहे हैं, उनमें तो अनिवार्यत: लग ही रही है। समस्या पुराने वाहनों के साथ हैं, की कौन जाए, यहां गौरतलब है कि, हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट लगवाना बेहद आसान है आप गाड़ी के शो रूम में जाकर बेहद कम रुपयों में लगा सकते हैं। बहरहाल यातायात पुलिस के इस अभियान से लोग नंबर प्लेट ऑनलाइन बुक कर रहे हैं, तीन पत्ती चौराहे पर ड्युटी कर रहे एस आई गंगाराम से जब हमने बात की तो उन्होंने बताया की ऑनलाइन बुकिंग 30 प्रतिशत तक बढ़ गई है, और जो नही कर रहे उनके हम चालान काट रहे हैं, दिन में औसतन 15 से बीस चालान रोज़ कट रहे हैं। बहरहाल यातायात पुलिस की ये हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट अभियान तभी सफल होगा जब विभाग चालान के साथ साथ लोगों को इसकी महत्ता और वाहन चालकों को समझाना भी है की नंबर प्लेट सुरक्षित रखना भी वाहन चालक की जिम्मेदारी है, और यदि टूट जाती है तो शीघ्र ही दूसरी नंबर प्लेट लगवाये।

हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट आप ऑनलाइन भी बुक करके लगवा सकते हैं तथा भुगतान भी ऑनलाइन किया जा सकता है। डबल्यू डबल्यू डबल्यू डॉट एस आई ए एम डॉट पर कर सकते हैं या बुक माए एच एस आर पी पर भी कर सकते।

# संत एंथोनी की वार्षिक भक्ति का भव्य समापन

**जबलपुर,देशबन्धु।** संस्कारधानी जबलपुर में सेंट पीटर एंड पॉल कैथेड्रल चर्च में स्थित संत एंथोनी के पावन तीर्थस्थल में वार्षिक भक्ति का भव्य एवं भक्तिमय समापन संत एंथोनी के भक्तों की विशाल भीड़ की उपस्थिति में संपन्न हुआ। नौ दिवसीय प्रार्थनाओं के उपरांत आज शुक्रवार 13 जून के को संत एंथोनी के पर्व दिवस के पावन ख्रीस्तयाग के मुख्य याजक जबलपुर धर्मप्रान्त के धर्माध्यक्ष परम श्रद्धेय बिशप डॉ. वलन अरासु ने भक्तजनों की विशाल उपस्थिति में पावन ख्रीस्तयाग अर्पित करते हुए कहा...पवित्र सुसमाचार कहता है आपकी धार्मिकता शास्त्रियों और फ़रीसियों जैसे होगी आप ईश्वर के अनुयायी नहीं बन सकते हैं। पवित्र धर्मशास्त्र बाइबिल में संत मत्ती के सुसमाचार में लिखा है सबसे बड़ी आज्ञा यह है कि अपने ईश्वर को सारी बुद्धि और सारी आत्मा से प्यार करो और अपने पड़ोसी को अपने समान प्यार करो। संत एंथोनी ने इस वचन का अनुसरण करते हुए ईश्वर को सारी आत्मा, सारी बुद्धि से प्यार किया तथा अपने पड़ोसी को प्रेम करने का सच्चा नमूना प्रस्तुत किया। संत एंथोनी फ्रांसिसकन धर्मसमाज में प्रवेश लेकर एक साधारण व्यक्ति और भिक्षुक के रूप में ईश्वर के राज्य के कार्य करने में जुट गए। ईश्वर के सुसमाचार को सुनाने में आगे आकर उन्होंने बहुत से अविश्वासियों को विश्वास में लेकर आए। इस दुनिया के अंधकार में भटकने से अच्छा है हम ईश्वर के प्रकाश में आकर अंधविश्वास के अंधकार से बाहर आएं। हम प्रण करें कि संत एंथोनी के समान ईश्वर को सारी बुद्धि और सारी आत्मा से प्यार करें तथा अपने पड़ोसी को अपने समान प्यार करने का प्रयास करें। हम ईश्वर के वचन के भूखे और प्यासे बनकर उनकी शरण में आकर पवित्र वचनों को सुने और मनन चिंतन करें। हम अपने आस पास रहने वाले सभी पड़ोसियों का आदर , सम्मान करें तथा प्रभु येसु की आज्ञा अनुसार उनके साथ प्रेमपूर्ण व्यवहार किया करें। संत एंथोनी के तीर्थस्थल की बेहद ही आकर्षक एवं नयनाभिराम साज सजावट की गई है। संत एंथोनी के भक्तजन पवित्र तीर्थस्थल में पर्व दिवस के अवसर पर विशाल संख्या में उपस्थित होकर मोमबत्ती जलाकर एवं पुष्पों को अर्पित कर के अपनी मन्नतें मांगते हुए प्रार्थना में लीन थे। पर्व दिवस के अवसर पर उपस्थित लगभग 3000 से भी अधिक सभी भक्तों के लिए प्रीतिभोज का भी आयोजन किया गया था।

पल्ली पुरोहित डॉ फादर डेविस जॉर्ज, सहायक पल्ली पुरोहित फादर जोनस मरकाम ,पल्ली सचिव फेलिक्स बारला तथा श्राइन समिति संयोजक फ्रांसिस जेवियर सहित श्राईन समिति के समस्त सदस्यों ने संत एंथोनी के भक्तजनो को पर्व दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की है।



संत एंथोनी की भांति पड़ोसी प्रेम के नमूने बनें ...बिशप वलन अरासु

# राष्ट्रीय योग ओलम्पियाड के लिए टीम रवाना



**जबलपुर, देशबन्धु।** श्रमोदय विद्यालय का छात्र हर्ष ठाकुर तमिलनाडु में होने वाली राष्ट्रीय योग ओलम्पियाड प्रतियोगिता में मप्र की टीम में शामिल रहेगा। टीम तमिलनाडु के लिए रवाना हुई। हर्ष कक्षा 8 वीं का छात्र है। विद्यालय के क्रीड़ा शिक्षक दीपक राजौरिया ने बताया कि प्रतियोगिता 15 जून से होगी।

## नैतिक मूल्यों से होता है व्यक्तित्व विकास

**जबलपुर, देशबन्धु।** स्थानीय यूथ हॉस्टल रानीताल में नागरिक अधिकार मंच के तत्वावधान में निर्गुणी संत कबीर दास जयंती के उपलक्ष्य में कबीर कला संवाद आयोजित हुआ। आयोजन में बैजनाथ कुशवाहा को नागरिक कला सम्मान प्रदान किया गया।

अभय ने कहा ने कहा कि कबीर ने जात न पूछो साधु की पूछ लीजिये ज्ञान दोहे में जाति से ज्यादा ज्ञान को महत्व देने की बात कही थी। कौशल कबीर ने कहा की इंसान का विकास नैतिक मूल्यों से होता है। इस मौके पर अजय सिंगोर, कहकशां खानम कादरी, एंजलीना, शुभम चौधरी, अब्दुल रहीम, राजेश सिंह, घनश्याम चक्रवर्ती, ईशा चौधरी, जितेन्द्र झारिया मौजूद थे।

# निर्माणाधीन आईटीआई एवं सांदीपनि विद्यालय का संभागायुक्त ने किया निरीक्षण

**जबलपुर, देशबन्धु।** संभागायुक्त धनंजय सिंह ने मंडला जिले के विकासखण्ड बीजाडांडी के ग्राम धनवाही में निर्माणाधीन आईटीआई एवं ग्राम कालपी में निर्माणाधीन महर्षि सांदीपनि स्कूल भवन का निरीक्षण किया। धनवाही में उन्होंने निर्माण एजेंसी पीआईयू के कार्यपालन यंत्री को निर्देशित किया कि विभागीय मैन्युअल तथा गाइडलाइंस अनुसार गुणवत्ता तथा टेस्टिंग मापदंडों का पालन किया जाए।


ग्राम कालपी में निर्माणाधीन महर्षि सांदीपनि विद्यालय भवन का निरीक्षण किया। साथ ही उन्होंने शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कुड़ामैली का निरीक्षण किया। जहां उन्होंने विज्ञान प्रयोगशाला में विद्यार्थियों को सीखने के लिए रखे गये उपकरणों को भी देखा। संभागायुक्त धनंजय सिंह ने नारायणगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का भी निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अस्पताल की ओपीडी और पोषण पुनर्वास केंद्र का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

एनआरसी के निरीक्षण के दौरान संभागायुक्त सिंह ने कहा कि एनआरसी में भर्ती सभी बच्चों का बेहतर उपचार करें, डिस्चार्ज होने के बाद भी संबंधित बच्चों का लगातार फॉलोअप कराएं, जिससे बेहतर परिणाम प्राप्त हों। उन्होंने नारायणगंज स्वास्थ्य टीम द्वारा इस अभियान के तहत किए गए प्रयासों और उनके कार्यों की जानकारी ली। इस दौरान कलेक्टर सोमेश मिश्रा, सीईओ जिला पंचायत श्रेयांस कूमट, जिला कार्यक्रम अधिकारी शालिनी तिवारी एसडीएम निवास शाहिद खान सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# सर्विस सब्जेक्ट के साथ, फायरिंग रेंज में सीखी शूटिंग

**जबलपुर, देशबन्धु।** वन एमपी बटालियन एनसीसी का दस दिवसीय कैम्प कमान अधिकारी कर्नल समीर बोडास के निर्देशन में एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय नरई नाला में लगाया जा रहा है। इसमें सीनियर डिवीजन, सीनियर विंग, जूनियर डिवीजन और जूनियर विंग के कैडेट्स फौजी प्रशिक्षण के अंतर्गत सुबह पीटी से दिन की शुरुआत कर रहे हैं। परीक्षा के उद्देश्य से कैडेट्स को पीआइ स्टाफ ने ड्रिल, वेपन ड्रिल, वेपन ट्रेनिंग, मैप रीडिंग, फील्ड क्राफ्ट और बैटल क्राफ्ट के सर्विस सब्जेक्ट्स का अध्ययन करवाया जा रहा है। दोपहर में सामाजिक एवं ललित कला गतिविधियों के अंतर्गत नारी सशक्तिकरण के सामाजिक संकेतक विषय पर पेंटिंग कॉम्पीटिशन हुआ।

वहीं ईवनिंग सेशन में हेल्थ एंड हाइजीन विषयों पर जागरूकता कार्यक्रम हुए। कैम्प में वॉलीबॉल, टग ऑफ वार, खो-खो में कैडेट्स ने प्रदर्शन दिया। कैंप एडजुटेंट मेजर डॉ. पराग नेमा ने वन सेना कैम्प के लिए टीएससी शूटिंग टीम को फायरिंग रेंज में प्रशिक्षण दिया। आयोजन में एसोसिएट एनसीसी ऑफिसर्स ले. डॉ. दिव्या पाराशर, ले. जितेंद्र कुमार मिश्रा, सेकंड ऑफिसर ए. राव आर, सेकंड ऑफिसर महेंद्र सिंह पटेल, सेकंड ऑफिसर सुधीर राजपूत, सेकंड ऑफिसर भोले रजक, सेकंड ऑफिसर रोहित कुमार, थर्ड ऑफिसर श्रवण कुमार मौजूद थे।




**रैली माध्यम से किया जागरुक-** 2एमपी नेवल यूनिट के कैडेट्स ने रैली से जनसंख्या नियंत्रण और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। शिविर में प्रशिक्षण तालिका के अनुसार कैम्प कमांडेंट ले. कमाण्डर श्रीकांत गर्ग के निर्देशन में पीटी, परेड के बाद कैडेटस को ड्रिल, वेपन ट्रेनिंग और नेवल विषयों का प्रशिक्षण दिया गया। शिविर में कैम्प के चीफ ऑफिसर आर नंदकुमार, चीफ ऑफिसर आरएस चौबे, पेटी ऑफिसर मनीष कुमार, पेटी ऑफिसर दीपक कुमार, पेटी ऑफिसर आरएस यादव, पेटी ऑफिसर शिवा गणेश, पेटी ऑफिसर लतेश कुमार, पीओ लॉग अंकुश त्रिपाठी, एलएस अविनाश, एलकाम अमित, जीसीआइ शिवानी सिंह, नरेंद्र हेडाउ, आकाश यादव, राकेश यादव, अनामिका सिंह, रमेश, रघुवीर मौजूद थे।

# दैनिक राशिफल

**शनिवार 14 जून 2025 का पंचांग विक्रम संवत् 2082, शक संवत 1947 हिजरी 1446। अषाढ़ कृष्ण पक्ष की तृतीया, नक्षत्र- उ.षा.।**

मेष - आपके किसी कार्य या प्रोजेक्ट को सरकार की तरफ से लाभ हो सकता है। ऑफिस में उच्च पदाधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण मामलों पर चर्चा हो सकती है। ऑफिस के काम से प्रवास होने की संभावना है।

वृषभ - विदेश जाने के इच्छुक लोगों के लिए अधिक अवसर मिलेंगे। विदेश में रहने वाले मित्रों और सगे- सम्बंधियों से अच्छे समाचार प्राप्त कर सकेंगे। व्यापार धंधे में भी आर्थिक लाभ हो सकेगा।

मिथुन - आज का दिन प्रतिकूल है, अत: आज आप हर काम सावधानी से करें। आज किसी नए काम का आरंभ न करें। गुस्से के कारण कुछ अनिष्ट न हो, इसका खास ध्यान रखें। ( 158-167 )

कर्क - आज का दिन सामाजिक और व्यावसायिक क्षेत्र में आपके लिए लाभदायक साबित होगा। मौज-शौक के साधन, उत्तम आभूषण और वाहन की खरीदारी करेंगे। मौज-मस्ती और मनोरंजक की प्रवृत्तियों में समय व्यतीत गुजरेगा।

सिंह - आज का दिन औसत रहने वाला है। घर में शांति का वातावरण रहेगा। दफ्तर में सहकर्मियों से कम सहयोग मिलेगा। दैनिक कामों में कुछ रुकावटें आएंगी। शत्रुओं तथा विरोधियों की वजह से परेशानी होगी।

कन्या - आज आप संतान को लेकर चिंतित रहेंगे। मन विचलित रह सकता है। पेट से संबंधित कोई बीमारी या दर्द रह सकता है। विद्यार्थियों का आज दिक्कत आएगी। आकस्मिक खर्च की संभावनाएं हैं।

तुला - आज सावधानी बरतें। विचारों की भरमार आपको मानसिक रूप से स्वस्थ बनाएगी। माता और स्त्रीवर्ग की चिंता सताएगी। आज के दिन यात्रा स्थगित रखें।

वृश्चिक - आज पूरे दिन आप प्रसन्न रहेंगे। किसी नए काम की शुरुआत कर पाएंगे। साथियों से सुख एवं आनंद की प्राप्ति होगी। मित्रों औक स्वजनों से भेंट हो सकती है। किसी भी काम में आज आपको सफलता मिलेगी।

धनु - परिजनों के साथ होने वाली गलतफहमी से बचें। व्यर्थ में धन खर्च होगा। मानसिक उचाट और दुविधा के कारण महत्वपूर्ण निर्णय नहीं ले सकेंगे। काम में निर्धारित सफलता नहीं प्राप्त कर सकेंगे।

मकर - आज आपका प्रत्येक काम सरलता से पूरा होगा। नौकरी और व्यापार के लिए किए प्रयासों से आपकी प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। पदोन्नति के योग हैं। गृहस्थ जीवन में आनंद का वातावरण रहेगा। आज चोट लगने की आशंका है।

कुंभ - धन के लेन-देन और जमीन-जायदाद के सौदों में आज बहुत ध्यान रखने की जरूरत है। मानसिक रूप से आज एकाग्र बने रहेंगे। खर्च की मात्रा अधिक होगा। स्वास्थ्य के विषय में ध्यान रखें।

मीन - आज मित्रों से आपको लाभ होगा और उनके पीछे धन खर्च भी होगा। सामाजिक कामों में अधिक रुचि रहेगी। बड़ों और मित्रों से कोई नए व्यवहार बन सकते हैं। ( 789-381 )

1,6,5,0-15,17,88,91,23,25,35,48,52,08

# योग ने जाना निरोग रहने का तरीका



**जबलपुर, देशबन्धु।** स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट के तत्वावधान में योग दिवस के उपलक्ष्य में कार्यक्रम हुआ। आयोजन में सात्विक भोजन महोत्सव, जनभागीदारी, प्रचार गतिविधियां, योग एवं स्वास्थ्य संबंधित गतिविधियों का आयोजन हुआ। इसी क्रम में गौरीघाट में योग अभ्यास किया गया। इस दौरान प्रतिभागियों को योग के लाभ और दैनिक जीवन में योग के महत्व समझाए गए। इसके साथ ही सात्विक भोजन महोत्सव में लाइव डेमो, भोजन प्रदर्शन और आहार के पोषण व आध्यात्मिक लाभ समझाए गए। कार्यक्रम में प्राचार्य दविंदर पाल सिंह सोढ़ी ने योग की महत्ता समझाई।

# यूनीपोल रिपोर्ट जारी निगम ने शुरू की कार्यवाही

**जबलपुर, देशबन्धु।** अवैध यूनीपोल एवं होर्डिंग की रिपोर्ट जांच समिति ने प्रस्तुत कर दी है। चूंकि अध्यक्ष अपर आयुक्त का स्थानांतरण हो गया, इस कारण रिपोर्ट पर उनके हस्ताक्षर नहीं हो गया, बाकी सभी सदस्यों ने हस्ताक्षर कर रिपोर्ट प्रस्तुत की है तथा तदानुसार रेल्वे स्टेशन और बिलहरी पुल के पास में अवैध यूनीपोल तथा होर्डिंग्स के बावत कार्यवाही शुरू हो गई है। यह जानकारी जगत बहादुर सिंह ''अन्नू'' महापौर ने आज नागरिक उपभोक्ता मार्गदर्शक को चर्चा के दौरान दी है। महापौर ने बताया कि कुल 17 यूनीपोल गलत पाये गये, जिनमें ऊंचाई निर्धारित सीमा से अधिक 09, हटाये जाना-03, साइज कम वाले-01 तथा सड़क मार्ग से दूर शिफ्ट होने वाले-04 होंगे। उन्होंने बताया कि अवैध होर्डिंग्स-33 पाये गये, जो शहर के मुख्य मार्गों एवं अन्य मार्गों के निजी भूमि में स्थापित होर्डिंग/विज्ञापन फलक/जो कि प्लॉट एवं वॉल रेप के माध्यम से स्थापित है। उन्हें अतिक्रमण शाखा के साथ संयुक्त कार्यवाही कर हटवाया जायेगा।

# 15 से 20 हजार रुपए टैक्स चुकाओ और पुराने वाहन दौड़ाओ-कांग्रेस

**जबलपुर, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी प्रदेश उपाध्यक्ष (ओबीसी विभाग) पूर्व प्रदेश प्रवक्ता मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी टीकाराम कोष्टा ने बताया कि प्रदेश सरकार के परिवहन विभाग ने दो पहिया और चार पहिया वाहन के मालिकों यदि आपके 15 साल पुराने वाहन हो गए हैं तो अब नहीं चला पाएंगे। 15 साल पुराने वाहन चलना है तो हर 5 साल में सरकार को 15 से 20000 दो और बेधड़क अपने वाहन को चलाओ इस नियम से गाड़ी मालिकों को महंगाई के दौर में नई मुसीबत खड़ी कर दी है यह नियम आम जनता के खिलाफ है क्योंकि यह नियम केवल व्यावसायिक वाहनों के लिए कुछ हद तक ठीक है। क्योंकि व्यावसायिक वाहन प्रतिदिन चलाए जाते हैं जबकि निजी वाहन आवश्यक होने पर चलाए जाते हैं सरकार को वाहन की समय सीमा तय करते समय किलोमीटर भी निर्धारित करना था। हम सभी जानते हैं की निजी वाहन व्यावसायिक वाहन की अपेक्षा 15 वर्षों में कुछ ज्यादा नहीं चल पाते अति आवश्यक होने पर ही सड़क पर निकाले जाते हैं अत: सरकार को इसकी समय सीमा निर्धारित करने के पहले निजी और व्यावसायिक वाहनों के उपयोग पर भी ध्यान रखना था। 15 साल पुराने निजी वाहनों को व्यावसायिक वाहनों की तरह कंडम घोषित करना इस महंगाई के दौर में आम नागरिकों के साथ अन्याय है बड़ी मुश्किल से एक-एक पैसा जोड़कर अपने परिवार के लिए गाड़ी की सुविधा कर पाते हैं लेकिन एनजीटी के अधिकारियों द्वारा कुछ घंटे की मीटिंग में मध्यम वर्ग की फैमिली को गाड़ी से वंचित करना न्याय संगत नहीं होगा। मध्य प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष टीकाराम कोष्टा कोऑर्डिनेटर अलीम मंसूरी, संजय शर्मा, मुन्ना ठाकुर विजय अग्रवाल, पी पी पटेल, राजू तोमर, डॉ मोहन अंसारी, मामूर गुड्डू अशोक चौधरी, रविंद्र कुशवाहा लखन श्रीवास्तव आदि ने परिवहन विभाग मध्य प्रदेश सरकार द्वारा निजी वाहन की व्यावसायिक वाहनों से तुलना बेहूदा निर्णय है इसे जनहित में मानवीय आधारों को ध्यान में रखकर तत्काल वापस लिया जावे । अन्यथा कांग्रेस आंदोलन के लिए बाध्य होगी।

# बेहतर स्वास्थ का आधार है योग अभ्यास

**जबलपुर, देशबन्धु।** जबलपुर मीनोपॉज सोसायटी के तत्वावधान में समावेश शिविर लगाया गया। विजयनगर गार्डन में संचालित दस दिवसीय योग शिविर में महिलाएं तरह-तरह के योगाभ्यास कर रहीं हैं। आयोजन में इंडियन मीनोपॉज सोसायटी अध्यक्ष डॉ. अनीता शाह, सचिव डॉ. रागिनी अग्रवाल, अध्यक्ष डॉ. चित्रा जैन, सचिव डॉ. सोनल रिछारिया ने बताया कि मीनोपॉज के दौरान योग दिनचर्या में शामिल की जानी चाहिए। इस मौके पर डॉ. राखी वाजपेयी, डॉ. कोमल जैन, डॉ. रोमा नाग, डॉ. निशा साहू, डॉ. शिल्पा सोमशेखर, डॉ. कुसुम सोलंकी, योगगुरु रमाकांत पाल्हा मौजूद थे।

# निधन

**ईश्वर अल्लाह तेरो नाम सबको सद्गति दे भगवान**



**श्रीमती शालिनी कारनाड-** 18 शिलाकुंज कालोनी, नयागांव निवासी श्रीमती शालिनी कारनाड का 85 वर्ष की आयु में 8 जून 2025 को दु:खद निधन हो गया है। वे स्वर्गीय जे आर कारनाड की पत्नी थीं। ईश्वर दिवंगत आत्मा को सद्गति प्रदान करें।

**श्री चरणजीत सिंह बिंद्रा-** गोरखपुर ईसाई मोहल्ला निवासी श्री चरणजीत सिंह बिंद्रा (90) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में संपन्न हुआ।

**श्री गौरी शंकर रैकवार-** हनुमानताल खेरमाई मंदिर के पास निवासी श्री गौरी शंकर रैकवार (55) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती शीला गौंड़-** तिलहरी निवासी श्री सरजू गौंड़ की धर्मपत्नी श्रीमती शीला गौंड़ (35) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट में संपन्न हुआ।

**श्रीमती रानी सोनकर-** खटीक मोहल्ला घमापुर चौक निवासी श्री सोनी सोनकर की धर्मपत्नी श्रीमती रानी सोनकर (72) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री युवराज सोलंकी-** सतपुला जीसीएफ अस्पताल के सामने निवासी श्री विशाल सोलंकी के पुत्र श्री युवराज सोलंकी (17) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री अशोक विश्वकर्मा-** चुंगी चौकी द्वारका नगर लालमाटी निवासी श्री अशोक विश्वकर्मा (68) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।


**श्रीमती मंजीत कौर सिध्यू-** कृपाल चौक गुप्तेश्वर निवासी श्री अजीत सिंह सिध्यू की धर्मपत्नी श्रीमती मंजीत कौर सिध्यू (55) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में संपन्न हुआ।

**श्री मुकेश चौधरी-** ठक्कर ग्राम बड़ी मदार टेकरी निवासी श्री द्वारका प्रसाद चौधरी के पुत्र श्री मुकेश चौधरी (46) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री अशोक चौकसे-** पुरानी बस्ती रांझी निवासी श्री अशोक चौकसे (62) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**डॉ. रेखा महिंद्रा-** हाथीताल पोस्ट आफिस के पास निवासी डॉ. विनोद महिंद्रा की धर्मपत्नी डॉ. रेखा महिंद्रा (77) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर में किया गया।

## चप्पल व लात से मारते हुए नाबालिग का वीडियो बनाकर किया वायरल



**जबलपुर, देशबन्धु।** नाबालिग के साथ चप्पल-लातों से मारपीट करते हुए उसका वीडियो बनाकर उसे सोशल मीडिया में वायरल कर दिया। आरोपियों ने क्षेत्र में दबदबा दिखाने के लिए ऐसा किया था। पीडित की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है।

पीडित नाबालिग युवक के द्वारा घटना के संबंध में पुलिस अधीक्षक कार्यालय में पहुंचकर शिकायत की गयी थी। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक समीर वर्मा से प्राप्त जानकारी के अनुसारी पीडित नाबालिग की उम्र 17 साल है।

वह हनुमानताल थाना क्षेत्र में रहता है और विगत 11 जून की रात लगभग साढ़े दस बजे कुछ सामान लाने जा रहा था। इस दौरान उसे क्षेत्र में रहने वाला कबीर समुन्द्रे, ऋषि रान,हर्षित रान,रॉकी खरे,आशीष चौहान और आर्यन समुन्द्रे नामक युवकों ने घेर लिया। पुराने विवाद पर गाली-गलौज करते हुए उसके साथ मारपीट प्रारंभ कर दी। मारपीट का वीडियो बनाते हुए उसे सोशल मीडिया में वायरल कर दिया। किशोर की शिकायत पर कार्यवाही के लिए संबंधित थाने को निर्देशित किया गया है।

### इलाके में दबदबा दिखाने के लिए

आरोपियों के द्वारा ओनली 342 गैंग नाम से बनाई गई आईडी से सोशल मीडिया में वीडियो वायरल किया गया है। वीडियो में आरोपी डंडा लेकर पीडित को घेरकर खड़े हुए है। इसके बाद उसके साथ चप्पल व लात,हाथ-मुक्को व डंडे से मारपीट करते हुए। पीडित युवक बेबस होकर सिर्फ पीटता रहता है। हनुमान ताल पुलिस ने पीडित की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है। आरोपियों की अभी तक गिरफ्तारी नहीं हो पाई है तथा उनकी सरगर्मी के साथ तलाश जारी है।

## ट्रैक्टर पलटा, मासूम बालक की दबकर मौत, एक अन्य घायल
### कुंडम के देवहरा ग्राम की घटना

जबलपुर। कुंडम थाना क्षेत्रांतर्गत ग्राम देवहरा में एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए वाहन को पलटा दिया, जिसकी चपेट में आने से एक छह वर्षीय मासूम बालक की मौत हो गई तो वहीं एक अन्य व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आवश्यक कार्यवाही करते हुए प्रकरण दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है।

अस्पताल पहुंची पुलिस को देवहरा निवासी 35 वर्षीय प्रेमलाल धुर्वे ने बताया कि वह मजदूरी करता है। सुबह करीब नौ बजे उनका भतीजा छह वर्षीय समीर धुर्वे फूल सिंह यादव के घर के पास रोड में खेल रहा था। उसी समय ट्रैक्टर क्रमांक एमपी-51 जेडडी-7462 के चालक ने तेज गति व लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए ट्रैक्टर को पलटा दिया। जिसमें दबकर समीर धुर्वे की मौत हो गई, वहीं एक अन्य व्यक्ति को भी चोटें आई, जिसे उपचार के लिये निवास के अस्पताल भेजा गया है। पुलिस ने मौके से ट्रैक्टर को जब्त करते हुए प्रकरण दर्ज कर उसे विवेचना में लिया है।

## वाहन चोर गिरफ्तार, दो मोटर साइकिल बरामद



**जबलपुर, देशबन्धु।** पुलिस ने एक वाहन चोर को गिरफ्तार कर उसके बाद से चोरी की दो मोटरसाइकिल बरामद की है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है।

अधारताल पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रदीप कश्यप उम्र 45 वर्ष निवासी कृष्णा कॉलोनी सुहागी अधारताल की मोटर सायकल होण्डा साईन क्रमांक एमपी 20 एम डब्ल्यु 0782 बैंक आफ इंडिया सुभागी के सामने से चोरी चली गयी थी। इसी प्रकार प्रताप सिंह परस्ते उम्र 40 वर्ष निवासी ग्राम मटामर हीरो कंपनी की मोटरसाइकिल क्रमांक एमपी 20 एम टी 6053 से चोरी चली गयी थी।

पुलिस ने सीसीटीव्ही` फुटेज के आधार पर 2 व्यक्तियों को चिन्हित किया था। विश्वसनीय मुखबिर से सूचना मिली कि फुटेज में चिन्हित एक व्यक्ति मोटर सायकल से रिछाई फैक्ट्री के पास घूम रहा है । पुलिस ने युवक को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ की तो उसने अपना नाम अनुराग यादव उर्फ अन्नू उम्र 31 वर्ष निवासी बगिया टोला ब?ा पत्थर रांझी बताया। मोटर सायकल के सम्बंध में पूछताछ करने पर उसने चोरी की होना स्वीकार किया। उसने` बताया कि अपने साथी आदित्य उर्फ गुंडी के साथ मिलकर उक्त मोटरसाइकिल सुहागी स्थित बैंक से सामने से चोरी कर चला रहा था तथा एक अन्य मोटरसाइकिल रिछाई स्थित एक फैक्ट्री के सामने से मोटरसाइकिल को चुरा कर कृषि कॉलेज के पास स्थित एक डेयरी मे छिपाकर रखा है। पुलिस ने दोनों वाहनों को जब्त कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

## छोटा हाथी ने एक्सिस सवार भाई-बहन को मारी टक्कर

**जबलपुर, देशबन्धु।** मझगवां थानातंर्गत खम्परिया खितौला क्षेत्र में बीती रात करीब दस बजे एक बेलगाम छोटा हाथी के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए एक्सिस सवार भाई-बहन को टक्कर मार दी। जिससे उन्हें गंभीर चोटे आ गई। जिन्हें उपचार के लिये शहर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं आरोपी चालक वाहन छो?कर मौके से फरार हो गया। शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है।

### मझगवां के खम्परिया खितौला क्षेत्र की घटना

पुलिस को गोहलपुर गाजीनगर रद्दीचौकी निवासी 38 वर्षीय नजीर उर्फ गुड्डू खान ने बताया कि वह अपनी मोटर साइकिल से अपने बहनोई सहीद खान के साथ व एक्सिस स्कूटी में उसके चाचा का ल?का इमरान व बहन रिजवाना बानो चारो सिलौ?ी जा रहे थे। रात्रि करीब दस बजे जैसे ही वे खम्परिया खितौला राम मंदिर के समीप पहुंचे, उसी समय छोटा हाथी वाहन क्रमांक एमपी 20 जीए-9640 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए इमरान की एक्सिस स्कूटी में पीछे से टक्कर मार दी। जिससे इमरान व रिजवाना स्कूटी सहित गिर गए और उन्हें चोटे आ गई। जिन्हें उपचार के लिये निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं आरोपी चालक वाहन छो?कर फरार हो गया। शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है।

## डम्पर ने ई-रिक्शा को मारी टक्कर, बालक की मौत, आठ घायल
### राजस्थान से शहर आया परिवार खमरिया क्षेत्र में हादसे का शिकार

**जबलपुर, देशबन्धु।** राजस्थान से अपने मायके जबलपुर खमरिया आया एक परिवार बीती रात हादसे का शिकार हो गया। दरअसल तेज रफ्तार डम्पर ने ई-रिक्शा को सामने से जोरदार टक्कर मार दी, जिसमें उक्त परिवार सवार था। टक्कर के बाद ई-रिक्शा और डंपर दोनों पलट गये। जिससे एक आठ वर्षीय बालक की मौत हो गई तो वहीं रिक्शे में सवार आठ अन्य लोग बुरी तरह जख्मी हो गये। घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद मेडिकल अस्पताल रेफर किया गया है।

खमरिया पुलिस ने बताया कि खमरिया पिपरिया प्रेम नगर निवासी 45 वर्षीय अरुणा दाहिया की तीन बेटी व दो बेटे है। उनकी दोनों बेटियों की शादी जयपुर राजस्थान में हुई है, जो कि कुछ रोज पहले अपने बच्चों के साथ मायके आई हुई थी। बीती रात वे और उनकी बेटी

रूबी दाहिया, किरण दाहिया, उपासना दाहिया, बहु अनीषा दाहिया, नातिन कनिष्का दाहिया, नाति लकी एवं कार्तिक ई-रिक्शा बुक कर चालक अमित उर्फ सौरभ निवासी पिपरिया खमरिया के साथ सुबह 11-30 बजे ग्वारीघाट दर्शन करने गये थे। जहॉ से भतीजा दामाद पवन दाहिया के घर ब?ा पत्थर रांझी गये। उसके बाद रात्रि करीब 10-30 बजे अपने घर पिपरिया वापस आ रहे थे। जैसे ही वे अपने घर की ओर जा रहे थे, उसी समय उमरिया पिपरिया की ओर से लाल रंग का बिना नम्बर का



एक डम्फर चालक तेज गति एवं लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए आया और उनके ई-रिक्शा में सामने से टक्कर मार दी। जिससे ई-रिक्शा क्षतिग्रस्त होकर पलट गया और डम्फर भी पलट गया। हादसे के बाद पी?ित परिवार के परिजन व आसपास के लोग पहुंचे, जिन्होंने किसी तरह घायलों को तत्काल ही रांझी शासकीय अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने कार्तिक उम्र 8 वर्ष निवासी चन्नाना जयपुर राजस्थान को मृत घोषित कर दिया तथा शेष सभी को मेडिकल कालेज रेफर किया गया है, जहां कुछ की हालत नाजुक बनी हुई है। उक्त मामले की शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है।

## कालेज छात्रा से मोबाइल लूट ले गया बाइक सवार
### गोहलपुर मालगुजार परिसर के समीप वारदात

**जबलपुर, देशबन्धु।** एक निजी कालेज में पढने वाली छात्रा जब ई-रिक्शा में सवार होकर घर लौट रहीं थी, उसी समय बाईक सवार एक बदमाश उसके बाजू से निकला और उसकी कीमती मोबाईल झपट्टा मारकर ले भागा। पी?िता ने मामले की शिकायत गोहलपुर थाने में दर्ज करायी है।

पुलिस ने बताया कि खाई मोहल्ला निवासी 25 वर्षीय प्रिया राय ग्लोबल कालेज में प?ाई करती है। 11 जून की दोपहर करीब सा? बारह बजे वह वह ई-रिक्शा से अपने घर जा रहीं थी। जैसे ही वह अमखेरा होते हुए मालगुजार परिसर के समीप पहुंची, उसी समय बिना नंबर की बाईक से एक युवक उसके बाजू में पहुंचा और उसके हाथ में लिया हुआ मोबाईल झपट्टा मारकर ले भागा। उसका मोबाईल रेडमी कंपनी का था। शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है।

## उल्टी-दस्त से पीड़ित व्यक्ति की मौत

**जबलपुर, देशबन्धु।** भीषण गर्मी में बीमार हो रहे लोगों की संख्या में दिनादिन इजाफा हो रहा है। सावधानी न बरतने के कारण लोगों को अपनी जान से भी हाथ धोना प? रहा है। ऐसा ही एक मामला गोहलपुर क्षेत्र में सामेन आया जहां 10 जून की रात 50 वर्षीय मुल्लू साहू को उल्टी-दस्त होने पर उपचार के लिये जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जिसकी बीती रात उपचार दौरान मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आवश्यक कार्यवाही करते हुए मर्ग कायम कर मामले को विवेचना में लिया है।

## घर के बाहर टहल रहे युवक पर चाकू से जानलेवा हमला
### यादव कॉलोनी क्षेत्र में वारदात, पांचों आरोपी गिरफ्तार

**जबलपुर, देशबन्धु।** यादव कॉलोनी पुलिस चौकी क्षेत्र के संजय नगर में घर के बाहर टहल रहे युवक पर बाइक सवार युवकों ने चाकू से प्राणघातक हमला कर दिया। चाकू के हमले में गंभीर रूप से घायल युवक को उपचार के लिए मेडिकल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए तीन नाबालिग सहित पांच आरोपियों को हिरासत में लिया है।

हमलावरों ने पुराने विवाद के चलते चाकूबाजी की वारदात को अंजाम दिया है। पुलिस ने पक? गए हमलावरों से चाकू भी बरामद किए हैं। मेडिकल अस्पताल पहुंची पुलिस को परिजनों ने बताया कि घायल युवक आयुष अग्रवाल 21 साल संजय नगर यादव कॉलोनी थाना लार्डगंज क्षेत्र का निवासी है। आयुष घर के पास टहल रहा था, इसी बीच वहां मोहित साहू, गौरव बर्मन, अपने अन्य साथियों के साथ बाइक में आए और आयुष से झग?ा करने लगे। हाथापाई के बीच हमलावरों ने चाकू से जानलेवा हमला कर दिया। आयुष के चीखने-चिल्लाने पर सभी बाइक सवार मौके से फरार हो गए। आयुष को मेडिकल अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसकी हालत नाजुक बताई जा रही है। यादव कॉलोनी पुलिस चौकी प्रभारी अनिल कुमार ने बताया कि घायल आयुष अग्रवाल पर हमला करने के मामले में अपराध दर्ज करते हुए हमला करने वालों को हिरासत में लिया गया है।

## निर्माणाधीन हाईकोर्ट की बिल्डिंग में चोरी करते दो आरोपी पकड़ाए
### कर्मियों ने सिविल लाईन पुलिस के किया सुपुर्द

**जबलपुर, देशबन्धु।** सिविल लाईन थाना क्षेत्रातंर्गत हाईकोर्ट की निर्माणाधीन बिल्डिंग के गेट नंबर नौ के पास से ड्रिल मशीन का चीजल (लोहे का सामान) चोरी करने वाले दो आरोपियों के वहां के कर्मियों ने धर दबोचा। जिसके बाद उन्हें पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया। पुलिस ने बताया कि दीपांकर उर्फ राजू खंडेलवाल उम्र 35 वर्ष निवासी लालमाटी घमापुर अपने सहकर्मी साथियों के साथ दो व्यक्तियों को पक?कर थाने लाया। जिसने बताया कि वह नया हाईकोर्ट निर्माण में मेंटनेंस इंचार्ज के पद पर कार्यरत है। बीती रात करीब आठ बजे नये हाईकोर्ट गेट नम्बर 9 के पास पहुंचा तो तो गेट नम्बर 9 के पास 2 ल?के ड्रिल मशीन का चीजल (लोहे का सामान) जो नये हाईकोर्ट गेट के पास रखा था, उठाकर ले जा रहे थे। जिन्हें रोक-कर पूछताछ की तो दोनों घबरा गये और भागने का प्रयास करने लगे। जिन्हें उसने स्टाफ राहुल तराम एवं गंगाराम झारिया की मदद से धर दबोचा। जिन्होंने पूछताद में अपना नाम राहुल शर्मा उम्र 28 वर्ष निवासी जगदीश मंदिर दुर्गा चौक लार्डगंज एवं अंकित उर्फ कल्लू शर्मा उम्र 35 वर्ष निवासी दुर्गा चौक जगदीश मंदिर के सामने लार्डगंज बताया। दोनो ल?के नये हाईकोर्ट गेट के पास से चीजल मशीन कीमती लगभग 25 हजार रूपये की चुराकर ले जा रहे थे। शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है।

## परिवारिक संबंध बनाकर दम्पति ने लगाया पांच लाख का चूना

**जबलपुर, देशबन्धु।** अधारताल निवासी दम्पति ने परिवारिक संबंध बनाकर वृद्ध को पांच लाख का चूना लगा दिया। दम्पति विगत आठ सालों से रूपये के एवज में जमीन देने का बात करते रहे परंतु रजिस्ट्री नहीं की। पुलिस ने षिकायत पर आरोपी दम्पति के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है।

### पुलिस ने दर्ज किया प्रकरण

आधारताल पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार आदित्य शुक्ला निवासी रामनगर अधारताल ने लिखित शिकायत की थी कि रामबली पटेल पिता शंकर लाला पटेल निवासी जयप्रकाश कालोनी तथा उसकी पत्नी सुशीला पटेल का उसके घर पर आना जाना बना रहता था। जिसके कारण पारिवारिक संबंध बन गये थे। जरूरत प?ने पर रामबली पटेल पत्नि सुशीला पटेल द्वारा पैसो का लेन देन भी किया जाता रहा है। इन्हीं संबंधों का फायदा उठाते हुए रामबली पटेल एवं पत्नि श्रीमति सुशीला पटेल द्वारा झूठ मनगढंत बहाने जैसे मकान नीलाम होने एवं ल?की की शादी करने का झूठा बहाना बनाकर षडयंत्र पूर्वक रोने का नाटक कर पैसो की मांग की थी। उसने दम्पति को चार लाख रूपये नगद एवं एक लाख रूपये यूको बैंक शाखा अधारताल से दिसम्बर 2017 में दिये थे।

रामबली पटेल एवं पत्नि सुशीला पटेल समय पर पैसा लौटाते हुए बहाने बनाते रहे। कभी पनागर स्थित 1000 वर्गफुट जमीन और कभी पौ?ा तहसील मझौली रकवा 0.55 हेक्टेयर जमीन देने की बात कहते रहे।

लगातार रूपये की मांग करने पर दम्पति ने पांच लाख रूपये के चैक दिये थे। दोनों चैक इनकोडिंग लिस्टिंग इरर की टीप मेमो के साथ अनादरित हो गये। रामबली पटेल एवं उनकी पत्नि श्रीमति सुशीला पटेल द्वारा सुनियोजित ढंग से षडयंत्र रचकर रूपये लेकर जालसाजी कर जान बूझकर त्रुटिपूर्ण चैक प्रदान कर धोखाध?ी की गयी है। पुलिस ने आरोपी दम्पति के खिलाफ धारा 420, 120बी, 34 भादवि का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

# सीओडी कर्मी व मंत्री के कथित भांजे को गिरफ्तार कर पेश करो




### नौकरी दिलाने के नाम पर राशि हड़प करने का मामला

**जबलपुर, देशबन्धु।** नौकरी दिलाने के बहाने नौ लाख रुपये की राशि हड़प किये जाने के मामले में पुलिस द्वारा कोई कार्यवाही न किये जाने को अदालत ने गंभीरता से लिया। न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी जगमोहन सिंह की अदालत ने आरोपी सीओडी कर्मी पीएल चौधरी व पूर्व मंत्री के कथित भांजे रीतेश गुप्ता के खिलाफ धोखाधड़ी सहित अन्य धाराओं के तहत अपराध पंजीबद्ध करने के निर्देश देते हुए दोनों के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किये है। अदालत ने उन्हें 20 अगस्त को अगली सुनवाई दौरान हाजिर होने के निर्देश दिये है।

यह परिवाद जबलपुर समता कालोनी निवासी 506 आर्मी वर्कशॉप से रिटायर्ड कर्मी रामभरोसे चौकसे ने अधिवक्ता मृदुल विश्वकर्मा की ओर से दायर किया है। अदालत को बताया गया कि परिवादी और अनावेदक पीएल चौधरी एक दूसरे के परिचित थे। पीएल चौधरी ने श्री त्रिपाठी के बेटे की रेलवे में नौकरी लगवाने की बात करते हुए परिवादी को अपने झांसे में लिया और उनसे चार लाख में उनके बेटे दीपक चौकसे की नौकरी लगवाने की बात की। इसके बाद कोर्ट से स्टे होने का झांसा देकर भेल में नौकरी लगवाने की बात करते हुए दस लाख में सौदा तय किया। इसके लिए उन्होंने एसोर ग्रुप के मालिक रीतेश गुप्ता से मिलवाया, जो कि खुद को तत्कालीन राजस्व मंत्री उमाशंकर गुप्ता का भांजा होना बता रहा था। परिवादी आरोपियों के झांसे में आ गया और उसने नौ लाख रुपये अदा कर दिये। गारंटी के तौर पर अनावेदक पीएल चौधरी ने साढ़े तीन लाख रुपये का चेक भी परिवादी को दिया। इसके बाद अनावेदको ने फर्जी ज्वाइनिंग लेटर सहित अन्य दस्तावेज परिवादी को थमा दिये। जालसाजी का शिकार होने की जानकारी लगने पर जब पीड़ित ने पुलिस में शिकायत दर्ज करानी चाही तो पुलिस ने पहले से ही मामला दर्ज होने का हवाला देकर इतिश्री कर ली, जिस पर यह परिवाद दायर किया गया। पूरे मामले का अवलोकन करने के बाद अदालत ने अनावेदक पीएल चौधरी व रीतेश गुप्ता के खिलाफ धोखाधड़ी सहित अन्य धाराओं के तहत अपराध पंजीबद्ध करने के निर्देश देते हुए दोनों के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किये है।

उपचार में खर्च राशि का ब्याज सहित करो भुगतान

### इंश्योरेंस कंपनी को आयोग ने दिये निर्देश

**जबलपुर, देशबन्धु।** जिला उपभोक्ता आयोग ने दि ओरिएण्टल इंश्योरेंस कंपनी को सात फीसदी ब्याज के साथ उपचार में की गई खर्च की राशि का भुगतान करने के निर्देश दिये है। आयोग के अध्यक्ष पंकज यादव व सदस्य अमित सिंह तिवारी की पीठ ने कंपनी को निर्देशित किया है कि वह परिवादी को हुए मानसिक कष्ट व वाद व्यय के लिए सात हजार रुपए की राशि भी अदा करें।

दरअसल धनवंतरी नगर निवासी अजीत कुमार मेहता ने बताया कि उन्होंने उक्त कंपनी से स्वयं व पत्नी के लिए मेडिक्लेम पॉलिसी ली थी। एक्यूट गैस्ट्रोएन्टराइटिस की शिकायत पर परिवादी की पत्नी को जबलपुर अस्पताल में भर्ती कराया गया। अस्पताल के बिल 10 हजार 711 रुपए की राशि का दावा कंपनी के समक्ष प्रस्तुत किया गया। कंपनी ने दावा निरस्त कर दिया, इसलिए आयोग में परिवाद दायर किया। आयोग ने इसे सेवा में कमी पाते हुए उक्त आदेश जारी किये।

### डॉक्टरों की टीम ने कर दिया है पीडिता का गर्भपात
#### सरकार की तरफ से पेश की गयी रिपोर्ट

**जबलपुर, देशबन्धु।** सरकार की तरफ से हाईकोर्ट में बताया गया कि डॉक्टरों की टीम ने पीडिता की गर्भपात करवा दिया है। जस्टिस अमित सेठ ने सरकार की तरफ से पेश की गयी जानकारी को रिकॉर्ड में लेते हुए याचिका का निराकरण कर दिया है।

गौरतलब है कि रायसेन जिला न्यायालय की तरफ से पीड़िता के गर्भपात की अनुमति के लिए हाईकोर्ट को पत्र लिखा था। हाईकोर्ट ने मामले की सुनवाई करते हुए पीडिता की मेडिकल रिपोर्ट पेश करने के आदेष जारी किये थे। याचिका पर सुनवाई के दौरान एकलपीठ के समक्ष रिपोर्ट पेश की गयी थी। एकलपीठ ने सुनवाई के दौरान पाया था कि विशेष कोर्ट पास्को ने गर्भपात के लिए पीडित के अभिभावक के द्वारा आवेदन किये जाने के संबंध कोई जानकारी प्रस्तुत नहीं की गयी है। एकलपीठ ने अभिभावक की अनुमति के संबंध में जानकारी पेश करने के निर्देश जारी किये थे। याचिका की सुनवाई के दौरान बताया गया कि पूर्व में हाईकोर्ट के द्वारा पारित दिषा-निर्देषों को परिपालन करते हुए पीड़िता का एमटीपी से गर्भपात करवा दिया गया है। एकलपीठ ने सुनवाई के बाद याचिका का निराकरण कर दिया।

## नदी में डूबे युवक का शव मिला
### पनागर की झुंझरू नदी का मामला

**जबलपुर, देशबन्धु।** गुरुवार को झुंझुंरु नदी में डूबे सिद्ध नगर मानेगांव का निवासी सुनील उर्फ सोनू दाहिया का शव शुक्रवार की सुबह नदी में उतराता हुआ मिला। पुलिस ने मर्ग कायम करते हुए शव को बाहर निकलवाया और पोस्ट मार्टम के लिए भेजा। युवक किन परिस्थितियों में नदी में डूबा पुलिस इसकी जांच कर रही है। जानकारी अनुसार रांझी सिद्ध नगर मानेगांव निवासी सुनील सोनू दाहिया अपने साथियों के साथ झुंझुंरु नदी में नहाने गया था। परिजनों ने बताया कि पेशे से सुनील मजदूरी करता था। कल काम नहीं होने के चलते वह नदी गया था। नहाते-नहाते अचानक ही वह गहरे पानी में चला गया। जब तक उनके दोस्तों की नजर उस पर प?ी वह गहरे पानी में चला गया था। जिसके बाद युवक के डूबने की सूचना पनागर थाना पुलिस को दी गई। जिसके बाद गुरुवार की रात से ही रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू कर दिया गया था। जिसके बाद शुक्रवार सुबह सुनील का शव पानी में उतरते हुए मिला।

# सड़कों पर आवारा मवेशियों का जमावड़ा, हो रहे हादसे

## गायब है नगर परिषद की हाका गैंग



**बरेला, देशबन्धु।** नगर में वर्तमान में आवारा पशुओं की संख्या निरंतर बढ़ती जा रही है यह आवारा जानवर बस्ती के अंदर गली कूचे से लेकर मुख्य मार्ग में भी धमा चौकड़ी मचाए रहते हैं। यह आवारा जानवर मुख्य सड़क में जहां-तहां बैठकर सड़क में यातायात को बाधित कर रहे हैं तो वहीं दूसरी ओर डिवाइडरों में लगे हुए हरे-भरे पेड़ों को भी नुकसान पहुंचा रहे हैं। बताया जाता है कि यह आवारा जानवर नगर के मुख्य मार्ग में जहां-तहां कब्जा करके बैठ जाते हैं इसके कारण रास्ते से निकलने वाले दो पहिया वाहन चालकों और बस चालकों के सामने भी डट कर बैठे रहते हैं।

हॉर्न बजाने पर भी नहीं उठते हैं तथा बड़े मुश्किल से हटाए हटते हैं। नगर परिषद द्वारा लंबे समय से इन आवारा जानवरों को पकड़ कर गौशाला भेजने की कार्यवाही नहीं की गई है इसके कारण नगर में आवारा जानवरों की संख्या निरंतर बढ़ती जा रही है। इन आवारा जानवरों की वजह से दोपहिया वाहन चालक दुर्घटना का शिकार हो जाते हैं किंतु नगर परिषद के जवाबदेह अधिकारियों द्वारा इस समस्या की ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

इसके कारण लोगों को मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। यह आवारा जानवर राह चलते लोगों को टक्कर भी मार देते हैं जिससे लोगों को प्रभाव दुर्घटनाग्रस्त होने की आशंका भी बनी रहती है तथा लोगों के खाद्य पदार्थों पर ।भी झपट्टा मार देते हैं।नगर परिषद द्वारा इन आवारा जानवरों को पकड़ने के लिए भी वाहन भी खरीदा गया है यह वहां फिल्टर प्लांट के पास शोपीस बनकर खड़ा हुआ है तथा उसमें भी उपयोग न होने के कारण जंग लग रहा है।

नगर परिषद के जवाब देह अधिकारियों से नगर वासियों की गुजारिश है कि नगर को इन आवारा जानवरों की समस्यासे निजात दिलाई जाए तथा इन जानवरों कोसही जगह गौशाला पहुंचावे ताकि उनकी सही देखभाल हो सके।

## आया था सिपाही बनने, पुलिस ने भेजा जेल

**सतना, देशबन्धु।** आरक्षक जीडी एवं रेडियो परीक्षा 2023 में शामिल होकर लिखित परीक्षा पास करने वाले एक अभ्यर्थी को दस्तावेजी जांच में सतना पुलिस ने पकड़ लिया। जब युवक सतना में ज्वाईन करने आया तो वह फंस गया। डीएसपी वीरेन्द्र बहादुर सिंह की रिपोर्ट पर थाना सिविल लाइन पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार करते हुए शुक्रवार को अदालत में पेश कर दिया है। यह कार्रवाही एसपी आशुतोष गुप्ता के निर्देशन, एडिशनल एसपी शिवेश सिंह बघेल, सीएसपी डीपी सिंह चौहान के मार्गदर्शन पर थाना प्रभारी सिविल लाइन निरीक्षक योगेन्द्र सिंह परिहार के नेतृत्व में की गई है। पुलिस के अनुसार, वर्ष 2023 में आरक्षक जीडी एवं रेडियो भर्ती परीक्षा में फर्जी तरीके से चयनित उम्मीदवार गौरव कुमार शर्मा निवासी बेरई गिर्द थाना सबलगढ़ जिला मुरैना जब 12 जून को ज्वाइन करने सतना पहुंचा तो उसे पकड़ कर बैठा लिया गया। पुलिस जांच में यह बात सामने आई कि चयनित अभ्यर्थी गौरव शर्मा के दस्तावेजो में संदेह हुआ। जांच में तब पता चला कि दस्तावेज कूटरचित हैं।

# सिहोरा में सबसे पहले 5वीं, 8वीं पूरक पुनः परीक्षा का मूल्यांकन कार्य पूर्ण

**सिहोरा, देशबन्धु।** जिले के अनेक विकासखंडों में जहां 5 वीं 8 वीं पूरक पुनः परीक्षा का मूल्यांकन कार्य चल रहा है वही सिहोरा में 5 वीं 8 वीं का मूल्यांकन कार्य अग्रणी रहते हुए निर्धारित समय सीमा में संपन्न हुआ।

राज्य शिक्षा केंद्र द्वारा जारी दिशा निर्देशों के परिपालन में पांचवी आठवीं पूरक पुनः परीक्षा 2025,मूल्यांकन केंद्र शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिहोरा में विकासखंड शिक्षा अधिकारी अरविंद धुर्वे के दिशा निर्देशन में,बीआरसी बृजेश श्रीवास्तव , प्रभारी प्राचार्य विनोद पटेल, बी ए सी अश्विनी उपाध्याय और उनकी टीम के सहयोग से हेड वेलुवर अशोक तिवारी, राजेश नेमा एवं संजीव शर्मा , कंट्रोल रूम प्रभारी अनिल विश्वकर्मा, बी ए सी संजीव गुप्ता आदि के द्वारा सम्पन्न हुआ।

उपरोक्त विषय में जानकारी देते हुए मूल्यांकन केंद्र प्रभारी विनोद पटेल व हेड वेलुवर अशोक तिवारी ने बताया कि विकासखंड के मूल्यांकन कर्ताओं को पांचवी आठवीं पूरक पुनः परीक्षा की उत्तर पुस्तिकाओं की जांच के लिए लगाया गया था जिसे निर्धारित लक्ष्य में जांच कार्य पूरा किया गया। पांचवी एवं आठवीं का मूल्यांकन कार्य गुरुवार को पूर्ण हुआ साथ ही फीडिंग का कार्य भी संपन्न कर लिया गया।

मूल्यांकन कार्य के लिए शिक्षा विभाग ने शिक्षकों की ड्यूटी लगाई थी,मूल्यांकनकर्ता शिक्षक अलग-अलग मूल्यांकन कक्षों पर उत्तर-पुस्तिकाओं का मूल्यांकन कर रहे थे,मूल्यांकन का काम पारदर्शी तरीके से रहे, इसलिए सभी कक्षों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए गए थे.निगरानी के लिए बनाए गए कंट्रोल रूम से सभी केंद्रों की मॉनिटरिंग की जा रही थी एवं समस्त मुख्य मूल्यांकन कर्ता अधिकारी एवं मूल्यांकन कर्ताओं को उनके अभूतपूर्व एवं लगातार सराहनीय सहयोग करने वाले राम लखन तिवारी, बृजेश झारिया,रामशरण बागरी, अब्दुल रहीम खान, रूपाली श्रीवास्तव राजेश्वरी सोनी कंप्यूटर ऑपरेटर संतोष लखेरा प्रमोद नामदेव विष्णु पटेल योगेन्द्र मिश्रा संजू उरमलिया के लिए बी ई ओ सिहोरा अरविन्द धुर्वे प्रभारी बीआरसी बृजेश श्रीवास्तव, बी ए सी अश्वनी उपाध्याय, हेड वेलुवर अशोक तिवारी, बी ए सी संजीव गुप्ता ने मूल्यांकन कर्ताओं को समय से कार्य करने पर प्रशंसा की है।

## सार-समाचार

### ब्लॉक कांग्रेस की विशेष बैठक पनागर में आज

**पनागर, देशबन्धु।** जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी पनागर की एक आवश्यक बैठक सोनिया पैलेस पनागर में सुबह 11:30 बजे आयोजित की जाएगी अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा संगठन सृजन कार्यक्रम को लेकर इस बैठक में केंद्रीय पर्यवेक्षक रवि बहादुर सिंह जी विधायक हरिद्वार उत्तराखंड एवं पीसीसी के पर्यवेक्षक रजनीश सिंह जी विधायक पूर्व विधायक सुनील जैन देवरी सागर उपस्थित होंगे ब्लॉक अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव ने ब्लॉक मंडलम एवं सेक्टर के सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं से आवश्यक रूप से उपस्थित होने की अपील की है।

### सतगुरु कबीर जयंती मनाई

**गांधीग्राम, देशबन्धु।** बुढ़ान सागर तट पर स्थित सतगुरु कबीर आश्रम में सतगुरु कबीर साहेब की जयंती मनाई गई इस अवसर पर उनके अनुयायियों ने सतगुरु कबीर साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कबीर वाणी गाकर गुरु आरती की एवं भक्तों ने सतगुरु कबीर साहब द्वारा आज से 600 साल पहले पाखंड अंधविश्वास एवं रूढ़िवाद पर की गई करारी चोट के ऊपर वक्ताओं ने प्रकाश डाला! साथ ही वर्तमान परिदृश्य में कबीर साहब की समता सामानता बंधुता एवं भाईचारे पर आधारित समाज की परिकल्पना को साकार कर आत्मसात करने के लिए अपील की गई एवं उनके साहित्य से रोजाना ज्ञान अर्जन कर प्रत्येक मनुष्य के विकास पर जोर डाला गया! कार्यक्रम समापन उपरांत खीर पुड़ी एवं मिष्ठान का भंडारा किया गया! इस अवसर पर इंदल प्रसाद कोरी, दौलत प्रसाद कोरी, अजय कोरी (पूर्व सरपंच), शिव नारायण कोरी (जनपद सदस्य), ओम समद, कौड़ी लाल कोरी, शोभाराम कोरी, गिरानी लाल कोरी आदि उपस्थित रहे।

### सड़क हादसे में कई घायल, दो गंभीर

**रीवा देशबन्धु।** प्रयागराज हाईवे में गढ़ बाईपास पर भीषण सड़क हादसा हुआ है इस सड़क हादसे में एक ही परिवार के आधा दर्जन लोग घायल हुए हैं जिनमें से दो लोगों की स्थिति गंभीर बताई गई है।



घटना की सूचना पर एसडीओपी मनगमा प्रतिभा शर्मा सहित थाना प्रभारी गढ़ अवनीश पांडे मौके पर पहुंचे हैं और सभी घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया है बताया गया है कि कार सवार मैहर से उत्तर प्रदेश जा रहे थे इसी दौरान अचानक कार अनियंत्रित हो गई जिसमें से यह सड़क हादसा हो गया इस सड़क हादसे में आधा दर्जन लोगों से ज्यादा लोग घायल हुए हैं सभी एक ही परिवार के बताए जा रहे हैं दो लोगों के हालत गंभीर बताई गई है सभी घायलों को उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया है गढ़ बाईपास की यह घटना बताई जा रही है जिसमें एक ही परिवार के आधा दर्जन लोग घायल हुए हैं सभी उत्तर प्रदेश के निवासी हैं जो मैर देवी दर्शन करने गए थे और वहां से वह उत्तर प्रदेश जा रहे थे इसी दौरान सड़क हादसे का शिकार हो गए अभी एक्सीडेंट हुआ है जो जिसमें की गाड़ी में छह लोग थे डिवाइडर से टकराई है मैहर से ये लोग यूपी जा रहे थे जिसमें सभी लोग अभी घायल अवस्था में तत्काल उनको रेफर किया गया उनकी जैसी कंडीशन होगी तो उनको आगे भी रेफर किया जाएगा ।

### सोहागी पहाड में फिर पलटा ट्रक

**रीवा देशबन्धु।** बीती देर रात रीवा प्रयागराज हाईवे में सुहागी पहाड़ पर फिर सड़क हादसा हुआ है यहां अनियंत्रित ट्रक पलट जाने के कारण चालक और खलासी गंभीर रूप से घायल हुए हैं घटना की सूचना पर सुहागी थाना प्रभारी पवन शुक्ला दलबल के साथ मौके पर पहुंचे और जेसीबी की मदद से घायलों को ट्रक से बाहर निकाल उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया है घटना के संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक ट्रक सुहागी पहाड़ में नीचे की ओर जा रहा था इसी दौरान अचानक अनियंत्रित होकर पलट गया जिसमें ट्रक सवार चालक और खलासी इसकी चपेट में आ गए हैं घटना की सूचना पर तत्काल मौके पर पहुंची पुलिस और जेसीबी की मदद से दोनों घायलों को ट्रक से बाहर निकाला उन्हें उपचार के लिए सिविल अस्पताल के उत्तर में भर्ती कराया गया है इस सड़क हादसे के चलते घंटों हाईवे जाम रहा। कुछ दिन पूर्व ही इस पहाड़ में एक ही परिवार के सात लोगों की मौत सड़क हादसे में हो गई थी ।



# कृषि वैज्ञानिकों की टीम पहुंची गांव-गांव, प्राकृतिक खेती पर दिया जोर

## आधुनिक यंत्रों से नरवाई प्रबंधन के बताए तरीके

**गोसलपुर, देशबन्धु।** विकसित कृषि संकल्प अभियान जो पूरे भारत वर्ष में दिनांक 29 मई से 12 जून तक आयोजित किया गया के अंतर्गत जबलपुर जिले के पाटन विकासखंड में वैज्ञानिकों की टीम तथा किसान कल्याण एवं कृषि विकास विभाग, उद्यानिकी विभाग पशुपालन एवं पशु चिकित्सा विभाग आत्मा मत्स्य पालन विभाग कृषि अभियांत्रिकी विभाग के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।



गुरुवार को यह कार्यक्रम पाटन विकास खंड के ककरेहटा भिड़की एवं खजरी दोनी ग्राम पंचायत में आयोजित किया गया कार्यक्रम में डॉ ए.के सिंह द्वारा कीटनाशकों के अंधाधुंध एवं अव्यवस्थित प्रयोग से फसलों में तथा प्राणि जगत में होने वाले दुष्परिणामों के बारे में विस्तार पूर्वक बताया गया डॉ सिंह ने बताया की कृषि फसलों में खासकर मूंग उड़द एवं मटर की फसलों में अंधाधुंध और अव्यवस्थित तरीके से कीटनाशकों का उपयोग किया जा रहा है जो मृदा स्वास्थ्य एवं संपूर्ण मानव जगत के लिए खतरा है कीटनाशकों के प्रयोग से पूर्व किसान वैज्ञानिक से सलाह लेकर अथवा कृषि अधिकारियों से संपर्क कर उपयुक्त कीटनाशी की जानकारी प्राप्त कर उसका संतुलित उपयोग सुनिश्चित किया जाए।


डॉ एके सिंह ने नरवाई प्रबंधन के बारे में कृषकों को विस्तार पूर्वक जानकारी दी उन्होंने बताया की नरवाई प्रबंधन के लिए संरक्षित खेती अंतर्गत हैप्पी सीडर द्वारा फसलों की बोनी सुपर सीडर द्वारा फसलों की बोनी स्ट्रा रीपर द्वारा भूसा बनाना रीपर कम बाइंडर द्वारा नरवाई के बंडल बनाना आदि तरीकों से नरवाई का प्रबंधन सुनिश्चित किया जा सकता है।

कार्यक्रम के दौरान डॉ आर के साहू, कृषि वैज्ञानिक ने मृदा नमूनों के एकत्रीकरण तथा सॉइल हेल्थ कार्ड पर विस्तार पूर्वक जानकारी प्रदाय की डॉ साहू ने बताया कि मिट्टी में रासायनिक उर्वरकों के दुष्परिणामों को रोकने के लिए जैव उर्वरकों का प्रयोग सुनिश्चित किया जाना चाहिए ताकि मृदा स्वास्थ्य को बरकरार रखते हुए फसलों का इच्छित उत्पादन प्राप्त किया जा सके तथा लागत को कम करते हुए अधिक लाभ अर्जित किया जा सके कार्यक्रम में उपस्थित कृषि विस्तार अधिकारी श्री गौरखेड़े एवं देव आनंद सिंह ने किसान कल्याण एवं कृषि विभाग द्वारा संचालित योजनाओं के बारे में किसान भाइयों को विस्तार पूर्वक जानकारी दी उद्यानिकी विभाग से उपस्थित प्रतिनिधि ने उद्यानिकी विभाग की योजनाओं के बारे में कृषकों को अवगत कराया पशुपालन एवं पशु चिकित्सा विभाग से जे एस कनौजिया ने पशुपालकों को विभागीय योजनाओं के बारे में जानकारी प्रदान की कृषि अभियांत्रिकी विभाग से नारायण चौधरी ने विभाग द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के बारे में किसान भाइयों को विस्तार पूर्वक जानकारी दी तीनों ग्राम पंचायत में लगभग पांच से अधिक कृषक उपस्थित हुए एवं कार्यक्रम में दी गई जानकारी का लाभ प्राप्त किया।

# चरित्र संदेह में हुई महिला की हत्या

- **परिवार के लोगों ने मारपीट कर कुएं में फेंका, मौत**

**रीवा देशबन्धु। जिले के गढ़ थाना क्षेत्र में एक महिला के साथ चरित्र शंका के चलते मारपीट की गई और इसके बाद उसे कुएं में फेंक दिया गया महिला को जब कुएं से निकाल कर ग्रामीण अस्पताल की ओर चले तो रास्ते में उसने दम तोड़ दिया।**



मृतका के पति राजनाथ साकेत ने बताया कि वह नेत्रहीन है उन्हें आंख से दिखाई नहीं देता मेरी पत्नी पर चारित्रिक दोश गलत आरोप लगाते हुए परिवार के लोगों ने मारपीट की इसके बाद उसे कुएं में फेंक दिया पति बीच बचाव करता रहा लेकिन आरोपियों ने उसकी पत्नी को मौत के घाट उतार दिया। मृतिका

## पति ने लगाया देवरानी सहित परिवार के लोगों पर हत्या का आरोप

फूलकली साकेत गढ़ थाना क्षेत्र के पताई गांव की निवासी है जिसके दो बेटे पुणे में काम करते हैं जबकि पत्नी अपने नेत्रहीन पति के साथ घर में रहती थी बीती शाम तकरीबन 7 बजे परिवार के कुछ लोग मृतिका फूलकली साकेत के साथ मारपीट कर रहे थे जिसमे बीज बचाव करने उसका पति राजनाथ साकेत आया। राजनाथ साकेत का आरोप है कि आरोपियों ने उसे धक्का देकर दूर कर दिया और मारपीट करते हुए उसकी पत्नी फूलकली साकेत को कुएं में फेंक दिया ग्रामीणों की मदद से महिला को कुएं से बाहर निकल गया जब उसकी सांसे चल रही थी लेकिन अस्पताल पहुंचने से पहले ही उसकी मौत हो गई ।

# बोरिंग कर रहे श्रमिक की संदिग्ध मौत

**रीवा देशबन्धु।** मऊगंज जिले के नईगढ़ी थाना क्षेत्र अंतर्गत हरदी तिवरियान गांव में बोरिंग कार्य के दौरान एक श्रमिक की संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई मृतक की पहचान सुमित धोबी पिता सुदामा धोबी निवासी लक्ष्मीपुर जिला सूरजपुर छत्तीसगढ़ के रूप में हुई है जो हरदीप तिवरियान गांव में कराई जा रही बोरिंग मशीन में काम कर रहा था ।




घटना 12 13 जून की दरमियानी रात करीब 1.00 बजे की है जब सुमित बोरिंग मशीन के पास मिट्टी हटाने का कार्य कर रहा था अचानक सीने में दर्द की शिकायत के बाद साथ ही श्रमिकों द्वारा उसे तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नईगढ़ लाया गया जहां चिकित्सकों ने परीक्षण उपरांत मृत घोषित कर दिया घटना स्थल पर मौजूद नीलेश तिवारी ने बताया कि सुमित ने सीने में दर्द होने की बात कही थी ।

जिसके बाद तुरंत अस्पताल लाया गया कानूनी प्रक्रिया के उपरांत आज पोस्टमार्टम कराया गया है जिसके बाद ही मौत के असली कारणों का खुलासा हो सकेगा अब यहां बड़ा सवाल यह है कि प्रशासन द्वारा निजी बोरिंग कराए जाने पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगाया गया है इसके बावजूद भी यहां पर बोरिंग कैसे हो रही थी यह एक जांच का विषय है।

### कफ सिरप के साथ पकड़ा गया युवक

**चित्रकूट, देशबन्धु।** चित्रकूट पुलिस ने कफ सिरप बेचने वाले एक कानपुर के युवक को पकड़ा है। जिसके कब्जे से 15 शीशी कप सिरफ जब्त कर कार्वाही की गई है। सूचना मिलने पर थाना प्रभारी डीआर शर्मा ने अपनी टीम की मदद से आरोग्यधाम घाट किनारे से आरोपी राहुल सिंह ठाकुर पिता सिद्धनाथ सिंह (20) निवासी पटेलनगर रमादेवी जिला कानपुर उप्र को पकड़ा है। इसके बैग से कफ सिरप जब्त की गई है।

# सरकार के साथ उपभोक्ता को चूना लगा रहे सुपारी व्यवसायी

- **साठ गांठ से चल रहा बड़े पैमाने पर कारोबार**
- **वजन के साथ हो रही राजस्व की चोरी**

**सतना, देशबन्धु।** जीएसटी और सेल्स टैक्स विभाग की आंख में धूल झोंकने का एक नया मामला सामने आया है।




शहर की किराना एवं पान मसाला दुकानों में पैकेट बंद ऐसी सुपारी का वितरण एवं विक्रय किया जा रहा है, जिसमें न तो मैन्युफैक्चरिंग एवं एक्सपायरी डेट का उल्लेख होता है और न ही वजन और कीमत की सही जानकारी प्रदर्शित की जाती है। शिकायत तो यहां तक सामने आ रही है कि पैकेट पर 200 ग्राम लिखा होता है, लेकिन सुपारी 100 से डेढ़ सौ ग्राम के बीच ही होती है, यानी वजन में भी चोरी हो रही है। ऐसा काला धंधा करने वाले लोग सरकार को राजस्व का नुकसान तो पहुंचा ही रहे हैं, उपभोक्ताओं को भी चूना लगा रहे हैं। सवाल काबिज होता है कि क्या यह सब बिना सरकारी तंत्र की मिली भगत के मुमकिन है?

## सिंधी कैंप में सुपारी का गढ़

सूत्रों का दावा है कि सिंधी कैंप और मुख्य बाजार की किराना दुकानों में अगर आकस्मिक छापामारी की जाए तो सुपारी के काले कारोबार से पर्दा उठ जाएगा।

इतना ही नहीं पुलिस




## सुपारी से सबके मुंह बंद

जांच योग्य बिंदु है कि फुटकर में बिक्री के लिए थोक में सुपारी कहां से आ रही है? जो सुपारी आ रही है, उसका गुणवत्ता स्तर क्या है? इस सुपारी को किस कारखाने में कटवाया जा रहा है और फुटकर बिक्री के लिए किस तरीके की टीम काम कर रही है? सूत्रों की माने तो बाजार में पैकेट बंद जो कटी सुपारी मिल रही है उसमें से अधिकांश ऐसी है, जिसे खाने के बाद उपभोक्ताओं को गले और फेफड़ों की शिकायत हो रही है। हालांकि यह विषय जांच योग्य है। जांच के बाद ही तथ्य सामने आएंगे कि इस कारोबार की असलियत क्या है? इसमें किसका नफा और किसका नुकसान है? सवाल यह होता है कि जांच कब और कैसे शुरू होगी?

तफ्तीश में इस गोरख धंधे के वह चेहरे भी बेनकाब हो जाएंगे जो व्यापारी बनकर समाज में इज्जत बटोर रहे हैं। माना जा रहा है कि यह काला धंधा सिंधी कैंप में ही नहीं बल्कि जिला और जिले के बाहर भी फैला हुआ है। व्यापारी सड़ी गली हर किस्म की सुपारी को बकायदे पैकेट में पैक करके दुकानदारों के माध्यम से उपभोक्ताओं तक पहुंचा कर मन माफिक मुनाफा कमा रहे हैं। सवाल है कि फूड सेफ्टी डिपार्टमेंट आखिर क्या कर रहा है?

अब तक यह घोटाला उसकी नजर में क्यों नहीं आया है? कहीं ऐसा तो नहीं है कि जानकारी होते हुए भी इस विभाग के लोग अनजान बने हुए हैं?

## बुजुर्ग को डंडों से पीटकर फेंका सड़क के किनारे

**रीवा देशबन्धु।** सोहागी थाना क्षेत्र में एकबुजुर्ग को लाठी डंडों से बुरी तरह पीटकर नैना नदी के किनारे फेंक दिया गया पीड़ित पक्ष का आरोप है कि उन्हें पहले भी कई बार जान से मारने की धमकी कुछ लोगों द्वारा दी गई थी और इन्हीं लोगों ने हमला कराया है पुलिस फिलहाल पूरे मामले की जांच कर रही है घटना के संबंध में घायल मोतीलाल साहू ग्राम बराव थाना मऊगंज निवासी ने बताया कि वह वैवाहिक कार्यक्रम में अपने रिशेदारी में गया हुआ था तभी कुछ लोग उसे दुकान का पता पूछने के बहाने बुलाकर ले गए इसके बाद उसे जबरन एक गाड़ी में बैठाकर नैना नदी के किनारे ले गए और लाठी डंडों से पीटकर हमलावरों ने उसे फेंक दिया और फरार हो गए। एक राहगीर ने घायल को देखा और तत्काल परिजनों को सूचना दी।

## ईरान के खिलाफ सैन्य अभियान के बाद इजरायली विदेश मंत्री ने की मैराथन कॉल

**यरुशलम, (आईएएनएस)।** विदेश मंत्री गिदोन सार ने ईरान के खिलाफ इजरायल डिफेंस फोर्स (आईडीएफ) के ऑपरेशन राइजिंग लायन शुरू करने के बाद दुनियाभर के अपने समकक्षों के साथ मैराथन कॉल करना जारी रखा है। विदेश मंत्रालय के अनुसार, इसका मकसद ईरानी विनाश के खतरे को दूर करना है। शुक्रवार सुबह गिदोन सार की पहली बातचीत जर्मन विदेश मंत्री वेडेफुल के साथ हुई। सार ने अपने जर्मन समकक्ष को कैबिनेट के सर्वसम्मत फैसले और उसके बाद की आईडीएफ कार्रवाई के बारे में बताया। सार ने जर्मन विदेश मंत्री से कहा, हमने यह फैसला अंतिम समय में लिया, जब सभी दूसरे रास्ते बंद हो चुके थे। पूरी दुनिया ने देखा और समझा कि ईरानी रुकने को तैयार नहीं थे, हमें उन्हें रोकना था। लेटेस्ट आईएईए रिपोर्ट ने ईरान के गंभीर उल्लंघनों के बारे में बताया है। हम जानते हैं कि चुनौतीपूर्ण दिन आने वाले हैं, लेकिन हमारे पास कोई और विकल्प नहीं है।

# इजरायल के हमले में हाथ नहीं, पर उसको आंच भी नहीं आने देंगे

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का कहना है कि शुक्रवार को सुबह ही इजरायल ने ईरान पर जो हमले किए हैं, उसमें अमेरिका का कोई रोल नहीं हैं। लेकिन फॉक्स न्यूज से बातचीत में उन्होंने यह भी स्वीकार किया कि उन्हें पहले ही इजरायल के हमले की जानकारी हो गई थी। उन्होंने कहा कि मुझे पता था कि इजरायल ऐसा कुछ करने जा रहा है। इस तरह डोनाल्ड ट्रंप ने साफ किया कि इजरायल के हमले में अमेरिका का कोई हाथ नहीं है, लेकिन दूसरी तरफ लगे हाथों यह भी कह दिया कि यदि ईरान ने इजरायल पर हमले का प्रयास किया तो जवाब दिया जाएगा। अमेरिका ने साफ कहा कि ईरान की ओर से किसी हमले के जवाब में अमेरिका का चुप नहीं बैठेगा और इजरायल को डिफेंस करेगा।



इस तरह डोनाल्ड ट्रंप के बयान से साफ दिखता है कि अमेरिका डबल गेम खेल रहा है। एक तरफ ईरान पर इजरायल की ओर से हमले का विरोध नहीं किया तो वहीं उसी अटैक के बहाने दबाव भी बना दिया। डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि यह स्वीकार नहीं किया जा सकता कि ईरान के पास परमाणु बम हो। इसलिए हम चाहते हैं कि ईरान बातचीत के लिए टेबल पर आए। इजरायल ने शुक्रवार को तड़के 3 बजे ही ईरान पर हमले बोल दिए और कुल 100 ठिकानों को निशाना बनाते हुए मिसाइल दागी। इजरायल के हमलों में ईरान के परमाणु ठिकाने नातांज को भी निशाना बनाया गया है। ईरान की मीडिया के अनुसार इजरायल के हमलों में उसके मिलिट्री चीफ और एलीट फोर्स कही जाने वाली ईरान रिवॉलूशनरी गार्ड के लीडर हुसैन सलामी भी मारे गए हैं। डोनाल्ड ट्रंप के इस दोहरे रुख को लेकर जानकारों का कहना है कि वह शायद इजरायल के हमले के जरिए ईरान पर दबाव बनाना चाहते हैं कि वह परमाणु हथियारों को लेकर वार्ता में शामिल हो। दरअसल इराक, बहरीन समेत तीन मध्य पूर्व के देशों से अमेरिका ने पहले ही अपने राजनयिकों को वापस बुला लिया था। तब से ही कयास लग रहे थे कि शायद इजरायल की ओर से ईरान पर हमला बोला जा सकता है और ऐसी स्थिति में अमेरिका अपने राजनयिकों की सुरक्षा के लिए ऐसा कदम उठा रहा है।

यही वजह है कि ट्रंप ने एक तरफ हमले में हाथ होने से इनकार किया तो वहीं यह भी कहा कि हम इजरायल और अमेरिका के हितों की रक्षा के लिए तत्पर हैं। इसके अलावा अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो ने कहा कि हम अपने लोगों को बचाना चाहते हैं, जो मिडल ईस्ट में हैं। इसलिए हम ईरान से अपील करते हैं कि अमेरिका के लोगों और उसके ठिकानों को किसी भी तरह से नुकसान न पहुंचाया जाए।

# कहानी हम खत्म करेंगे, इजरायली हमले का ईरान भी देने लगा जवाब, 100 ड्रोन्स से अटैक

ईरान में शुक्रवार का दिन जुमे के चलते छुट्टी का होता है। लेकिन इजरायल ने इस दिन को उस पर हमले के लिए चुना और तड़के 3 बजे से ही मिसाइलों से अटैक कर दिया। इजरायल ने तेहरान के अलावा ईरान के परमाणु ठिकानों पर भी अटैक किए हैं। अब तक मिली जानकारी के अनुसार ईरान के आर्मी चीफ मोहम्मद बाघेरी मारे गए हैं तो वहीं इस्लामिक रिवॉलूशनरी गार्ड्स के चीफ हुसैन सलामी की भी मौत हुई है। इस हमले ने ईरान को हिला दिया है और अमेरिका से उसकी बातचीत खटाई में पड़ गई है। ईरान का कहना है कि इजरायल के हमले के पीछे अमेरिका भी है, जिससे डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन ने इनकार किया है।

इस बीच ईरान ने इजरायल पर जवाबी ऐक्शन शुरू कर दिया है। इजरायली हमले के जवाब में ईरान ने 100 ड्रोन छोड़कर जवाबी ऐक्शन की कोशिश की है। वहीं इजरायल का कहना है कि उसने ईरान से भेजे गए 100 ड्रोन्स को आसमान में ही मार गिराया है। माना जा रहा है कि ईरान की ओर से इजरायल के इस हमले का जवाब दिया जाएगा और यह थोड़ा बड़ा भी हो सकता है। साफ है कि ड्रोन्स ही नहीं बल्कि मिसाइलों का इस्तेमाल भी ईरान की ओर से किया जा सकता है। इजरायल का कहना है कि हमने ईरान के कई ड्रोन्स को इंटरसेप्ट किया है और उन्हें अपनी वायु सीमा के बाहर ही मार गिराया है।

वहीं ईरान ने तेवर दिखाते हुए कहा है कि भले ही कहानी की शुरुआत इजरायल ने हमला करके की है, लेकिन उसका अंत हम करेंगे। ईरान की सेना के प्रवक्ता ब्रिगेडियर जनरल अब्दुल फजल शेकारची ने कहा कि अमेरिका और इजरायल को इस हमले की बड़ी कीमत चुकानी होगी। उन्होंने कहा कि इस कहानी का अंत ईरान ही लिखेगा। ईरान की सरकार के प्रवक्ता फतेमेह मोहाजिरानी ने कहा कि ईरान ने कभी युद्ध शुरू नहीं किया। फिर भी यदि कोई हम पर हमला करता है तो चुप नहीं बैठेंगे। हमारी तरफ से हमेशा करारा जवाब दिया गया है। उन्होंने कहा कि इजरायल ने सही से आकलन नहीं किया।

## ईरान पर अटैक हुआ तो इजरायल पर भड़के इस राज्य के मुख्यमंत्री, ठग तक बता दिया

केरल के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन ने शुक्रवार को इजरायल को 'एक पुराना वैश्विक ठग' बताया, जो अहंकार के साथ यह मानता है कि वह कुछ भी कर सकता है, क्योंकि उसे अमेरिका का समर्थन प्राप्त है। विजयन शुक्रवार की सुबह ईरान में विभिन्न स्थानों पर इजरायल द्वारा हमले किए जाने की खबरों पर संवाददाताओं द्वारा पूछे गए प्रश्नों का उत्तर दे रहे थे। इजरायल ने ईरान की राजधानी पर हमला किया, जिसमें देश के परमाणु कार्यक्रम और सैन्य स्थलों को निशाना बनाया गया। केरल के मुख्यमंत्री ने कहा कि इजरायल लंबे समय से वैश्विक ठग के रूप में काम कर रहा है और वह शालीनता का सामान्य तरीका नहीं अपनाता है। उन्होंने दावा किया, वे (इजरायल) अहंकारपूर्वक मानते हैं कि वे कुछ भी कर सकते हैं, क्योंकि उन्हें अमेरिका का समर्थन प्राप्त है।% विजयन ने कहा कि ईरान पर हमले को उचित नहीं ठहराया जा सकता। उन्होंने कहा कि इस तरह की कार्रवाई विश्व शांति के लिए खतरा है। उन्होंने कहा, %जो लोग विश्व शांति बनाए रखना चाहते हैं, उन्हें इस तरह के कृत्यों का विरोध करने और निंदा करने के लिए तैयार रहना चाहिए।

**ईरानी सशस्त्र बलों के चीफ की मौत**

इजरायल ने शुक्रवार सुबह ईरान की राजधानी पर हमला कर दिया और देश के परमाणु कार्यक्रम को निशाना बनाया जिसके बाद पश्चिम एशिया के दो कट्टर विरोधियों के बीच एक व्यापक युद्ध की आशंका तेज हो गई है। इसे 1980 के दशक में इराक के साथ युद्ध के बाद ईरान पर सबसे बड़ा हमला माना जा रहा है। इजरायल ने ईरान के मुख्य परमाणु संवर्धन केंद्र को भी निशाना बनाया और हमले के बाद वहां से काला धुआं हवा में उठता देखा गया। इजरायल के हमले में ईरान के अर्द्धसैनिक बल रिवोल्यूशनरी गार्ड के प्रमुख जनरल हुसैन सलामी की मौत हो गई। देश के सरकारी टेलीविजन ने अपनी खबर में यह जानकारी दी। माना जा रहा है कि इन हमलों में शीर्ष सैन्य अधिकारी और वैज्ञानिक भी मारे गए हैं। यह हमला ईरान के तेजी से बढ़ते परमाणु कार्यक्रम को लेकर बढ़ते तनाव के बीच हुआ है। ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामनेई ने हमले के बाद कहा कि इजरायल को %कड़ी सजा% दी जाएगी। वहीं अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रशासन ने कहा कि इन हमलों में उसका कोई हाथ नहीं है, साथ ही उसने अमेरिकी हितों या कर्मियों को निशाना बनाकर किसी भी प्रकार की कार्रवाई किए जाने के प्रति चेतावनी दी है।

## डोनाल्ड ट्रंप की बात नहीं माने नेतन्याहू, ईरान पर हमला करके कैसे इजरायल ने कर दिया बड़ा खेला

ईरान के सर्वोच्च नेता अली खामेनेई ने इजरायल को धमकी देते हुए कहा कि उसे ईरानी ठिकानों पर हमला करने के लिए कड़ी सजा मिलेगी। उन्होंने कहा, इजरायल ने अपने लिए एक भयावह नियति तैयार कर ली है, जो उसे निश्चित रूप से मिलेगी।

इजरायल ने अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की चेतावनियों को दरकिनार करते हुए ईरान के परमाणु ठिकाने पर हमला किया। इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के आदेश पर ईरान के बैलिस्टिक मिसाइल अड्डों, परमाणु वैज्ञानिकों और सैन्य नेताओं को भी निशाना बनाया गया। यह अटैक ट्रंप के उस बयान के कुछ ही घंटों बाद हुआ, जिसमें उन्होंने कहा था कि हमला आसन्न नहीं है। अमेरिका कूटनीतिक समाधान में विश्वास रखता है। हालांकि, नेतन्याहू के इस कदम ने मध्य पूर्व में तनाव को और बढ़ा दिया है। इससे ईरान की ओर से बड़े पैमाने पर जवाबी कार्रवाई की आशंका बढ़ गई है। डोनाल्ड ट्रंप ने हाल ही में ईरान के साथ उसके परमाणु संवर्धन कार्यक्रम को सीमित करने के लिए बातचीत फिर से शुरू की थी। अमेरिका और इजरायल दोनों इसे लेकर चिंतित रहे हैं, लेकिन ईरान इसे अपना अधिकार मानता है।

हमले के बाद, अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने साफ कर दिया कि यूएस इस इजरायली ऑपरेशन में शामिल नहीं था, लेकिन इजरायल ने इसे अपनी आत्मरक्षा के लिए जरूरी बताया। फॉक्स न्यूज के अनुसार, राष्ट्रपति ट्रंप को हमले की योजना पहले से पता थी। उन्होंने नेतन्याहू से हाल के दिनों में कई बार बात की थी। ट्रंप ने कहा, ईरान को परमाणु बम नहीं मिल सकता और हम बातचीत की मेज पर वापस आने की उम्मीद कर रहे हैं।

**सैन्य हस्तक्षेप से दूरी बना रहे थे ट्रंप–** बेंजामिन नेतन्याहू के इस हमले ने ट्रंप के उस वादे को चुनौती दी है, जिसमें उन्होंने मध्य पूर्व में अमेरिकी सैन्य हस्तक्षेप को समाप्त करने की बात कही थी। ईरान ने हमले के जवाब में इजरायल और अमेरिका दोनों को कड़ा प्रहार करने की धमकी दी है। वहीं, अमेरिकी सीनेटर जिम रिस्च ने चेतावनी दी कि अगर ईरान ने गलत कदम उठाकर अमेरिकी हितों पर हमला किया, तो अमेरिकी सैन्य बल जवाब देने के लिए तैयार हैं।

# क्या है पाकिस्तान का 'रेको दिक' प्रोजेक्ट, मिला 70 करोड़ डॉलर का कर्ज, हो सकता है मालामाल

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान को अपनी प्रमुख खनन और संसाधन विकास परियोजना 'रिको दिक' के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बड़ी सफलता मिली है। विश्व बैंक और इंटरनेशनल फाइनेंस कॉरपोरेशन ने इस परियोजना के लिए 700 मिलियन अमेरिकी डॉलर (लगभग 6000 करोड़ रुपये) के रियायती ऋण को मंजूरी दे दी है। यह परियोजना पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में स्थित है, जो देश का खनिज-संपन्न क्षेत्र माना जाता है। इस ऋण की मंजूरी को पाकिस्तान के लिए एक महत्वपूर्ण आर्थिक और कूटनीतिक जीत के रूप में देखा जा रहा है। यह मंजूरी पाकिस्तान के लिए इसलिए भी महत्वपूर्ण मानी जा रही है, क्योंकि इसके साथ ही निजी क्षेत्र से 2.5 अरब डॉलर के निवेश की भी उम्मीद जताई जा रही है। रिको दिक परियोजना पाकिस्तान की सबसे बड़ी खनन पहलों में से एक है और इसके जरिए देश के संसाधन विकास क्षेत्र को बड़ा बल मिलने की संभावना है।

**उत्पादन 2028 में शुरू होने की उम्मीद**

रिको दिक परियोजना को कनाडा की कंपनी बैरक गोल्ड तथा पाकिस्तान की केंद्रीय और प्रांतीय (बलूचिस्तान) सरकारें मिलकर संचालित कर रही हैं। परियोजना के पहले चरण का उत्पादन 2028 में शुरू होने की उम्मीद है। इस चरण की फंडिंग को लेकर कई अंतरराष्ट्रीय ऋणदाताओं से बातचीत जारी है। हाल ही में की गई एक व्यवहार्यता रिपोर्ट में परियोजना की उत्पादन क्षमता को बढ़ा दिया गया है। अब पहले चरण में 45 मिलियन टन प्रति वर्ष (पहले 40 मिलियन टन) और दूसरे चरण में 90 मिलियन टन प्रति वर्ष (पहले 80 मिलियन टन) उत्पादन का लक्ष्य रखा गया है। हालांकि उत्पादन दर में वृद्धि के कारण खान की कुल उम्र 42 वर्षों से घटकर 37 वर्ष कर दी गई है, लेकिन कंपनी का मानना है कि अभी तक जिन खनिजों की गणना नहीं की गई है, वे परियोजना की उम्र को 80 वर्षों तक बढ़ा सकते हैं।

**लागत में वृद्धि और विश्व बैंक की दीर्घकालिक योजना–** परियोजना के पहले चरण की अनुमानित लागत भी अब बढ़कर 5.6 अरब डॉलर हो गई है, जो पहले 4 अरब डॉलर थी। इस बीच, विश्व बैंक ने अगले दस वर्षों तक पाकिस्तान के बुनियादी ढांचे के विकास में हर साल 2 अरब डॉलर निवेश करने की योजना बनाई है।

**क्या है रेको दिक परियोजना?–** रेको दिक परियोजना पाकिस्तान के चगाई जिले में स्थित दुनिया के सबसे बड़े अविकसित तांबा और सोना भंडारों में से एक है। इस परियोजना का स्वामित्व कनाडाई कंपनी बैरिक गोल्ड, पाकिस्तान की संघीय सरकार, और बलूचिस्तान की प्रांतीय सरकार के बीच साझेदारी में है।

परियोजना का पहला चरण 2028 में उत्पादन शुरू करने की उम्मीद है, जिसमें प्रति वर्ष 240,000 टन तांबा और 300,000 औंस सोने का उत्पादन लक्ष्य है। दूसरे चरण में उत्पादन को बढ़ाकर 400,000 टन तांबा और 500,000 औंस सोना प्रति वर्ष करने की योजना है। एक अध्ययन के अनुसार, रेको दिक खदान में 15 मिलियन टन तांबे और 26 मिलियन औंस सोने का भंडार है। यह खदान विश्व की सबसे कम लागत वाली तांबा उत्पादक खदानों में से एक बनने की क्षमता रखती है। परियोजना की कुल लागत 6.6 बिलियन डॉलर आंकी गई है, जिसमें से 5.6 बिलियन डॉलर पहले चरण के लिए और शेष राशि बाद के चरणों के लिए होगी।

**लोन से क्या फायदा होगा?–** विश्व बैंक और आईएफसी से प्राप्त 700 मिलियन डॉलर का ऋण रेको दिक परियोजना के लिए महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह निजी क्षेत्र से 2.5 बिलियन डॉलर के अतिरिक्त निवेश को आकर्षित करने की उम्मीद है। यह परियोजना पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था के लिए गेम-चेंजर साबित हो सकती है।

**सम्मान** राजनाथ ने माउंट एवरेस्ट फतह करने वाले एनसीसी कैडेटों को किया सम्मानित

# साहस, अनुशासन व धैर्य के लिए की अभियान दल की सराहना

**नई दिल्ली, (एजेंसियां)। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने माउंट एवरेस्ट को फतह करने वाले राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) के पर्वतारोहण अभियान दल को गुरुवार को यहां दस लाख रुपए की राशि प्रदान कर सम्मानित किया। रक्षा मंत्रालय ने गुरुवार को यहां एक वक्तव्य जारी कर बताया कि अभियान दल के कैडेटों ने रक्षा मंत्री से मुलाकात की। अभियान दल के सदस्यों की औसत आयु 19 वर्ष है और इनमें पांच लड़कियां और पांच लड़के शामिल हैं।**

दल ने गत 18 मई को माउंट एवरेस्ट पर सफलतापूर्वक चढ़ाई की। रक्षा मंत्री ने कर्नल अमित बिष्ट के नेतृत्व में टीम के अदम्य साहस, धैर्य और देशभक्ति का सम्मान करते हुए कठिन परिस्थितियों में यह उपलब्धि हासिल करने के लिए उन्हें 10 लाख रुपए का चेक प्रदान किया।

साउथ ब्लॉक में आयोजित कार्यक्रम के दौरान कैडेटों ने अभियान के अपने अनुभव साझा किए। उन्होंने रक्षा मंत्री के साथ बातचीत में कठोर प्रशिक्षण, सावधानीपूर्व योजना और



- **दल ने 18 मई को माउंट एवरेस्ट पर की सफलतापूर्वक चढ़ाई**
- **अभियान दल के कैडेटों ने रक्षा मंत्री से की मुलाकात**
- **एनसीसी के कैडेटों ने 2013 और 2016 के बाद तीसरी बार यह उपलब्धि की है हासिल**

चुनौतियों की जानकारी दी। सिंह ने साहस, अनुशासन और धैर्य के लिए टीम की सराहना की। कैडेटों को युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणा का स्रोत बताते हुए उन्होंने कहा कि इस अभियान के साथ बहादुर कैडेटों ने यह संदेश दिया है कि देश के युवाओं के लिए दुनिया की सबसे ऊंची चोटी भी कोई सीमा नहीं है।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने विश्वास जताया कि कैडेट भविष्य की चुनौतियों का उसी साहस और दृढ़ संकल्प के साथ सामना करेंगे जैसा उन्होंने माउंट एवरेस्ट की चढ़ाई के दौरान दिखाया था। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कैडेटों में राष्ट्रीय गौरव की भावना पैदा करने और उन्हें शारीरिक, मानसिक तथा भावनात्मक रूप से मजबूत बनाकर उनके सामाजिक कौशल को विकसित कर समग्र विकास सुनिश्चित करने की दिशा में एनसीसी के प्रयासों की सराहना की। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कैडेटों के परिवार के सदस्यों की भी सराहना की जिन्होंने इस प्रयास में उनका साथ दिया। इस अवसर पर एनसीसी के महानिदेशक लेफ्टिनेंट जनरल गुरबीरपाल सिंह भी उपस्थित थे।

एनसीसी के कैडेटों ने 2013 और 2016 के बाद तीसरी बार यह उपलब्धि हासिल की है। अभियान दल में 10 कैडेट, अधिकारियों की एक टुकड़ी, जूनियर कमीशन अधिकारी, प्रशिक्षक और गैर-कमीशन अधिकारी शामिल थे।

## आज का इतिहास

1595–सिखों के छठे गुरु गुरु हरगोविंद सिंह का जन्म।
1880–भारतीय राष्ट्रवादी, वैज्ञानिक और आविष्कारक सतीश चंद्र दासगुप्ता का जन्म।
1900–हवाई क्षेत्र अमरीकी राष्ट्र का हिस्सा बना।
1901–पहली बार गोल्फ प्रतियोगिता का आयोजन हुआ।
1905–भारतीय शास्त्रीय संगीतकार हीराबाई बरोदकर का जन्म।
1920–प्रसिद्ध जर्मन दार्शनिक एवं इतिहासकार मैक्स वेबर का निधन।
1922–फिल्म मुगल-ए-आजम के निर्देशक के आसिफ का जन्म।
1946–अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प का जन्म।
1947–कांग्रेस कार्य समिति ने भारत विभाजन के माउंटबेटन योजना की प्रस्ताव स्वीकृति को अखिल भारतीय कांग्रेस समिति के समक्ष रखा।
1949–वियतनाम राष्ट्र का गठन।

## सुडोकू 6943


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 3 | | | 9 | 8 | |
| | | | | | 9 | | | |
| | | | 5 | 2 | | 4 | | |
| 6 | 2 | | | | | | | 3 |
| 7 | | | 9 | 5 | 6 | | | 2 |
| 8 | | | | | | | 4 | 6 |
| | | 5 | | 4 | 3 | | | |
| | | | 2 | | | | | |
| | 1 | 4 | | | 5 | | | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम, कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## वर्ग पहेली 6943




**बायें से दायें:–**

१. वह पतला रास्ता डो पैदल चलने आने-जाने वालों के पैरों के दबाव से बन जाता है
३. किसी पुस्तक आदि का पूरक अंश
५. वर्षा
६. आलिंगन, स्वीकार करना (मुहावरा)
७. सप्ताह का एक दिन
९. अन्यथा (उर्दू)
१०. एक प्रकार का सूखा मेवा
१२. या
१३. दुख, उदासी
१४. एकटक, अनिमेष दृष्टि
१६. दरवाजा खटखटाने की क्रिया, हाथ का हल्का आघात (उर्दू)
१८. प्रताड़ित करना
२०. असुर, राक्षस
२१. जहरीली औरत
२३. सृजनात्मक, निर्माण करना

**ऊपर से नीचे:–**

१. पराग का बिखरना या फैलना
२. गेंहू, धान आदि के कटाई के बाद बचा हुआ ठूंठ
३. धोना
४. शिकाय
५. किसी वस्तु के बने होने का ढंग
८. सारथि
१०. बेमिसाल
११. दिलचस्प, अच्छा लगने वाला
१२. संख्या, अंक (उर्दू)
१३. बेचने वाला
१४. संकीर्ण हृदय, कंजूस
१५. जिसे वरदान मिल गया
१७. फूलों का गुच्छा, स्तुति करने वाला
१८. स्वप्न. ख्वाब
१९. नाव खेने वाला
२२. इंसाफ

## वर्ग पहेली-6942



युसूफ कुरेशी, मो. 8109948408

# खेल जगत

## टोटेनहम हॉटस्पर के नए हेड कोच बने थॉमस फ्रैंक



**लंदन।** टोटेनहम हॉटस्पर ने थॉमस फ्रैंक को टीम का नया हेड कोच नियुक्त किया है। थॉमस फ्रैंक के साथ यह कॉन्ट्रैक्ट साल 2028 तक के लिए रहेगा। थॉमस फ्रैंक के साथ जस्टिन कोचरन (असिस्टेंट कोच), क्रिस हसलम (हेड ऑफ परफॉर्मेंस और फर्स्ट टीम असिस्टेंट कोच) और जो न्यूटन (कोच विश्लेषक) टीम में शामिल होंगे। 2024/25 में एंज पोस्टेकोग्लू के नेतृत्व में टोटेनहम हॉटस्पर का लीग में प्रदर्शन निराशाजनक रहा था। टीम 38 में से 22 मैच गंवाकर 17वें स्थान पर रही थी। यह अब तक का उसका सबसे निचला स्थान है। हालांकि, टोटेनहम हॉटस्पर ने मई में मैनचेस्टर यूनाइटेड को हराकर यूईएफए यूरोपा लीग जीती और अगले सीजन में चैंपियंस लीग में अपनी जगह पक्की की। 51 वर्षीय थॉमस फ्रैंक ब्रेंटफोर्ड से आते हैं। उन्हें अप्रैल 2022 में प्रीमियर लीग मैनेजर ऑफ द मंथ अवॉर्ड के लिए नामित किया गया था।

# ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पूरी तैयारी से उतरेगी टीम इंडिया

- भारत को शीर्ष तीन की होड़ में बने रहने के लिए मैच जीतने होंगे
- हार के सिलसिले को पलट अपनी झोली में कुछ जीत डालना चाहते हैं

एफआईएच हॉकी प्रो लीग



**नई दिल्ली,** 13 जून (देशबन्धु)। जीत के गीत गाए जाते हैं। हारने वाले को कोई याद नहीं करता है। भले ही आप बेहद करीबी संघर्ष में हारे हों लेकिन इतिहास जीतने वाले का नाम ही दर्ज होता। इस बात का अहसास हरमनप्रीत सिंह की अगुवाई और चीफ कोच क्रेग फुल्टन के मार्गदर्शन में उतरने वाली भारतीय पुरुष हॉकी टीम की एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2024-2025 के यूरोपीय चरण में मेजबान नीदरलैंड और अर्जेंटीना से शुरू के शुरू के चार मैच में चार हार कर हो गया होगा। भारत मेजबान नीदरलैंड से पहले मैच में 1-2 से रिटर्न मैच में 2-3 से हारा और अर्जेंटीना से पहले मैच में 3-4 से दूसरे विवादास्पद ढंग से विडियो अंपायर द्वारा पेनल्टी स्ट्रोक पर जुगराज सिंह के गोल को खारिज किए जाने से 1-2 से हार गया। भारत प्रो लीग के इस यूरोपीय चरण में आठ मैचों में पांच जीत से 15 अंकों पर तीसरे स्थान पर उतरी थी और इन लगातार चार हार के चलते अब 12 मैचों में 15 अंक पर ही ठहर कर पांचवें स्थान पर गई है। भारत ने मौकों को भुनाया होता तो ये चारों मैच हारने की बजाय जीत सकता था।

भारत को शीर्ष तीन की होड़ में बने रहने के लिए अब एंटवर्प (बेल्जियम) में सबसे पहले ऑस्ट्रेलिया से 14 और 15 जून को खेले जाने वाले मैच जीतने होंगे। भारत को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ जीतना तो मौकों को बेहतर ढंग से भुनाना होगा। ऑस्ट्रेलिया खासी मजबूत और मुश्किल टीम है और उसके खिलाफ जीतने के लिए भारत को डी के भी अपनी निशानेबाजी करने के साथ पूरी तरह चौकस भी रहना होगा।

## भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने बेल्जियम को 3-2 से हराया



**एंटवर्प।** भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने बेल्जियम को 3-2 से शिकस्त देकर यूरोप दौरे में अपना लगातार तीसरा गेम जीत लिया है। हॉकी सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में खेले गए इस मुकाबले में भारत की ओर से सोनम (4'), लालथंतलुंगी (32') और कनिका सिवाच (51') ने गोल दागे, जबकि बेल्जियम के लिए मैरी गोएन्स (37') और मार्टे मैरी (40') ने गोल किए। भारत ने खेल में शुरुआती बढ़त हासिल कर ली थी। मुकाबले के चौथे मिनट में सोनम ने फील्ड गोल करके स्कोरिंग शुरू कर दी। भारत ने पहले हाफ में अपनी बढ़त बनाए रखा और फिर 32वें मिनट में लालथंतलुंगी के पेनाल्टी कॉर्नर गोल से तीसरे क्वार्टर में इस लीड को 2-0 से मजबूत कर दिया। इसके बाद बेल्जियम ने तुरंत जवाबी हमला करते हुए 37वें और 40वें मिनट में लगातार दो गोल करके खेल को 2-2 से बराबरी पर ला दिया। मैरी गोएन्स ने पेनाल्टी स्ट्रोक के जरिए टीम के लिए पहला गोल किया, इसके बाद मार्टे मैरी ने फील्ड गोल दागा। चौथे क्वार्टर खत्म होने में सिर्फ नौ मिनट ही बचे थे, तभी कनिका ने पेनाल्टी कॉर्नर को सफलतापूर्वक गोल में बदलकर भारत को 3-2 से लीड में ला दिया, जिसने भारत को अपने यूरोपीय दौरे में जीत की लय बनाए रखने में मदद की।

## श्रेयस अय्यर की सोबो मुंबई फाल्कंस मुंबई टी-20 लीग फाइनल में हारी

**मुंबई,** 13 जून (एजेंसियां)। श्रेयस अय्यर की सोबो मुंबई फाल्कंस को मुंबई टी20 लीग के फाइनल में शिकस्त का सामना करना पड़ा जहां पर उनकी टीम वानखेड़े स्टेडियम में मुंबई साउथ सेंट्रल मराठा रॉयल्स से हार गई। यह अय्यर की बतौर कप्तान टी20 लीग में 10 दिन के अंदर लगातार दूसरी फाइनल में हार है। इससे पहले तीन जून को अहमदाबाद में पंजाब किंग्स को आईपीएल 2025 के फाइनल में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) से हार का सामना करना पड़ा था। सोबो ने 157 रन बनाए, जिसमें अय्यर ने 17 गेंद में 12 रनों की पारी खेली। सिद्धेश लाड की कप्तानी वाली मराठा रॉयल?स ने चार गेंद और छह विकेट शेष रहते लक्ष?य हासिल कर लिया। अय्यर ने पांच पारियों में 62 रन बनाए, जिसमें 25 रन उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर था। अय्यर ने फाइनल में हार के बाद कहा कि मैं किसी एक घटना पर टिप्पणी नहीं करना चाहता। कुल मिलाकर, लड़कों ने अपना प्रयास शानदार ढंग से किया। हमने फाइनल में पहुंचने के दौरान सिर्फ एक मैच हारा है। अगर आप किसी की आलोचना करते हैं तो यह मूल रूप से पीठ में छुरा घोंपने जैसा है और मुझे यह पसंद नहीं है। फाइनल में हार के बाद निराश होना आम बात है। इससे खिलाड़ियों को दुख होता होगा। लेकिन जब वे अगले साल वापस आएंगे, तो उनके पास अतिरिक्त प्रेरणा और आत्मविश्वास होगा।



## इंग्लैंड सीरीज छोड़कर अचानक भारत लौटे गौतम गंभीर



- भारतीय टीम इस सीरीज में शुभमन गिल की कप्तानी में उतरने जा रही है

**नई दिल्ली,** 13 जून (एजेंसियां)। भारत-इंग्लैंड के बीच 20 जून से पांच मुकाबलों की टेस्ट सीरीज शुरू होने जा रही है। इस सीरीज के लिए भारतीय खेमा इस वक्त इंग्लैंड में है, लेकिन हेड कोच गौतम गंभीर को फैमिली इमरजेंसी के चलते अचानक भारत वापस लौटना पड़ा है। गौतम गंभीर बेकेनहैम में भारतीय टीम के साथ मौजूद थे, जहां शुक्रवार से इंट्रा-स्क्वॉड प्रैक्टिस मैच खेला जाएगा। इसकी शुरुआत से पहले ही गौतम गंभीर को अपनी मां से संबंधित एक महत्वपूर्ण जानकारी मिली, जिसके बाद उन्हें आनन-फानन में भारत लौटने का फैसला लेना पड़ा।

इस मामले में शुक्रवार को कहा कि हां, कल यह बात सामने आई कि गंभीर अपनी मां से संबंधित एक महत्वपूर्ण फैमिली इमरजेंसी के चलते घर वापस लौट रहे हैं। हमारा मानना है कि अब तक गंभीर नई दिल्ली में अपने परिवार के पास पहुंच चुके हैं। मौजूदा स्थिति को ध्यान में रखते हुए, अभी यह पता नहीं है कि टेस्ट सीरीज की शुरुआत से पहले वह भारतीय टीम से कब जुड़ेंगे। गौतम गंभीर की गैरमौजूदगी में बल्लेबाजी कोच सीतांशु कोटक, गेंदबाजी कोच मोर्न मोर्कल, असिस्टेंट कोच रेयान टेन डेशकाटे और फील्डिंग कोच टी दिलीप भारतीय टीम को हेडिंग्ले में शुरू होने वाली आगामी टेस्ट सीरीज की तैयारी में मदद करेंगे।

भारतीय टीम इस सीरीज में शुभमन गिल की कप्तानी में उतरने जा रही है। मेहमान टीम को इस बार रोहित शर्मा, विराट कोहली और रविचंद्रन अश्विन जैसे दिग्गजों की कमी खलने जा रही है। शुभमन गिल टेस्ट में भारत की कप्तानी करने वाले पांचवें सबसे युवा क्रिकेटर होंगे। विकेटकीपर-बल्लेबाज ऋषभ पंत को 20 जून से 4 अगस्त तक चलने वाली पांच मुकाबलों की इस टेस्ट सीरीज के लिए टीम इंडिया का उप-कप्तान बनाया गया है। टीम इंडिया ने इंग्लैंड की सरजमीं पर आखिरी बार साल 2007 में टेस्ट सीरीज जीती थी। ये जीत राहुल द्रविड़ की कप्तानी में आई थी। इस सीरीज के साथ भारत विश्व टेस्ट चैंपियनशिप 2025-27 चक्र की शुरुआत करेगा।

# ऑस्ट्रेलिया ने दक्षिण अफ्रीका को दिया 282 का लक्ष्य

- स्टार्क 136 गेंदों में पांच चौकों की मदद से 58 रन बनाकर नाबाद रहे।



विश्व टेस्ट चैंपियनशिप

**लंदन,** 13 जून (एजेंसियां)। मिचेल स्टार्क (नाबाद 58) के संघर्षपूर्ण अर्द्धशतक से ऑस्ट्रेलिया ने विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में तीसरे दिन शुक्रवार को दूसरी पारी में 207 रन बनाये और दक्षिण अफ्रीका के सामने जीत के लिए 282 रन का मुश्किल लक्ष्य रख दिया। ऑस्ट्रेलिया ने कल के आठ विकेट पर 144 रन से आगे खेलना शुरू किया। स्टार्क ने 16 और नाथन लियोन ने एक रन से अपनी पारी को आगे बढ़ाया। कैगिसो रबाडा ने लियोन को चार रन बाद ही पगबाधा कर दिया। ऑस्ट्रेलिया ने अपना नौंवां विकेट 148 के स्कोर पर गंवाया। लेकिन स्टार्क को जोश हेजलवुड के रूप में अच्छा जोड़ीदार मिला। दोनों ने दसवें विकेट लिए 59 रन की साझेदारी कर ऑस्ट्रेलिया को दो सौ के पार पहुंचा दिया। एडन मारक्रम ने हेजलवुड को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। हेजलवुड ने 53 गेंदों पर 17 रन में दो चौके लगाए। स्टार्क 136 गेंदों में पांच चौकों की मदद से 58 रन बनाकर नाबाद रहे। लेकिन उन्होंने टीम को मजबूत स्थिति में पहुंचा दिया। ऑस्ट्रेलिया को पहली पारी में 74 रन की बढ़त हासिल थी जिससे उसने दक्षिण अफ्रीका के सामने 281 रन का लक्ष्य रखा। दक्षिण अफ्रीका की तरफ से रबाडा ने 59 रन पर चार विकेट और लुंगी एनगिडी ने 38 रन पर तीन विकेट लिए। मार्को यानसन, वियान मुल्डर और मारक्रम को एक-एक विकेट मिला। दक्षिण अफ्रीका को जीत के लिए अब 282 रन बनाने होंगे।

## ड्रीम लीग के अधिकारियों ने टीसीएआई सदस्यों से की मुलाकात



**ग्वालियर,** 13 जून (एजेंसियां)। ड्रीम लीग ऑफ इंडिया (डीएलआई) के मुख्य रणनीतिकार (चीफ स्ट्रैटेजिस्ट) चैतन्य नंदा ने गुरुवार को टेनिस क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ इंडिया (टीसीएआई) के ग्वालियर जिला महासचिव से मुलाकात की। इस बैठक में लीग के विस्तार और आगामी सत्र को लेकर विचार-विमर्श किया गया, साथ ही हाल ही में पानीपत में संपन्न हुए टेनिस क्रिकेट फेडरेशन कप की समीक्षा भी की गई। सर्वोटेक स्पोर्ट्स द्वारा लॉन्च की गई ड्रीम लीग ऑफ इंडिया भारत की पहली ऐसी राष्ट्रीय स्तर की टेनिस बॉल क्रिकेट लीग है, जिसका उद्देश्य देशभर में जमीनी स्तर पर टेनिस बॉल क्रिकेट के लिए एक संगठित और प्रतिस्पर्धात्मक इकोसिस्टम तैयार करना है। बैठक के बाद डीएलआई के चीफ स्ट्रैटेजिस्ट चैतन्य नंदा ने कहा कि अवेद खान के साथ हाल ही में संपन्न फेडरेशन कप और ड्रीम लीग ऑफ इंडिया की भावी योजना को लेकर बहुत ही सार्थक चर्चा हुई। टेनिस क्रिकेट को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने को लेकर हमारी सोच एक जैसी ही है। हाल ही में हुए फेडरेशन कप का आयोजन टेनिस क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ इंडिया (टीसीएआई) द्वारा किया गया था, जो इंटरनेशनल टेनिस क्रिकेट फेडरेशन (आईटीसीएफ) की सदस्य संस्था है। भारत की ओर से रूस और पोलैंड के खिलाफ होने वाली अंतरराष्ट्रीय टेनिस क्रिकेट सीरीज़ के लिए खिलाड़ियों का चयन इसी टूर्नामेंट के प्रदर्शन के आधार पर किया जाना था। ड्रीम लीग ऑफ इंडिया का आयोजन देश के लगभग हर कोने में किया जायेगा और इस दौरान स्काउट्स खिलाड़ियों के प्रदर्शन पर करीबी नजर रखेंगे। इस लीग में खेलने वाले खिलाड़ियों को टेनिस क्रिकेट बॉल वर्ल्ड कप और एशिया कप में भारत का प्रतिनिधित्व करने का मौका मिलेगा।

## सार संक्षेप

### कोलकाता टाइगर्स की महिलाओं ने सिलीगुड़ी स्ट्राइकर्स को हराया

**कोलकाता।** बंगाल प्रो टी20 लीग 2025 के दूसरे दिन गुरुवार को लक्स श्याम कोलकाता टाइगर्स की महिला टीम ने सर्वोटेक सिलीगुड़ी स्ट्राइकर्स को रोमांचक मुकाबले में आठ विकेट से हराया वहीं एडमस हावड़ा वारियर्स की पुरुष टीम ने सिलीगुडी टाइगर्स को चार विकेट से हरा दिया। इस बीच भारत और बंगाल के पूर्व विकेटकीपर-बल्लेबाज़ रिद्धिमान साहा, जो बंगाल प्रो टी20 लीग के दूसरे सीज़न के लिए सर्वोटेक सिलीगुड़ी स्ट्राइकर्स से मेंटर के रूप में जुड़े हैं, को अपनी टीम से शानदार प्रदर्शन की उम्मीद है। 40 टेस्ट, 9 वनडे और 255 टी20 मैचों में विकेट के पीछे अपनी बेहतरीन क्षमताओं का प्रदर्शन कर चुके साहा, अब सर्वोटेक सिलीगुड़ी स्ट्राइकर्स की पुरुष और महिला दोनों टीमों को मार्गदर्शन दे रहे हैं। साहा ने कहा कि हमने एक यूनिट के रूप में बहुत मेहनत की है। ट्रेनिंग में जो एनर्जी दिखी है, खिलाड़ियों के बीच जो तालमेल बना है और जिस तरह से हर कोई खुद को साबित करने के लिए बेताब है, उससे मुझे पूरा यक़ीन है कि सर्वोटेक सिलीगुड़ी स्ट्राइकर्स इस टूर्नामेंट में बेहतरीन प्रदर्शन करेगा और टीम की काबिलियत को दिखाएगा।

### अकरम ने की अपनी प्रतिमा की तारीफ, सोशल मीडिया में बना मजाक

**कराची।** पाकिस्तान के दिग्गज तेज गेंदबाज वसीम अकरम ने अपनी नई प्रतिमा के निर्माण में किए गए 'प्रयास' की प्रशंसा की। इसके बावजूद सोशल मीडिया पर उसका मजाक उड़ाया जा रहा है। हैदराबाद के नियाज स्टेडियम के बाहर स्थित इस प्रतिमा में अकरम को पाकिस्तान की 1999 विश्व कप किट में दिखाया गया है, जिसमें वे उपविजेता रहे थे। इसमें अकरम को उनके शानदार गेंदबाजी एक्शन में दिखाया गया है, लेकिन उनके चेहरे की विशेषताओं और बालों की ऑनलाइन आलोचना की गई है।

कुछ लोगों ने कहा कि यह अभिनेता सिल्वेस्टर स्टेलोन से अधिक मिलती-जुलती है, जबकि अन्य ने इसे दस प्रतिशत सीमेंट और 90 फीसदी निराशा का प्रतीक बनाया। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार, अकरम ने मूर्तिकार के प्रयास के लिए धन्यवाद और प्रशंसा के साथ एक्स पर प्रतिक्रिया दी। उन्होंने अपनी मूर्ति के पास ही एक अन्य मूर्ति का हवाला देते हुए पोस्ट किया, कि हैदराबाद के नियाज़ स्टेडियम में मेरी मूर्ति स्थापित किए जाने के बारे में बहुत चर्चा हो रही है। मेरी मूर्ति निश्चित रूप से बाघ से बेहतर है। यह विचार ही मायने रखता है।

### स्मिथ उंगली में चोट लगने के बाद मैदान से हुये बाहर

**लंदन।** ऑस्ट्रेलिया को उस समय बड़ा झटका लगा जब दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल के तीसरे दिन कैच लेने के प्रयास में स्टीव स्मिथ की उंगली में चोट लग गई।तेज गेंदबाज मिशेल स्टार्क की गेंद पर दक्षिण अफ्रीका के कप्तान टेम्बा बावुमा का कैच लेने के प्रयास में स्मिथ उंगली में चोट लगा बैठे। उस समय बावुमा सिर्फ दो रन पर थे। स्मिथ की उंगली में चोट लगने के कारण उन्हें उपचार के लिए मैदान से बाहर जाना पड़ा।

## जेनसन के पास सर्वश्रेष्ठ आलराउंडर बनने की सभी खूबियां: पोंटिंग





**लंदन।** आस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोटिंग का मानना है कि दक्षिण अफ्रीका के युवा गेंदबाज मार्को जेनसन का भविष्य उज्जवल है और वह भविष्य में दुनिया के सर्वश्रेष्ठ टेस्ट आलराउंडर बन सकते हैं। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में मार्को जेनसन को कोचिंग देने के दौरान पोटिंग ने जेनसन की खूबियों को नजदीक से देखा। आईसीसी हॉल ऑफ फेमर रिकी पोंटिंग ने कहा कि मार्को जेनसन क्रिकेट के सबसे लंबे खिलाड़ियों में से एक हैं, लेकिन उनकी प्रतिभा भी उतनी ही अलग है। उन्होंने प्रोटियाज के लिए शुरुआत में शानदार प्रदर्शन किया, कैगिसो रबाडा के साथ मिलकर एक शानदार तेज गेंदबाजी जोड़ी बनाई, जिसने विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल के पहले दिन ऑस्ट्रेलिया के शीर्ष क्रम पर कहर बरपाया। रबाडा ने लॉर्ड्स में एक और पांच विकेट लेकर अधिक तारीफ बटोरी, लेकिन जेनसन की गेंदबाजी भी उतनी ही प्रभावशाली रही। बाएं हाथ के इस गेंदबाज ने 14 ओवर में 49 रन देकर 3 विकेट लिए और उनके विकेटों में मार्नस लैबुशेन और ट्रैविस हेड शामिल थे। दूसरे दिन फील्डिंग करते समय उंगली में चोट लगने के कारण उनका दिन खराब हो गया था, हालांकि इसके तुरंत बाद गेंदबाजी क्रीज पर वापस आकर उन्होंने साबित कर दिया कि वे बेखौफ हैं और मार्नस लाबुशेन को 22 रन पर आउट कर दिया।जेनसन अभी सिर्फ 25 साल के हैं। 2025 के आईपीएल में जेनसन ने पंजाब किंग्स के साथ अपना खेल दिखाया, लगातार सफल विकेट लिए और कभी-कभी महत्वपूर्ण रन भी बनाए। भारत में उनके घरेलू अभियान ने क्रिकेट के दिग्गज रिकी पोंटिंग को ऑलराउंडर के बारे में करीब से जानने का मौका दिया और पोंटिंग को इस बात पर आश्चर्य नहीं है कि लॉर्ड्स में दक्षिण अफ्रीका की शानदार प्रतिभा ने अपनी अलग पहचान बनाई है।

## इंग्लैंड में बेहतर प्रदर्शन के लिए निरंतरता जरूरी : मॉर्कल



> अब तक के दो दिनों के अभ्यास में परिस्थितियां तेज गेंदबाजों के अनुकूल रही हैं, दौरे की शुरुआत काफी रोमांचक होती है और यह खिलाड़ियों के आत्मविश्वास के लिए काफी जरूरी है : मोर्न मॉर्कल

**नई दिल्ली,** 13 जून (एजेंसियां)। 20 जून से हेडिंग्ले में शुरू हो रही पांच मैचों की टेस्ट सीरीज से पहले भारत शुक्रवार से इंट्रा स्क्वाड मैच खेल रहा है जो कि सोमवार तक चलेगा, यह मैच बंद दरवाजे में हो रहा है। अब तक हुए अभ्यास सत्रों के बारे में बात करते हुए भारत के गेंदबाजी कोच मोर्न मॉर्कल ने कहा कि अब तक के दो दिनों के अभ्यास में परिस्थितियां तेज गेंदबाजों के अनुकूल रही हैं, दौरे की शुरुआत काफी रोमांचक होती है और यह खिलाड़ियों के आत्मविश्वास के लिए काफी जरूरी है। परिस्थितियां बल्लेबाजों की परीक्षा ले रही थीं जो कि सीरीज की तैयारी के लिहाज से अच्छा है। मुझे नहीं लगता कि यहां विकेट उतनी चुनौतीपूर्ण रहने वाली है जितनी अब तक हम यहां देखते आए हैं। बल्ले और गेंद के बीच कड़ी प्रतिस्पर्धा देखने को मिलती रही है। लेकिन जैसे ही विकेट सपाट हो जाती है तो गेंदबाजों को मुश्किल होती है। इसलिए मेरे विचार में हमें (गेंदबाजों को) उस समय प्रदर्शन करना होगा जब विकेट अधिक सपाट हो। भले ही भारतीय टीम ने अब तक इंग्लैंड में कोई अभ्यास मैच ना खेला हो लेकिन भारतीय दल के कई सदस्यों ने सीरीज की शुरुआत से पहले टूर गेम खेले हैं।

## पिता के विश्वास ने निकहत जरीन को बनाया दुनिया का दिग्गज मुक्केबाज



**नई दिल्ली,** 13 जून (एजेंसियां)। भारत में हॉकी के बाद क्रिकेट सर्वाधिक लोकप्रिय खेल के रूप में उभरा है। बेशुमार पैसे की बदौलत आज भी क्रिकेट देश में युवाओं की पहली पसंद है। लेकिन, माहौल बदल रहा है। क्रिकेट को दूसरे खेलों से चुनौती मिल रही है। इसमें पुरुषों के अलावा कई महिलाओं ने भी अहम योगदान दिया है। इसी कड़ी में एक बड़ा नाम मुक्केबाज निकहत जरीन का है। मुक्केबाजी को देश में पुरुषों का खेल माना जाता रहा है। लेकिन, चीजें बदली हैं। अब भारत में मुक्केबाजी से महिलाएं अछूती नहीं हैं। मैरीकॉम के बाद इस खेल में जिस खिलाड़ी ने बड़ी उम्मीद जगाई है, वह हैं निकहत जरीन। 14 जून 1996 को तेलंगाना (पूर्व में आंध्रप्रदेश) के निजामाबाद में जन्मी निकहत का मुक्केबाजी से परिचय उनके पिता मोहम्मद जमील अहमद ने कराया था। इसके लिए उन्हें परिवार, पड़ोसी और रिश्तेदारों से ताने सुनने पड़े। लेकिन, उन्हें अपनी बेटी पर भरोसा था, जिसका परिणाम आज दुनिया के सामने है।

# सुरुचि 10 मीटर एयर पिस्टल फाइनल में पहुंचीं, मनु चूकीं

शूटिंग विश्व कप



- सुरुचि ने फाइनल में कुल 243.6 अंक हासिल किए और हमवतन मनु को हराया

**म्यूनिख,** 13 जून (एजेंसियां)। सुरुचि इंदर सिंह ने शुक्रवार को यहां अंतर्राष्ट्रीय शूटिंग खेल महासंघ (आईएसएसएफ) शूटिंग विश्व कप (राइफल/पिस्टल) में 10 मीटर एयर पिस्टल महिलाओं के फाइनल में प्रवेश कर लिया, जबकि पेरिस ओलंपिक पदक विजेता मनु भाकर कट बनाने से चूक गईं। सुरुचि ने 20 इनर 10 के साथ 588 अंक बनाए और क्वालीफिकेशन में दूसरे स्थान पर रहीं, चीन की याओ कियानक्सुन के बाद, जिन्होंने 589 - 213 के क्वालीफिकेशन विश्व रिकॉर्ड जूनियर के साथ क्वालीफिकेशन चार्ट में शीर्ष स्थान हासिल किया। इस बीच, मनु 574 - 143 शूटिंग के बाद 25वें स्थान पर रहने के बाद फाइनल में जगह बनाने में विफल रहीं, जबकि एक अन्य भारतीय पलक 570 - 183 के साथ 36वें स्थान पर रहीं। दिलचस्प बात यह है कि सुरुचि ने इस साल अप्रैल में पेरू में आईएसएसएफ विश्व कप 2025 लीमा में महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में मनु को पछाड़कर स्वर्ण पदक जीता था। सुरुचि ने फाइनल में कुल 243.6 अंक हासिल किए और हमवतन मनु को हराया, जो दो बार की ओलंपिक पदक विजेता हैं, जिन्होंने 242.3 अंक हासिल कर रजत पदक जीता। यह इस साल आईएसएसएफ विश्व कप में महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में सुरुचि का लगातार दूसरा स्वर्ण था। हरियाणा के झज्जर की 19 वर्षीय खिलाड़ी ने अप्रैल की शुरुआत में ब्यूनस आयर्स में स्वर्ण पदक जीता था, जो सीनियर विश्व कप में उनका पहला पोडियम फिनिश था। इस बीच, पेरू में मनु का रजत पदक पेरिस 2024 ओलंपिक में दोहरा कांस्य पदक जीतने के बाद उनका पहला पदक था। वह ब्यूनस आयर्स से खाली हाथ लौटी थीं। हालांकि, म्यूनिख में एक अन्य भारतीय, संयम, जो रैंकिंग पॉइंट्स ओनली (आरपीओ) के लिए प्रतिस्पर्धा कर रहे थे, ने 580 - 233 का स्कोर बनाया। इससे पहले, पेरिस ओलंपिक की दोहरी कांस्य पदक विजेता मनु महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल फाइनल में छठे स्थान पर रहीं। ओलंपियन एलावेनिल वलारिवन ने पहले दिन महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल में कांस्य पदक जीतकर भारत के लिए पदकों की संख्या में इजाफा किया था।

# अल्टीमेट खो-खो सीजन 3 की शुरुआत 29 नवंबर से



- इस अवसर पर हरियाणा सरकार के राज्य मंत्री गौरव गौतम भी उपस्थित थे





> श्री यादव ने वादा किया कि हरियाणा में खो-खो को बड़े पैमाने पर बढ़ावा दिया जाएगा और खिलाड़ियों को अधिक सुविधाएं व रोजगार के अवसर प्रदान किए जाएंगे।

**गुरुग्राम,** 13 जून (एजेंसियां)। खो-खो के वैश्वीकरण की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम उठाते हुए खो-खो फेडरेशन ऑफ इंडिया (केकेएफआई) ने घोषणा की है कि आगामी तीसरे सीजन की अल्टीमेट खो खो (यूकेके) खिलाड़ियों की नीलामी में पहली बार अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी भी भाग ले सकेंगे। यह घोषणा शुक्रवार को श्री गुरु गोबिंद सिंह टरसेन्टेनरी (एसजीटी) विश्वविद्यालय में आयोजित एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान केकेएफआई अध्यक्ष सुधांशु मित्तल ने की। मित्तल ने यह भी बताया कि अल्टीमेट खो खो सीजन 3 की शुरुआत 29 नवंबर 2025 से की जाएगी, जो भारत की पेशेवर खो-खो लीग के लिए एक नया अध्याय होगा। इस अवसर पर हरियाणा सरकार के राज्य मंत्री (युवा सशक्तिकरण एवं उद्यमिता, खेल, कानून एवं विधायी कार्य) गौरव गौतम भी उपस्थित थे। उन्होंने केकेएफआई द्वारा खो-खो को वैश्विक मंच पर ले जाने के प्रयासों की सराहना की और कहा कि यह हरियाणा में खेल विकास को भी गति देगा। प्रेस कॉन्फ्रेंस में अन्य प्रमुख अतिथियों में एसजीटी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. डॉ. हेमंत वर्मा, एसजीटी विश्वविद्यालय की गवर्निंग बॉडी के सदस्य अमृत सिंह चावला और हरियाणा खो-खो फेडरेशन के अध्यक्ष जवाहर सिंह यादव शामिल थे। श्री यादव ने वादा किया कि हरियाणा में खो-खो को बड़े पैमाने पर बढ़ावा दिया जाएगा और खिलाड़ियों को अधिक सुविधाएं व रोजगार के अवसर प्रदान किए जाएंगे। इस दौरान यह भी घोषणा की गई कि खो-खो फेडरेशन ऑफ इंडिया और एसजीटी विश्वविद्यालय के बीच एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए हैं, जिसका उद्देश्य पारंपरिक खेलों, विशेषकर खो-खो, के लिए शैक्षणिक और वैज्ञानिक संसाधनों का विकास करना है। सुधांशु मित्तल ने कहा कि खो-खो आज भारत की खेल नवाचार और महत्वाकांक्षा का प्रतीक बन चुका है। अल्टीमेट खो खो सीजन 3 की शुरुआत 29 नवंबर से हो रही है।

## बिग बैश में सिक्सर्स के लिए खेलेंगे बाबर

**लाहौर,** 13 जून (एजेंसियां) पाकिस्तान के बल्लेबाज बाबर आज़म को अगले सप्ताह के प्लेयर ड्राफ्ट से पहले सिडनी सिक्सर्स ने अनुबंधित किया है जिसके बाद वह पहली बार बिग बैश में खेलेंगे। पूर्व पाकिस्तानी कप्तान, टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों के इतिहास में दूसरे सबसे ज़्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी हैं। 30 वर्षीय बाबर ने 320 टी20 मैच खेले हैं, और हाल ही में पाकिस्तान सुपर लीग में पेशावर ज़ालमी के लिए सबसे ज़्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी थे। उन्हें बांग्लादेश के खिलाफ़ पाकिस्तान की हालिया टी20 सीरीज़ के लिए नहीं चुना गया था। बाबर ने कहा कि दुनिया की सर्वश्रेष्ठ टी20 लीगों में से एक में खेलना और इतनी सफल और सम्मानित फ्रैंचाइज़ी का हिस्सा बनना एक रोमांचक अवसर है। सिक्सर्स 2024-25 सीज़न में दूसरे स्थान पर रहे, लेकिन प्ले-ऑफ़ में लगातार हार का सामना करना पड़ा।

# अर्थ जगत

**रुपया शुरुआती कारोबार में 56 पैसे टूटकर 86.08 प्रति डॉलर पर**

**मुंबई।** अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 85.52 पर बंद हुआ था। इस बीच, छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.31 प्रतिशत की बढ़त के साथ 98.22 पर रहा। शुक्रवार को शुरुआती कारोबार में 56 पैसे टूटकर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 86.08 पर आ गया। इज़राइल के ईरान के परमाणु स्थलों पर हमले के बाद पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच वैश्विक तेल कीमतों में तेजी और डॉलर के मजबूत होने का असर घरेलू मुद्रा पर दिखा।



## मध्य पूर्व में बढ़ते तनाव से कच्चे तेल की कीमतों में उछाल

### महंगे हो सकते हैं पेट्रोल और डीजल

***नई दिल्ली।*** *अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में तेज़ उछाल के चलते आने वाले दिनों में देश में पेट्रोल और डीजल फिर महंगे हो सकते हैं। मध्यपूर्व में बढ़ते तनाव और ओपेक देशों की ओर से आपूर्ति घटाने के संकेतों ने ब्रेंट क्रूड को 75 डॉलर प्रति बैरल के पास पहुंचा दिया है। इसका सीधा असर घरेलू ईंधन कीमतों पर पड़ सकता है, जिससे आम जनता की जेब पर बोझ बढ़ने की आशंका है।*

ईरान पर इजरायली हमले के बाद बेंचमार्क कच्चे तेल की कीमत 5.6 यानी 8.2 प्रतिशत बढ़कर 73.61 प्रति बैरल हो गई। ब्रेंट क्रूड की कीमत भी 5.52 बढ़कर 74.88 प्रति बैरल हो गई है। गौरतलब है कि ब्रेंट क्रूड इंटरनेशनल लेवल पर कच्चे तेल का स्टैंडर्ड है। देखा जाए तो कच्चे तेल की कीमतों में पिछले कुछ दिनों के दौरान ही करीब 10 फीसदी की बढ़ोतरी हो चुकी है।



यह बीते अप्रैल के बाद सबसे ज्यादा है। दरअसल, हमले की वजह से मिडिल ईस्ट में सप्लाई में दिक्कतें आने की आशंका है। इसी वजह से भी तेल के दाम बढ़े हैं।

**ओएनजीसी के शेयरों में तेजी–** यूं तो शुक्रवार को भारतीय शेयर बाजार गिरावट के साथ खुले। बीएसई सेंसेक्स में सुबह के सत्र के दौरान करीब 800 अंकों की गिरावट दिखी।

तब भी ओएनजीसी के शेयर करीब ढ़ाई रुपए चढ़ कर 250 रुपए से ऊपर ट्रेड कर रहे थे। ऑयल इंडिया लिमिटेड के शेयर तो करीब 12 रुपए चढ़ कर 480 रुपए पर ट्रेड कर रहे थे।

**पेट्रोल-डीजल की कीमतें–** शुक्रवार सुबह कई शहरों में पेट्रोल-डीजल की खुदरा कीमतों में बदलाव हुआ है। हालांकि, दिल्ली, मुंबई, चेन्नई और कोलकाता जैसे प्रमुख महानगरों में ईंधन दरों में कोई फेरबदल नहीं किया गया है। सरकारी तेल कंपनियों के अनुसार, यूपी के गौतम बुद्ध नगर जिले में पेट्रोल 22 पैसे सस्ता होकर 94.52 रुपए लीटर बिक रहा है। डीजल भी 34 पैसे गिरा और 87.55 रुपए लीटर पहुंच गया है।

गाजियाबाद में पेट्रोल 12 पैसे चढ़कर 94.82 रुपए और डीजल 15 पैसे महंगा होकर 87.97 रुपए लीटर हो गया है। बिहार की राजधानी पटना में पेट्रोल 20 पैसे गिरावट के साथ 105.21 रुपए लीटर हो गया तो डीजल 18 पैसे गिरकर 91.48 रुपए लीटर बिक रहा है।

## आम आदमी की पहुंच से दूर हुआ सोना

### एमसीएक्स पर सोने की कीमत 1 लाख के पार

***नई दिल्ली।*** *ईरान-इजरायल के बीच जारी तनाव का असर एक बार फिर सर्राफा बाजार पर साफ नजर आ रहा है। शुक्रवार को एमसीएक्स पर सोने की कीमत 1 लाख रुपए प्रति 10 ग्राम के ऐतिहासिक स्तर को फिर से पार कर गई।*

जिससे यह आम लोगों की पहुंच से बाहर होता नजर आ रहा है। इस लेवल पर पहुंचने में गोल्ड को सिर्फ 74 दिन का वक्त लगा है। वहीं, चांदी में भी मजबूती दिखी और इसकी कीमत 1.06 लाख रुपए प्रति किलो के करीब पहुंच गई। वैश्विक बाजारों में अनिश्चितता और सुरक्षित निवेश के चलते सोना-चांदी की मांग लगातार बनी हुई है। गोल्ड ने इस साल निवेशकों को मार्केट से भी ज्यादा रिटर्न बनाकर दिया है, जिसने यह साबित किया है कि गोल्ड आज भी मुसीबत में काम वाला असेट है।

**सोना-चांदी के भाव में क्यों आई इतनी तेजी?** –ईरान पर इजरायल के हमले के बाद वैश्विक भू-राजनीतिक तनाव बढ़ गया है,



जिससे निवेशक एक बार फिर सुरक्षित संपत्तियों की ओर रुख कर रहे हैं। इसका सीधा असर सोने की कीमतों पर पड़ा है, जो लगातार ऊंचाई छू रही हैं। क्रूड ऑयल की कीमतों में भी तेज उछाल देखने को मिला है। दो दिनों में ब्रेंट क्रूड 13त्न तक महंगा हो चुका है, जिससे वैश्विक आर्थिक संकट की आशंका और गहरा गई है। डॉलर इंडेक्स में कमजोरी के चलते भी निवेशक सुरक्षित विकल्पों की ओर बढ़ रहे हैं। चीन और भारत जैसे देशों में गोल्ड की खरीदारी में तेजी देखी जा रही है। केंद्रीय बैंक और आम निवेशक दोनों ही सोना स्टोर करने लगे हैं, जिससे इसकी मांग और कीमत दोनों में इजाफा हुआ है। इसके साथ ही गोल्ड ईटीएफ जैसे निवेश माध्यमों में भी तेजी से पूंजी का प्रवाह हो रहा है, जिससे सोने और चांदी दोनों के दाम में मजबूती बनी हुई है।

**एमसीएक्स पर गोल्ड प्राइस** – आज एमसीएक्स पर रिकॉर्ड तोड़ते हुए 5 अगस्त वायदा के लिए सोना 1742 महंगा होकर 100154 रुपए प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया जबकि चांदी के दाम में 533 रुपए प्रति किलो की बढ़ोतरी हुई, जिससे यह 1 लाख 6 हजार रुपए के पार पहुंच गया।

## ईरान - इजरायल जंग के बीच लहूलुहान हुआ शेयर बाजार, निवेशकों के डूबे लाखों करोड़



***मुंबई।*** *भारतीय शेयर बाजारमें 13 जून शुक्रवार को भारी उथल-पुथल देखी गई. सेंसेक्स और निफ्टी जैसे बड़े इंडेक्स दिनभर के उतार-चढ़ाव के बाद गिरावट के साथ बंद हुए. सेंसेक्स 573 अंक टूटकर 81,118.60 पर और निफ्टी 170 अंक गिरकर 24,718.60 पर बंद हुआ।*

शुरुआत में दोनों इंडेक्स में करीब 1.7 फीसदी तक की गिरावट दर्ज की गई थी, लेकिन दिन के अंत तक कुछ रिकवरी हुई। बीएसई मिडकैप और स्मॉलकैप इंडेक्स भी थोड़ी गिरावट के साथ बंद हुए. बाजार की कुल वैल्यूएशन एक दिन में लगभग 2.4 लाख करोड़ रुपये घटकर 447.2 लाख करोड़ रुपये रह गई। **इन शेयरों में आई गिरावट–** सेंसेक्स पैक के शेयरों में सबसे अधिक गिरावट अडानी पोर्ट्स, आईटीसी, एसबीआई, इंडसइंड बैंक, एचडीएफसी बैंक और टाइटन में दर्ज हुई। इसके अलावा, कोटक बैंक, रिलायंस, अल्ट्राटेक सीमेंट, पावरग्रिड, बजाज फिनसर्व, जोमैटो, एचयूएल, आईसीआईसीआई बैंक, एक्सिस बैंक, लार्सन एंड टुब्रो, टाटा स्टील, टाटा मोटर्स, महिंद्रा एंड महिंद्रा, एनटीपीसी, बजाज फाइनेंस, इन्फोसिस, नेस्ले इंडिया, एचसीएल टेक, एशियन पेंट और भारतीय एयरटेल का शेयर लाल निशान पर बंद हुआ। इससे इतर टेक महिंद्रा, टीसीएस, मारुति और समफार्मा का शयर हरे निशान पर बंद हुआ।

### शिपिंग कंपनियों के शेयरों में उछाल

इजरायल ने शुक्रवार की सुबह देश के परमाणु ढांचे को निशाना बनाते हुए ईरान की राजधानी पर हवाई हमले कर दिए. इजरायल ने 200 फाइटर जेट से ईरान के 4 न्यूक्लियर और 2 सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया. इस खबर के बाद ही शिपिंग कंपनियों के शेयरों में उछाल देखने को मिला. बाल्टिक ड्राई इंडेक्स भी पिछले एक महीने में लगभग 50 चढ़ा है. अकेले जून में इसमें 34 परसेंट का उछाल आया है। बीडीआई समुद्र के रास्ते कच्चे माल को ले जाने की कीमत का एक बेंचमार्क है.

## एलआईसी ने किया एयर इंडिया हादसे के पीड़ित परिवारों के लिए बीमा नियमों में छूट का ऐलान




***नई दिल्ली।*** *भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) ने शुक्रवार को कहा कि उसने एयर इंडिया विमान दुर्घटना पीड़ितों के लिए दावा निपटान प्रक्रिया में ढील दी है और इस प्रक्रिया को तेज भी किया है। निगम ने कहा कि वह विमान दुर्घटना में प्रभावित लोगों की सहायता करने के लिए प्रतिबद्ध है और पीड़ितों के लिए दावा निपटान में तेजी लाएगा।*

बीमा कंपनी ने एक बयान में कहा, एलआईसी ने पॉलिसियों के दावेदारों की कठिनाइयों को कम करने के लिए कई रियायतों की घोषणा की है। मृत्यु प्रमाण पत्र के बदले, विमान दुर्घटना के कारण पॉलिसीधारक की मृत्यु के सरकारी रिकॉर्ड में कोई भी सबूत या केंद्र/राज्य सरकार/एयरलाइन अधिकारियों द्वारा भुगतान किया गया कोई भी मुआवजा मृत्यु के प्रमाण के रूप में स्वीकार किया जाएगा। एलआईसी ने कहा,यह सुनिश्चित करने के लिए सभी प्रयास किए जाएंगे कि दावेदारों तक पहुंचा जाए और प्रभावित परिवारों के दावों का शीघ्र निपटान किया जाए। आगे की सहायता के लिए, दावेदार एलआईसी की निकटतम शाखा से संपर्क कर सकते हैं।

बयान में कहा गया कि दावेदार एलआईसी के कॉल सेंटर 022-68276827 पर भी कॉल कर सकते हैं। इस बीच, बजाज आलियांज लाइफ इंश्योरेंस ने यह भी कहा कि उसने इस त्रासदी के कारण प्रभावित अपने ग्राहकों के लिए मृत्यु और विकलांगता दावों के निपटान को प्राथमिकता देने के लिए एक विशेष दावा निपटान डेस्क बनाई है। बजाज आलियांज लाइफ इंश्योरेंस ने एक बयान में कहा कि इन पॉलिसी दावों को तेजी से निपटाने के लिए एक त्वरित प्रक्रिया स्थापित की गई है। प्रक्रिया को सरल बनाने के लिए, बजाज आलियांज ने एक न्यूनतम दस्तावेज प्रक्रिया बनाई है।

### मुद्रा बाजार

**रुपया के मुकाबले अन्य मुद्राएं**

| मुद्रा | रुपया |
|---|---|
| एक अमेरिकी डॉलर | 86. 08 |
| एक यूरो | 98. 94 |
| एक ब्रिटिश पाउंड | 116. 32 |
| एक आस्ट्रेलियन डॉलर | 55. 95 |
| एक जापानी येन | 0. 59 |

**परफेक्ट हैचरीज एंड पोल्ट्री प्रोडेक्ट इंडिया प्रा. लि.**
864 मारुति शोरूम के सामने
फोन- 2412223,9329428085
जिंदा बायलर्स बड़ा- फार्म रेट 82 प्रति कि.
जिंदा बायलर्स मीडियम- फार्म रेट 96 प्रति कि.
जिंदा बायलर्स छोटा- फार्म रेट-102 नेट प्रति किलो
जिंदा मुर्गी लेयर कल्स -74 नेट प्रति किलो
जिंदा काकरेल-मुर्गा- 160 रु. प्रति किलो
(जिंदा थोक फार्म रेट)

### सराफा बाजार

**दुल्हन श्री आभूषण**
कमानिया गेट, सराफा बाजार-
मो. 9425860998,9826307100
सोना बुलियन ( प्रति 10 ग्राम ) फाइन भाव- 99050 चांदी -110000

**सोहन लाल एण्ड संस**
रसल चौक फोन- 9425156095
सोना बुलियन ( प्रति 10 ग्राम ) फाइन भाव- 99050 चांदी -110000

### दाल- चावल भाव

**महावर ट्रेडिंग कंपनी, गांधीगंज**
फोन- 4067270, 9826035338

**प्रति क्विंटल-** राहर दाल एवरेज 8000-9000, मीडियम बोल्ड 10000-11500, फाइन 115000-12000, एकस्ट्रा बोल्ड 13000-13500, चना दाल एवरेज 7200-7300 चना दाल मार्का 7500-7700, मसूर दाल एवरेज 7500-7600, मसूर दाल फाइन 8000-8200, उड़द छिलका9000-9200, फाइन 9200-9500, उड़द धुली 10500-11000, फाइन 11000-12000, मूंग दाल छिलका 9000-9500, मूंग दाल फाइन 9500-10000, मूंगदाल धुली 9800- 10500, फाइन 10500-11000। चावल - पुराना चावल सरना चालू 3400-3600, बेस्ट 3600-3800, बीपीटी चालू 4200-4500,फाइन 4500-4800,एचएमटी-5200-5500 फाइन-5800-6000 दुबराज भाटापारा 5200-5300, जेजेएल चालू 5600-5800, फाइन 6000-6300, बासमती कनकी चालू 3200-3600, बासमती कनकी मीडियम 4000-4200, बेस्ट 4400-4500, मोगरा- 4300-5200, दुबार- 5200-5800, तिबार- 6500-6800, बासमती 8500-1000, बेस्ट 10000-11000 पोहा- 4500-4600, फाइन 4600-4800, मुरमुरा- 5800-6000, फाइन- 7000-8000 रु.।

### लोहा भाव

**अग्रवाल आयरन ट्रेडर्स**
शास्त्री-ब्रिज 4004070, 2402070

भाव प्रति क्विं.- 6 एम एम 6400, 8 एम एम 5980, 10 एम एम 5860,12 एम एम, 5800 एवं 16 एम 5800 रु.। तार- 75 रु. किलो।

## सरकारी बैंकों के प्रमुखों से मिलेंगी वित्त मंत्री

***नई दिल्ली।*** *वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण इस महीने 27 जून को सरकारी बैंकों के प्रमुखों के साथ मीटिंग करेंगी। इस मुलाकात में बैंकों के वित्तीय प्रदर्शन की समीक्षा और तमाम सरकारी योजनाओं के अमल सहित दूसरे कई मुद्दों पर चर्चा की जाएगी। पीटीआई की खबर के मुताबिक, वित्त मंत्री चालू वित्त वर्ष के लिए सरकारी बैंकों के लक्ष्यों की भी समीक्षा करेंगी। इसके अलावा, सूत्रों ने कहा कि मंत्री सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों से उत्पादक क्षेत्रों को अपना लोन बढ़ाने का आग्रह कर सकती हैं, ताकि विकास दर को बढ़ावा दिया जा सके। देश की विकास दर वित्त वर्ष 2025 में चार साल के निचले स्तर 6.5 प्रतिशत पर पहुंच गई है।*

**रेपो रेट में कटौती के बाद पहली रिव्यू मीटिंग–** खबर के मुताबिक, कुछ दिनों पहले ही भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा नीतिगत दरों में 50 आधार अंकों की कटौती करने और बैंकों के लिए नकद आरक्षित अनुपात (सीआरआर) में अप्रत्याशित रूप से कटौती



करने के बाद यह पहली रिव्यू मीटिंग होगी, ताकि अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने के लिए उधार देने के लिए अधिक धन उपलब्ध हो सके। गवर्नर संजय मल्होत्रा की अध्यक्षता वाली और तीन बाहरी सदस्यों वाली आरबीआई की छह सदस्यीय मौद्रिक नीति समिति ने बेंचमार्क रेपो दर को 50 आधार अंकों से घटाकर 5. 5 प्रतिशत करने के लिए पांच से एक मत से मतदान किया। इसने नकद आरक्षित अनुपात को भी 1 प्रतिशत से घटाकर 3 प्रतिशत कर दिया, जिससे बैंकिंग प्रणाली में पहले से ही सरप्लस लिक्विडिटी में 2. 5 लाख करोड़ रुपये की वृद्धि होगी।

**इन सरकारी योजनाओं की हो सकती है समीक्षा–** बैंक प्रमुखों के साथ इस मीटिंग के दौरान किसान क्रेडिट कार्ड, पीएम मुद्रा और तीन सामाजिक सुरक्षा (जन सुरक्षा) योजनाओं - प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना (पीएमजेजेबीवाई), प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना (पीएमएसबीवाई) और अटल पेंशन योजना (एपीवाई) सहित विभिन्न क्षेत्रों और सरकारी योजनाओं की प्रगति की व्यापक समीक्षा पर चर्चा की जा सकती है।

आपको बता दें, सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों (पीएसबी) का संचयी लाभ मार्च 2025 को खत्म हुए वित्त वर्ष में 1.78 लाख करोड़ रुपये के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया, जो पिछले वर्ष के मुकाबले 26 प्रतिशत की ग्रोथ दर्ज करता है।

## आठ महीने की गिरावट के बाद रोजगार सृजन 8.9 प्रतिशत बढ़ा




***नई दिल्ली।*** *भारत में रोजगार सृजन में लगातार आठ महीने की गिरावट के बाद मई में 8.9 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। हालांकि, सालाना आधार पर इसमें 1.8 प्रतिशत की मामूली गिरावट दर्ज की गई।*

नौकरियों से जुड़ी वैश्विक स्तर पर वेबसाइट इनडीड की रिपोर्ट के अनुसार, गिरावट के बावजूद भारत में रोजगार सृजन कोविड-19 वैश्विक महामारी के पहले के मुकाबले करीब 80 प्रतिशत अधिक रहा। यह अन्य प्रमुख बाजारों की तुलना में अधिक है। इनडीड के एशिया प्रशांत क्षेत्र के वरिष्ठ अर्थशास्त्री कैलम पिकरिंग ने कहा, ''भारत में रोजगार सृजन अन्य देशों की तुलना में तेजी से बढ़ रहा है, क्योंकि देश अधिक औपचारिक आर्थिक व्यवस्था बनने की ओर बढ़ रहा है। उन्होंने कहा, ''जैसे-जैसे देश में बदलाव आएगा, औपचारिक क्षेत्र में रोजगार सृजन देश भर में समग्र रोजगार वृद्धि की तुलना में कहीं अधिक मजबूत होगा और हमने हाल के वर्षों में लगातार ऐसा देखा है। अन्य अर्थव्यवस्थाएं इस तरह के बदलाव से नहीं गुजर रही हैं। इनडीड की यह रिपोर्ट वैश्विक नौकरी वेबसाइट के मंच पर मई तक 2020 (वैश्विक महामारी अवधि), 2024 और 2025 के आंकड़ों के विश्लेषण पर आधारित है।

## विदेशी मुद्रा भंडार 5.17 अरब डॉलर बढ़ा

***मुंबई।*** *भारत का विदेशी मुद्रा भंडार छह जून को समाप्त सप्ताह में 5.17 अरब डॉलर बढ़कर 696.65 अरब डॉलर हो गया। भारतीय रिजर्व बैंक ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।*

इससे पहले 30 मई को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार 1.24 अरब डॉलर घटकर 691.48 अरब डॉलर रहा था। विदेशी मुद्रा भंडार सितंबर 2024 के अंत में 704.88 अरब डॉलर के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया था। आंकड़ों के मुताबिक, छह जून को समाप्त सप्ताह में



विदेशी मुद्रा भंडार का प्रमुख हिस्सा विदेशी मुद्रा आस्तियां 3.47 अरब डॉलर बढ़कर 587.68 अरब डॉलर हो गईं। डॉलर के संदर्भ में उल्लेखित विदेशी मुद्रा आस्तियों में विदेशी मुद्रा भंडार में रखे गए यूरो, पाउंड और येन जैसी गैर-अमेरिकी मुद्राओं की घट-बढ़ का प्रभाव शामिल होता है।

## रेयर अर्थ संकट के बीच भारत का बड़ा प्लान – जापान से 13 साल पुराना करार तोड़ने की तैयारी में सरकार

***नई दिल्ली।*** *भारत ने अपनी रेयर अर्थ मेटल्स को घरेलू जरूरतों के लिए बचाने का बड़ा फैसला लिया है। सरकार ने स्टेट-रन कंपनी इंडियन रेयर अर्थ्स लिमिटेड से जापान के साथ 13 साल पुराने निर्यात समझौते को रोकने के लिए कहा है।*

इस फैसले से जुड़े दो खबरों के मुताबिक इसका मकसद चीन पर निर्भरता कम करना और देश में रेयर अर्थ प्रोसेसिंग की क्षमता बढ़ाना है। चीन ने अप्रैल 2025 से रेयर अर्थ के निर्यात पर पाबंदी लगाई है, जिससे दुनिया



भर के ऑटोमोबाइल और हाई-टेक इंडस्ट्री की सप्लाई चेन की दिक्कतें बढ़ गई हैं। कॉमर्स मिनिस्टर पीयूष गोयल ने हाल ही में ऑटो और दूसरे इंडस्ट्री के अधिकारियों के साथ मीटिंग में आईआरईएल को रेयर अर्थ, खासकर नियोडिमियम, का निर्यात रोकने को कहा। नियोडिमियम इलेक्ट्रिक वाहनों के मोटर में इस्तेमाल होने वाले मैग्नेट का अहम हिस्सा है। 2012 के एक सरकारी समझौते के तहत,आईआरईएल जापान की कंपनी टोयोट्सु रेयर अर्थ्स इंडिया को रेयर अर्थ सप्लाई करता है, जो इसे प्रोसेस करके जापान भेजती है। 2024 में टोयोट्सु ने 1,000 मीट्रिक टन से ज्यादा रेयर अर्थ जापान भेजा।

देशबन्धु
ग्राहक सेवा



रेमण्ड से ट्रेनिंग प्राप्त फ्यूजिंग सूट, ट्राउजर शर्ट स्पेशलिस्ट
**टेलर्स वारिस**
शॉप नं. 3 आनंद टॉकीज शॉपिंग काम्पलेक्स, जबलपुर फोन: 2405596
मो.- 9424392281, 9425152707
देग्रासे सी 30/7/2022

**100 प्रतिशत गारन्टेड इलाज**
क्या आपको गुप्त रोग है। अंडकोष, बवासीर, सेक्स से संबंधित रोगों के स्थायी इलाज के लिए मिलें
बिना ऑपरेशन
**डॉ. विश्वास**
राइट टाउन, प्रेम मंदिर, होटल पंकज पेलेश के पीछे
मो: 9827042596

**प्लॉट उपलब्ध हैं**
न्यू भेड़ाघाट के निकट प्रस्तावित रिंग रोड के पास फार्म हाउस हेतु लगभग 6000, 12000, 18000+ वर्गफुट के प्लॉट @ रु. 350 प्रति वर्गफुट उपलब्ध हैं. संपर्क करें - अनिल यादव, ग्राम सकरी
संपर्क: 6264760614
देवेन्द्र : 9993737969

नोट- पाठकों को सूचना दी जाती है कि किसी भी विज्ञापन पर कार्यवाही जैसे पैसा भेजना, कोई खर्च करना या प्रकाशित विज्ञापन के विश्वास पर किसी प्रकार संबंध बनाना आदि करने से पूर्व आवश्यक/संपूर्ण जानकारी कर लेवें। देशबन्धु यह भी घोषित करता है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित होने वाले किसी भी राजनैतिक, सामाजिक अथवा अन्य प्रकार के विज्ञापनों से देशबन्धु का कोई सरोकार नहीं है। अतः विज्ञापनदाता द्वारा जारी किये गये किसी भी प्रकार के दावे/ प्रस्तुतिकरण के लिये जिम्मेदार नहीं हैं।

प्रकाशक-गिरिराज चाचा, मुद्रक-मोहन सुरजन द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा. लिमि. के लिये देशबन्धु काम्पलेक्स नौदराब्रिज जबलपुर से प्रकाशित एवं श्रीजी प्रिंटर्स से मुद्रित, सम्पादक-अशोक मिश्रा, * ( * पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिये जिम्मेदार)
फोन संपादकीय-4006577 व्यवस्था - 4085031, 4085679, 2626244 आर.एन.आई. पंजी. क्रमांक 38276/71 डाक पंजीयन क्रमांक-एसएसपी जबलपुर /04/2020-2022 E mail- Jabdesh1@yahoo.com

## गाडरवारा में हृदय विदारक हादसा

# मैरिज गार्डन में करंट लगने से 3 मजदूरों की मौत, 3 घायल





हादसे के दौरान मौके पर मृतक मजदूरों के शव और इनके परिजन शोकाकुल माहौल में

**गाडरवारा, देशबन्धु।** जमाड़ा मार्ग पर स्थित श्री पैलेस मैरिज गार्डन में शुक्रवार की सुबह 10.30 बजे विद्युत करंट लगने से तीन मजदूरों की घटना स्थल पर ही मौत हो गई, वहीं तीन अन्य घायल हो गए। इस घटना से पूरे क्षेत्र में अफरा तफरी मच गई। बताया जाता है कि मैरिज गार्डन के गेट पर मजदूर 20 फीट ऊंची लोहे की चके वाली नसेनी लेकर धकेलते हुए ले जा रहे थे, जो 11 केवी के तार से टकरा गई, जिससे मजदूर करंट की चपेट में आ गए और तीन की मौत हो गई, वहीं तीन घायल हो गए।

सूचना मिलते ही तत्काल पुलिस प्रशासन घटनास्थल पहुंचा और घायलों को उपचार के लिए चिकित्सालय पहुंचाया, वहीं मृतकों को शव वाहन से शव परीक्षण के लिए भेजा गया। एक को गंभीर अवस्था में जिला चिकित्सालय रेफर किया गया है। बाकी घायलों का उपचार गाडरवारा अस्पताल में चल रहा है।

**सुबह हुई घटना-** जानकारी के मुताबिक स्थानीय श्री पैलेस गार्डन में शुक्रवार की सुबह करीब 10.30 बजे उक्त मजदूर शादी समारोह के लिए झूला लगा रहे थे, तभी झूला का ऊपरी हिस्सा हाईवोल्टेज लाइन से छू गया। इस घटना की खबर लगते ही नगर में सनसनी फैल गई ओर चिकित्सालय परिसर में भारी भीड़ एकत्रित हो गई। इस घटना में घायलों व मृतकों के परिजन भी अस्पताल पहुंच गए और उन्होंने घटना पर काफी हंगामा किया।

इस दर्दनाक हादसे में राजकुमार साहू पिता सुदामा साहू उम्र 32 वर्ष निवासी गाडरवारा, पूरन जाटव पिता डालचंद जाटव उम्र 34 वर्ष निवासी गाडरवारा, पीयूष पिता मोहन नायक उम्र 18 वर्ष निवासी इंदौर की करंट लगने से घटना स्थल पर ही मौत हो गई। घायलों में आशाराम पिता बद्री प्रसाद उम्र 60 वर्ष कामती, आशीष पिता चंद्रभान कौरव उम्र 24 वर्ष निवासी चांदनखेड़ा का उपचार गाडरवारा में चल रहा है, वहीं संतोष पिता नारायण पाली को गंभीर अवस्था में जिला चिकित्सालय रेफर किया गया है। शव परीक्षण के उपरांत परिजनो को सौंप दिए गए हैं। विद्युत करंट की घटना पर पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है।

### परिजन बोले, बेटा काम पर गया था

मृतक राजकुमार साहू के पिता सुदामा प्रसाद साहू ने बताया कि बेटा श्री पैलेस में काम पर गया था। ठेकेदार ने मजदूरों को सीढ़ी लगाने के लिए कहा था। बेटे समेत बाकी मजदूर सीढ़ी उठाकर ले जा रहे थे, तभी ऊपर से गुजरे बिजली के तार से सीढ़ी टकरा गई। हादसे के बाद सब तरफ शोक व्याप्त है

### मुख्यमंत्री ने जताया दुख

मुख्यमंत्री ने एक्स पर आर्थिक मदद की घोषणा की है। वो लिखते हैं कि गाडरवारा में एक गार्डन में करंट लगने से तीन श्रमिकों की मौत और 3 श्रमिकों के घायल होने का समाचार अत्यंत दुखद है। मेरी संवेदनाएं पीड़ित परिवारों के साथ हैं। मृत श्रमिकों के निकटतम वैध वारिसों को 2-2 लाख रुपए और घायलों को 50-50 हजार रुपये की सहायता राशि प्रदान करने के निर्देश दिए हैं।

### मृतकों के परिजनों को दिए 6-6 लाख रुपए के चेक

मृतकों और घायलों के परिजनों को मैरिज गार्डन संचालक से उचित मुआवजा दिलाने के लिए बाबूलाल जाटव एवं पवन पटेल ने चिकित्सालय परिसर में अधिकारियों की मौजूदगी में मांग रखी। इसको लेकर काफी देर हंगामा होता रहा, तब कही जाकर श्री पैलेस गार्डन के संचालक ने मृतकों के परिजनों को 6-6 लाख रुपए के चेक दिए, वहीं घायलों का समुचित इलाज कराने की जबाबदारी लेते हुए अंत्येष्टि के लिए 5-5 हजार रुपये की राशि नकद प्रदान की।

## मौसम विभाग का एलर्ट

# प्रदेश के दक्षिणी इलाकों में 15-16 जून को बारिश का पूर्वानुमान

**जबलपुर, देशबन्धु।** प्रदेश में 15 और 16 जून को भारी बारिश का अलर्ट है। दक्षिणी हिस्से के पांढुर्णा, छिंदवाड़ा, बालाघाट, मंडला, डिंडौरी, अनूपपुर, खंडवा में 24 घंटे में ढाई से 4.5 इंच तक बारिश हो सकती है। इसी दौरान मानसून भी प्रदेश में प्रवेश करने की उम्मीद है। हालांकि, इससे पहले शुक्रवार को उज्जैन, सागर, ग्वालियर-चंबल संभाग के 12 जिलों में लू का अलर्ट है। इस बीच शुक्रवार को जबलपुर में अधिकतम तापमान 40.8 जो सामान्य से 1 डिग्री ज्यादा एवं न्यूनतम तापमान 28.8 जो सामान्य से 2 डिग्री सेल्सियस अधिक रहा। अभी उत्तर पूर्व वाली हवाएं पांच से छ किलोमीटर प्रतिघंटे की गति से चल रही हैं।

पिछले 15 दिन से मानसून महाराष्ट्र-छत्तीसगढ़ में एक ही जगह पर ठहरा है। इस वजह से प्रदेश में इसकी एंट्री नहीं हो पाई है। हालांकि, अब मानसून के सक्रिय होने की हल चल तेज हुई है। ऐसे में मौसम विभाग ने 14-15 जून को मध्य और पूर्वी भारत के हिस्सों में दक्षिण-पश्चिम मानसून के एंटर होने की संभावना जताई है। मानसून के प्रवेश की सामान्य तारीख 15 जून ही है। पिछले साल यह 21 जून को एंटर हुआ था। दूसरी ओर, मौसम विभाग ने अगले 4 दिन का अनुमान भी जारी किया है। जिसमें शुक्रवार को ग्वालियर, श्योपुर, भिंड, मुरैना, दतिया, शिवपुरी, निवाड़ी, टीकमगढ़, छतरपुर, नीमच, मंदसौर, आगर-मालवा, गुना और अशोकनगर में लू का अलर्ट है। भोपाल, उज्जैन, झाबुआ, अलीराजपुर, धार, बड़वानी, खरगोन, हरदा, खंडवा, बुरहानपुर, बैतूल, नरसिंहपुर, छिंदवाड़ा, पांढुर्णा, सिवनी, मंडला और बालाघाट में गरज-चमक, आंधी और बारिश होने की संभावना है।

14 जून को प्रदेश के आधे से ज्यादा हिस्से में गरज-चमक और बारिश के आसार है। वहीं, 15 और 16 जून को दक्षिणी हिस्से में भारी बारिश की संभावना जताई गई है। मानसून इन्हीं दो दिन के अंदर प्रवेश करेगा।

दिन में तेज गर्मी, रात में आंधी-बारिश- पिछले 2 दिन से प्रदेश में मौसम फिर से बदला है। दिन में भीषण गर्मी का असर है, जबकि रात में तेज आंधी के साथ बारिश हो रही है। गुरुवार को इंदौर में शाम को तेज बारिश शुरू हो गई।

वहीं, बुरहानपुर, बैतूल, रतलाम, उज्जैन, धार, विदिशा, सागर, रायसेन, हरदा, नर्मदापुरम, शाजापुर, राजगढ़, गुना, ग्वालियर, भोपाल, आगर-मालवा, देवास, सीहोर और खंडवा में भी मौसम बदला। इंदौर में तेज आंधी के साथ बारिश हुई। ग्वालियर, मुरैना, धार समेत कई जिलों में भी बारिश वाला मौसम रहा।

# बिजली चोरी रोकने गई टीम से की मारपीट

**पन्ना, देशबन्धु।** पन्ना जिला मुख्यालय में विद्युत चोरी की घटनाएं लगातार हो रही है। विद्युत चोर सरेआम सीधी लाइन से कटिया फंसा कर विद्युत की चोरी कर रहे हैं तथा उन्हें रोकने पर विभाग के अधिकारी कर्मचारियों पर हमला भी कर देते हैं।

इसी प्रकार का मामला प्रकाश में आया है कोतवाली चौराहे पर रहने वाले सोहेल खान तथा शोएब खान द्वारा बिजली की चोरी की जा रही थी जिसकी जानकारी विद्युत विभाग के कर्मचारियों को लगी तो कर्मचारियों ने जाकर उनकी विद्युत चोरी रोकने के लिए खंभे से तार अलग कर दिए जिसको लेकर शोएब खान तथा सोहेल खान पिता जम्मू खान द्वारा सरेआम मारपीट की गई जिसमें कर्मचारी भारत गुप्ता शिवराज यादव घायल हो गए।

उनके द्वारा सूचना देने पर कनिष्ठ यंत्री राहुल बिरला भी संबंधित स्थान पर पहुंच गए। उनके साथ भी संबंधित द्वारा अभद्रता की गई। उक्त घटना को लेकर विद्युत कर्मचारियों ने कोतवाली पहुंचकर मामला दर्ज करने के लिए आवेदन दिया।

# पेंचवेली एक्सप्रेस अब सिवनी से बढ़ाकर नैनपुर तक विस्तारित

### छिंदवाड़ा, आमला, भोपाल, इटारसी होकर इंदौर जायेगी

**मंडला, देशबन्धु।** रेल मंत्रालय और रेलवे बोर्ड ने इंदौर से सिवनी तक चलने वाली पेंचवेली एक्सप्रेस (19343/19344) का विस्तार अब नैनपुर तक कर दिया है। अब यह ट्रेन इंदौर से नैनपुर तक सीधी सेवा देगी और सिवनी, छिंदवाड़ा, आमला, इटारसी और भोपाल जैसे प्रमुख स्टेशनों से होकर गुजरेगी।

इस फैसले से मंडला जिले और आसपास के क्षेत्रों के लोगों को इंदौर और भोपाल जैसे बड़े शहरों तक यात्रा करना और भी आसान हो जाएगा। टाइम टेबल के अनुसार, यह ट्रेन दोपहर 1:05 बजे इंदौर से रवाना होकर अगली सुबह 6:30 बजे नैनपुर पहुंचेगी। वापसी में ट्रेन शाम 7 बजे नैनपुर से चलेगी और अगले दिन दोपहर 12:45 बजे इंदौर पहुंचेगी.

मंडला फोर्ट तक बढ़ाने की मांग-छात्र, नौकरीपेशा और व्यापारी वर्ग लंबे समय से इस ट्रेन के विस्तार की मांग कर रहे थे। अब जब ट्रेन नैनपुर तक पहुंच गई है, तो लोग इसे मंडला फोर्ट तक बढ़ाने की मांग कर रहे हैं।




# जबलपुर-कोयंबटूर- स्पेशल ट्रेन की समय सारिणी परिवर्तित

**जबलपुर, देशबन्धु।** रेल प्रशासन द्वारा यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए पश्चिम मध्य रेल से प्रारम्भ/टर्मिनेट होने वाली गाड़ी संख्या 02198/02197 जबलपुर-कोयंबटूर-जबलपुर साप्ताहिक सुपरफास्ट स्पेशल ट्रेन का 19-19 ट्रिप के लिए मानसून के दौरान कोंकण रेलवे के क्षेत्राधिकार में आने वाले स्टेशनों के समय सारिणी में आंशिक परिवर्तन किया गया है। इस परिवर्तित मानसून समय सारिणी का संचालन दिनांक 13 जून 2025 से प्रत्येक शुक्रवार को जबलपुर से तथा 16 जून 2025 से प्रत्येक सोमवार को कोयंबटूर से किया जायेगा।

मानसून के दौरान यह स्पेशल ट्रेन दोनों दिशाओं में जबलपुर, नरसिंहपुर, गाडरवारा, पिपरिया, इटारसी, हरदा, खण्डवा, भुसावल, नासिक रोड, पनवेल एवं रोहा स्टेशनों की समय सारिणी यथावत रहेगी यानि कोई बदलाव नहीं रहेगा, लेकिन कोंकण रेलवे के क्षेत्राधिकार में आने वाले दोनों दिशाओं के खेड़, चिपलुन, रत्नागिरी, कणकवली, कुडाल, थीवम, मडगाव, कारवार, कुमटा, मूकाम्बिका रोड, कुन्दापुरा, उडुपी, मुल्की, मंगलुरु, कासरगोड, कन्नूर, वडकरा, कोजीकोड, तिरूर, शोरनूर जंक्शन, पालक्काड जंक्शन एवं कोयंबटूर रेलवे स्टेशनों के समय सारिणी में आंशिक परिवर्तन किया गया है।

जबलपुर आई केयर
डॉ. पूजा मिश्रा
(एम.बी.बी.एस., एम.एस., नेत्र सर्जन)
प्रत्येक शुक्रवार नि:शुल्क नेत्र परीक्षण
समय-सुबह 11 से 2 बजे तक
पता- खुशी प्लाजा कॉम्पलेक्स, भंवरताल गार्डन, जबलपुर
रजिस्ट्रेशन हेतु संपर्क करें- 9009101571, 0761-4003010, 8103157419

J.B.F.A
जबलपुर ब्रॉयलर फार्मस् एसोसियेशन
मुर्गा छोटा - रु. 102
मुर्गा मीडियम - रु. 96
मुर्गा बड़ा - रु. 82
मुर्गा जम्बो - रु. 82
मो.-9039925000, 9425800409

NH नेशनल हॉस्पिटल
स्थान- 703, गोलबाजार, जबलपुर
फोन नं.: 0761- 2412612, 2414612
C.G.H.S., C.S.M.A., E.S.I.C. एवं आयुष्मान द्वारा मान्यता प्राप्त
सुपर स्पेशिलिटी विभाग
● हृदय रोग (एंजियोग्रॉफी, एंजियोप्लॉस्टी, पेसमेकर) ● न्यूरोलॉजी एवं न्यूरोसर्जरी (लकवा, मिर्गी, मूवमेन्ट डिसआर्डर, स्पाईन सर्जरी, हेड इन्जरी, ब्रेन ट्यूमर) ● यूरोलॉजी (मूत्र के सभी रोगों का इलाज एवं ऑपरेशन, प्रोस्टेड के ऑपरेशन लेजर द्वारा किडनी की पथरी के ऑपरेशन) ● शल्य चिकित्सा (हर्निया, अपेन्डिक्स, पाईल्स, फिस्टुला व आंतों में छेद एवं पेट के सभी ऑपरेशन) ● हड्डी रोग (हिप एवं नी रिप्लेशमेन्ट) ● छाती रोग ● नेफ्रोलॉजी (डायलिसिस) ● स्त्री रोग (हाई रिस्क प्रेगनेन्सी) ● नेत्र रोग ● शिशु रोग
28 वर्षो से जहर, सर्पदंश, डेंगू, एक्सीडेंट, ट्रामा एवं अन्य एम.एल.सी. के मरीजों में सर्वाधिक जीवन रक्षा का कीर्तिमान

सोनू पोल्ट्री
बड़ा ब्रॉयलर - रु. 78
मीडियम ब्रॉयलर - रु. 90
छोटा ब्रॉयलर - रु. 98
मो.- 9039925999

